राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 26
लखनऊ, मंगलवार 24 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया प्रकाश पर्व 10

धरातल पर दिखे टेक्सटाइल पॉलिसी का लाभ : राकेश सचान 03

संक्षिप्त समाचार

24-25 नवंबर को ओडिशा के दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मु

एजेंसी, नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 24 और 25 नवंबर को ओडिशा के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह कटक में बाली जात्रा महोत्सव और भुवनेश्वर में होम्योपैथी पर आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में शामिल होंगी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति 24 नवंबर को कटक में आयोजित बाली जात्रा महोत्सव-2026 में शामिल होंगी। वहीं, 25 नवंबर को वह भुवनेश्वर में होम्योपैथी पर आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में शिरकत करेंगी।

रिजिजू ने किया बीबी हलीमा नर्सिंग कॉलेज का उद्घाटन

एजेंसी, श्रीनगर। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने सोमवार को श्रीनगर के काठिदरवाजा में बीबी हलीमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी का उद्घाटन किया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की पहलों की सराहना करते हुए उसके कार्य को देश के सभी वक्फ बोर्डों में सर्वश्रेष्ठ बताया। रिजिजू आज दिन में श्रीनगर हवाई अड्डे पर पहुंचे और जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. दरख्शान अंद्राबी ने स्वागत किया। कॉलेज के बुनियादी ढांचे का उद्घाटन करने के बाद केंद्रीय मंत्री ने अंद्राबी और उनकी टीम को बधाई दी और उन्हें केंद्र के समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड ने बहुत काम किया है। मुझे इनमें से कुछ पहलों का उद्घाटन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग कॉलेज की व्यवस्था, सुविधाएं, कमरे और समग्र व्यवस्था से जम्मू और कश्मीर के लोगों को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

भारतीय रेलवे ने इस साल चलाईं 18 हजार अतिरिक्त ट्रेनें: वैष्णव

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने इस साल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व के अवसर पर 18 हजार से अधिक अतिरिक्त ट्रेनें चलाईं जिनसे 20 करोड़ से अधिक यात्री पहले की तुलना में अधिक आराम से अपने गंतव्य पहुंच पाए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा में भारतीय रेलवे की नई उपलब्धियों और यात्री की सुविधा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस वर्ष यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि इस साल रेलवे ने 18 हजार से अधिक अतिरिक्त ट्रेन सेवाएं संचालित कीं, जिनके माध्यम से करीब 20 करोड़ अतिरिक्त यात्रियों ने सफर किया। रेल मंत्री ने बताया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने विशेष इंतजाम किए।

मोदी कहीं नहीं जाएंगे नितिन नवीन

एजेंसी, हैदराबाद। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि वह कहीं जाने वाले नहीं हैं। वर्ष 2029 में भी वह लाल किले की प्राचीर पर नजर आएंगे। नितिन नवीन ने सोमवार को तेलंगाना के करीमनगर में पार्टी द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' महापदयात्रा में भाग लिया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने सेवक की अवधारणा को कभी नहीं समझा। नितिन नवीन ने तेलंगाना में भाजपा की राजनीतिक संभावनाओं को लेकर भी विश्वास जताया।

दर्शन को मथुरा आ रहे चार श्रद्धालुओं की मौत

मथुरा,समृद्धि न्यूज। मध्य प्रदेश से दर्शन के लिये मथुरा आ रहे श्रद्धालुओं की कार



दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-19) पर खड़े एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में दो महिलाओं और दो मासूम बच्चों समेत कुल चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएम ने घटना में हुई जनहानि पर शोक संवेदना प्रकट की है। साथ ही घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के निर्देश अफसरों को दिए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया मध्य प्रदेश के भिंड जिले से एक ही परिवार के नौ सदस्य स्विफ्ट कार में सवार होकर वृंदावन दर्शन के लिए आ रहे थे। मथुरा जिले के थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत छटीकरा पुल और राम धर्म कांटा के पास हाईवे पर तेज रफ्तार होने के कारण चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख सका।

भारत नेपाल को देगा 24 हजार करोड़ की सहायता

प्रधानमंत्री मोदी बोले, 'विकसित भारत और समुन्नत नेपाल' के अपने-अपने संकल्पों को पूरा करने का है ब्लू-प्रिंट

एजेंसी,नई दिल्ली।

भारत बाढ़ से प्रभावित नेपाल को दीर्घकालिक विकास के लिए 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये की विकास सहायता पैकेज देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के बीच गुरुवार को वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने सरयू-कमला एक्सप्रेस रेल सेवा को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन अयोध्या से जनकपुर (नेपाल) जाएगी। दोनों देशों ने साझा भविष्य को नई दिशा देने के लिए एक संयुक्त विजन डॉक्यूमेंट भी जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह 'विकसित भारत और समुन्नत नेपाल' के अपने-अपने संकल्पों को पूरा करने का ब्लू-प्रिंट है।



इसके अलावा बनबासा में नए (भारत) और दार्चुला (नेपाल) के बीच नए सीमा पार मोटर योग्य पुल का उद्घाटन किया गया। लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना (669 मेगावाट) की आधारशिला रखी। धारचूला आईसीपी (इंट्राक्लोजर कंट्रोल) और भैरहवा, सुनाउली और दोधारा चांदनी में आईसीपी के निर्माण में प्रगति की आधारशिला रखी गई। धारचूला कार्यक्रम में मोतिहारी-अमलेखगंज पाइपलाइन (एमएपीएल) के द्वितीय चरण का लोकार्पण किया गया। दोनों देशों के बीच आज आठ समझौता पर भी सहमति बनी है। यह समझौते अपराध जांच, पुलिस प्रशिक्षण, नौकरशाहों के क्षमता निर्माण कार्यक्रम, आयुर्वेद और परंपरागत औषधि के क्षेत्र में सहयोग, दक्षिण एशिया उपग्रह के उपयोग हेतु उपग्रह संचार (सैटकॉम) नेटवर्क की स्थापना, सतत शहरी विकास से जुड़े तकनीकी सहयोग, स्वास्थ्य एवं दवा क्षेत्र में सहयोग और पशुधन और मत्स्य पालन विकास के क्षेत्र में सहयोग से जुड़े हैं।

मोदी ने नेपाल के पीएम को भेंट किया बनारसी रेशमी शॉल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के पीएम बालेन्द्र शाह को विशेष विदाई उपहार भेंट किया। दो दिवसीय राजकीय भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे प्रधानमंत्री शाह को मोदी ने वाराणसी की प्रसिद्ध बनारसी ब्रोकेड रेशमी शॉल उपहार स्वरूप दी। इस शॉल को पारंपरिक गुजरात में निर्मित संदूक वाले बॉक्स में सजाकर प्रधानमंत्री शाह को भेंट किया गया। इस दौरान मोदी और बालेन्द्र शाह ने पहले एकांत में बातचीत की। इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के आपसी संबंधों और सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

सुप्रीम कोर्ट बोला, प्रदूषण के लिए सिर्फ दिल्ली दोषी नहीं



नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली-एनसीआर में हर साल सर्दियों में होने वाले प्रदूषण के संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम चाहते हैं कि दिल्ली में सिर्फ बीएस 6 वाहन चलें। अगर एनसीआर में नहीं तो कम से कम दिल्ली में तो यही हो। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहन की बेंच वायु प्रदूषण पर मामले की सुनवाई कर रही थी। इस बार कोर्ट ने सिर्फ एक्यूआई पर चिंता नहीं जताई, बल्कि 5 साल का लॉन्ग-टर्म प्लान मांगा है। बीएस6 यानी भारत स्टेज 6 वाहन वे मोटर वाहन हैं, जो भारत में बनाए, बेचे और रजिस्टर किए जाते हैं।

अयोध्या धाम-जनकपुर धाम के बीच सरयू-कमला एक्सप्रेस शुरू

अयोध्या और मिथिला की विरासत को रेल संपर्क से मिलेगी मजबूतीः योगी

समृद्धि न्यूज,अयोध्या।

अयोध्या और मिथिला की सदियों पुरानी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पारिवारिक विरासत को आधुनिक रेल संपर्क के माध्यम से नई मजबूती मिलने जा रही है।

अयोध्या धाम और जनकपुर धाम के बीच शुरू की गई सरयू-कमला एक्सप्रेस भारत और नेपाल के ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊंचाई देने के साथ दोनों देशों के श्रद्धालुओं, व्यापारियों और आम नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाएगी। यह केवल दो धार्मिक नगरों को जोड़ने वाली रेल सेवा नहीं, बल्कि साझा विरासत, जनआस्था और आर्थिक संभावनाओं को एक साथ जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है।

यह बातें सोमवार को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर सरयू-कमला एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। उन्होंने ट्रेन के शुभारंभ को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरासत और विकास के दृष्टिकोण का उदाहरण बताया। इस कार्यक्रम में दिल्ली से प्रधानमंत्री मोदी, नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री ने वर्चुअली सरयू-कमला एक्सप्रेस को हरी झंडी



दिखाई। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मां सरयू की पावन धारा से सिंचित अयोध्या और मां कमला के जल से अभिसिंचित माता जानकी की भूमि जनकपुर का यह जुड़ाव दोनों देशों के हजारों वर्षों पुराने संबंधों को नया विस्तार देगा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक पहल से नेपाल के श्रद्धालु सीधे अयोध्या आकर रामलला के दर्शन कर सकेंगे, वहीं भारत के श्रद्धालुओं को जनकपुर धाम में माता जानकी के दर्शन की सुविधा मिलेगी। यह दोनों देशों की चिरस्थायी मित्रता और आपसी विश्वास को और सुदृढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल का संबंध केवल दो पड़ोसी देशों का राजनीतिक या भौगोलिक संबंध नहीं है, बल्कि यह हजारों वर्षों की साझा आस्था, आत्मीयता, संस्कृति और पारिवारिक रिश्तों से बना है। इसे राम-जानकी की परंपरा में रोटी-बेटी का रिश्ता कहा जाता है। महर्षि विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण का मिथिला जाना तथा विवाह के उपरांत महाराजा दशरथ की बारात का अयोध्या से जनकपुर पहुंचना आज भी दोनों क्षेत्रों की सांस्कृतिक



पशुपतिनाथ मंदिर-बाबा विश्वनाथ धाम के बीच है आध्यात्मिक जुड़ाव

मुख्यमंत्री योगी ने भारत-नेपाल के धार्मिक और आध्यात्मिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर और काशी के बाबा विश्वनाथ धाम के बीच सदियों से आध्यात्मिक जुड़ाव रहा है। उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु पीढ़ियों से मुक्तिनाथ और पशुपतिनाथ की यात्रा करते आ रहे हैं। मकर संक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर में नेपाल से भेजी गई खिचड़ी चढ़ाने की परंपरा तथा चैत्र नवरात्र में नेपाल से देवीपाटन शक्तिपीठ आने वाली श्रद्धालुओं की यात्रा दोनों देशों के बीच आस्था के इसी रिश्ते को प्रदर्शित करती है।

स्मृतियों में जीवंत है। विवाह पंचमी सहित विभिन्न पारंपरिक आयोजनों में इस प्रसंग को उत्सव के रूप में मनाया जाता है। अयोध्या के लोग आज भी जनकपुर को अपना ससुराल मानते हैं और मिथिला क्षेत्र में भगवान श्रीराम को पाहुन मानकर उनके प्रति विशेष आत्मीयता और सम्मान का भाव है।

योगी ने कहा कि जनकपुर के राम-जानकी विवाह मंडप में विवाह पंचमी का उत्सव मनाया जाता है तो अयोध्या में भी मंगल गीत गूंजते हैं। पिछले वर्ष विवाह पंचमी के अवसर पर ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा की स्थापना हुई थी। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के लंबे संघर्ष का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस यात्रा में नेपाल के संतों, युवाओं, माताओं-बहनों और सामान्य श्रद्धालुओं का त्याग एवं सहयोग सदैव स्मरणीय रहेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर माता जानकी के मायके जनकपुर धाम से सैकड़ों श्रद्धालु मंगल उपहार लेकर स्नेहपूर्वक अयोध्या पहुंचे थे।

प्रतिदिन हजारों लोग व्यापार, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पारिवारिक संबंधों के लिए दोनों देशों के बीच आवागमन करते हैं। सुख-दुख की हर घड़ी में भारत और नेपाल एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की नीति पड़ोसी प्रथम की भावना के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के सात जिले पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज नेपाल के साथ लगभग 600 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं।

सूखे से हुआ 62,481 करोड़ का नुकसान

एजेंसी, बेंगलुरु। कर्नाटक में गंभीर सूखे की स्थिति को देखते हुए राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने और राज्य की ओर से मांगी गई सूखा राहत राशि शीघ्र जारी करने का आग्रह किया है। इस संबंध में उन्होंने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को अलग-अलग पत्र लिखे हैं। उन्होंने किसानों की समस्याओं से अवगत कराने के लिए तीनों नेताओं से मुलाकात का समय भी मांगा है।

दो नवंबर को लिखे गए अपने पूर्व पत्रों का उल्लेख करते हुए जी. परमेश्वर ने कहा कि कर्नाटक हाल के वर्षों के सबसे गंभीर सूखे का सामना कर रहा है। राज्य के 226 तालुकों में सूखे की स्थिति है और 57.93 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलें बर्बाद हुई हैं। इससे कुल 62,481.88 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत 22,400.58 करोड़ रुपये की सहायता के लिए संशोधित समग्र ज्ञापन केंद्र को सौंपा है। उन्होंने पत्र में कहा कि इन आंकड़ों के पीछे लाखों किसान परिवारों का दर्द और संकट छिपा है। फसलें गंवाने वाले अनेक किसानों ने अपनी आय का मुख्य स्रोत खो दिया है और बचत भी खर्च कर दी है। उन्हें रोजमर्रा का खर्च चलाने, कृषि ऋण चुकाने और अगले फसल सीजन की बुवाई की तैयारी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

जर्जर मकानों और अतिक्रमण के खिलाफ हुई कार्रवाई

जनता क्वार्टर में 599 मकानों पर चला बुलडोजर



एजेंसी, भोपाल।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और इंदौर में सोमवार को जर्जर मकानों और अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की गई। भोपाल के ऐशबाग स्थित जनता क्वार्टर में 599 जर्जर ईडब्ल्यूएस आवासों को ध्वस्त किया जा रहा है। वहीं, इंदौर की एमआर-10 स्थित कृष्णबाग कॉलोनी में भी 62 मकानों को हटाने के लिए प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम मैदान में उतरी है। भोपाल में कार्रवाई के लिए 10 पोकलेन मशीनें लगाई गई हैं, जबकि मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अमला तैनात है। ऐशबाग स्थित जनता क्वार्टर में सोमवार सुबह से ही मकान तोड़ने की कार्रवाई जारी है। प्रशासन बुलडोजर और 10 पोकलेन मशीनों की मदद से 599 जर्जर ईडब्ल्यूएस आवासों को ध्वस्त कर रहा है। मौके पर चार एसडीएम, 10 तहसीलदार सहित सैकड़ों कर्मचारी और पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

रविवार शाम से ही इलाके में बैरिकेडिंग कर दी गई थी। जनता क्वार्टर की ओर आने-जाने वाले रास्ते बंद कर दिए गए हैं और यातायात को दूसरे मार्गों से डायवर्ट किया गया है। प्रशासन की कार्रवाई से क्षेत्र के कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं। कार्रवाई से पहले कई रहवासियों ने खुद ही अपने निर्माण हटाने शुरू कर दिए थे। लोगों ने मकान खाली कर सामान बाहर निकाल लिया था।

इंदौर के एमआर-10 स्थित कृष्णबाग कॉलोनी में सोमवार को नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने 62 मकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। टीम बुलडोजर और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची।

इंदौर में भी 62 मकानों पर की जा रही कार्रवाई



संक्षिप्त खबरें

आबकारी मामले का वारंटी गिरफ्तार

बलरामपुर। श्रीदत्तगंज थाना पुलिस ने आबकारी अधिनियम से जुड़े मामले में न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान राम दयाल पुत्र राम प्रकाश निवासी ग्राम पचौथा लोनियनडीह, थाना श्रीदत्तगंज, जनपद बलरामपुर के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी उतरौला डॉ. जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 22 नवंबर को न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट, मुकदमा संख्या 03/2023, धारा 60(1) आबकारी अधिनियम से संबंधित राम दयाल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजमन कनौजिया और कांस्टेबल बृजेश कुमार शामिल रहे।

गुड़गांव से आए पर्यटकों ने कतर्नियाघाट जंगल सफारी के दौरान देखा टाइगर, खुशी से झूमे

बहराइच समृद्धि न्यूज़ कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में इन दिनों पर्यटकों का आवागमन बढ़ा है। रविवार को जंगल सफारी के दौरान गुड़गांव से आए पर्यटकों को बाघ का दीदार हुआ, जिससे उनके चेहरे खिल उठे।जानकारी के अनुसार गुड़गांव निवासी रमेश, धर्मवीर गुप्ता, दिलीप यादव और अनिल मनचंदा का दल दो दिनों से कतर्नियाघाट में प्रवास पर था। इससे पहले यह दल दुधवा नेशनल पार्क और पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भ्रमण कर चुका था। पर्यटकों ने बताया कि कतर्नियाघाट की सफारी सबसे रोमांचक रही। जंगल के बीच अचानक बाघ दिखा और कुछ देर तक सड़क किनारे टहलता रहा।हालांकि पर्यटक इस पल को कैमरे मे कैद नहीं कर पाए। जब तक कैमरा आन करते तब तक बाघ झाड़ियों मे चला गया था। पर्यटकों ने कतर्नियाघाट के घने जंगल, जैव विविधता और प्रबंधन की सराहना की।

उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए 03 वन कर्मी

बहराइच समृद्धि न्यूज़ प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुंदरेशा ने बताया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर-प्रदेश, लखनऊ द्वारा स्टाफ और वन्यजीव निगरानी तथा विशेष कौशल (Staff-Wildlife Monitoring and Special skills) के अन्तर्गत, उत्तर प्रदेश राज्य से बहराइच वन प्रभाग, बहराइच के अन्तर्गत (Human Wildlife conflict Management Group) मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन समूह हेतु वन दरोगा प्रताप सिंह राना व बृजेश वर्मा एवं माली मो. जुबेर खॉ को चयनित किया गया था। डीएफओ श्री सुंदरेशा ने बताया कि तीस्ता हॉल, इन्दिरा पर्यावरण भवन, नई दिल्ली में सोमवार को आयोजित समारोह में बहराइच वन प्रभाग, बहराइच से नामित वन कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समारोह में मंत्री पर्यावरण एवं वन जलवायु परिवर्तन विभाग, भारत सरकार भूपेन्द्र यादव द्वारा तेन्दुआ एवं भेड़िया वन्य जीव द्वंद पर प्रभावी नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य किये जाने हेतु नामित वन कर्मियों को सम्मानित किया गया।

रानीपुर थाने में सम्मेलन कक्ष का एसपी ने किया उद्घाटन



बहराइच समृद्धि न्यूज़ पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना रानीपुर परिसर में स्मृति पट्टिका का अनावरण कर नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का विस्तृत निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं, आधारभूत सुविधाओं एवं संसाधनों का जायजा लिया। नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष के स्थापित होने से पुलिस विभाग की आंतरिक बैठकों, अपराध समीक्षा गोष्ठियों, पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण, जनशिकायतों/जनसुनवाई की समीक्षा तथा विभागीय समन्वय हेतु अधिक सुविधा एवं सुगमता होगी। साथ ही प्रशासनिक एवं पर्यवेक्षणीय कार्यों को अधिक व्यवस्थित,प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र के चौकीदारों को कम्बल वितरित किए गए तथा उनके योगदान की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, सहायक पुलिस अधीक्षक पयागपुर कनिष्क आर जामकर, थानाध्यक्ष रानीपुर हरेन्द्र नाथ राय सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस झण्डा दिवस पर एसपी ने पुलिस ध्वज फहराकर दी सलामी



बहराइच समृद्धि न्यूज़ सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस झण्डा दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने क्वार्टर गार्ड पर पुलिस ध्वज फहराया तथा ध्वज को सलामी दी।उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष 23 नवम्बर को पुलिस झण्डा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस पुलिस बल के गौरवशाली इतिहास, शौर्य, पराक्रम, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। साथ ही यह पुलिसकर्मियों को राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस ध्वज के ऐतिहासिक महत्व एवं गौरवशाली परंपराओं से अवगत कराया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को जनसेवा, कर्तव्यपरायणता, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा आमजन के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह पुलिसिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस फ्लैग स्टिकर लगाकर पुलिस ध्वज के प्रति सम्मान, गौरव एवं निष्ठा की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया गया।कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

झोपड़ी में सो रहे ग्रामीण को तेंदुए ने मार डाला

100 मीटर दूर गन्ने के खेत में मिला अधखाया शव, घसीटने के मिले निशान

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़ सुजौली इलाके में तेंदुए का हमला थम नहीं रहा। सरयू नहर के किनारे फूस की झोपड़ी बनाकर रह रहे ग्रामीण पर रात में तेंदुए ने हमला कर दिया। झोपड़ी में सो रहे जयराम का अधखाया शव करीब 100 मीटर दूर गन्ने के खेत के पास मिला। सुबह बेटे को देखने पहुंचे माता-पिता के सामने यह खौफनाक मंजर आया तो उनकी चीख निकल गई। शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। घटना थाना सुजौली चफरिया ग्राम पंचायत के ओरी पुरवा गांव की है। यहां के निवासी जयराम (42) पिछले आठ साल से सरयू नहर के किनारे फूस की झोपड़ी बनाकर रहते थे। सोमवार सुबह करीब नौ बजे तक जब वह रोज की तरह घर पर माता-पिता से मिलने नहीं पहुंचे तो मां केतकी देवी और पिता जमुना उन्हें देखने झोपड़ी पर पहुंचे। वहां चारपाई टूटी हुई थी और बिस्तर बिखरा पड़ा था। अनहोनी की आशंका में दोनों ने आसपास तलाश शुरू की तो करीब 100 मीटर दूर गन्ने के खेत में जयराम का अधखाया शव पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर दोनों चीखने-चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी राम गोविंद वर्मा ने पुलिस टीम के साथ शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, हमला रात करीब तीन से चार बजे के बीच हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इससे लोगों में आक्रोश है। उन्होंने क्षेत्र में तत्काल पिंजरा लगाने और तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है। चफरिया निवासी समाजसेवी तरुण तेजस ने बताया कि जयराम की शादी करीब 15 साल पहले हुई थी, लेकिन शादी के एक साल बाद ही पत्नी की मृत्यु हो गई थी। उनकी कोई संतान नहीं थी। परिवार में माता-पिता और दो बड़े भाई दीपक व सुधीर हैं। दोनों भाई अपने परिवार के साथ गांव में ही रहते हैं। दो माह पहले भी हुई थी मौत घटनास्थल से करीब 200 मीटर की दूरी पर दो माह पहले भी तेंदुए के हमले में एक वृद्ध महिला की जान चली गई थी। इसके बावजूद इलाके में तेंदुए के हमले से बचाव के लिए कोई उपाय नहीं किए गए।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

लॉरल कॉन्वेंट अकादमी में तीन वर्गों में हुई प्रतियोगिता, नौ विद्यार्थियों ने हासिल किए प्रथम तीन स्थान

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। लॉरल कॉन्वेंट अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक और सशस्त्र सीमा बल की 19वीं वाहिनी के कमांडेंट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं सराहनीय पहल हैं। इससे बच्चों में ज्ञान, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई। वर्ग ए में बलरामपुर कॉन्वेंट स्कूल की समीक्षा पांडेय ने प्रथम, वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल के गौरव शर्मा ने द्वितीय और बलरामपुर मॉडर्न स्कूल के जयप्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वर्ग बी में जीसस एंड मैरी स्कूल के हर्षित कुमार प्रथम, लॉरल कॉन्वेंट अकादमी के अनमोल उपाध्याय द्वितीय और जीसस एंड मैरी स्कूल के गर्व श्रीवास्तव तृतीय रहे। वहीं वर्ग सी में केंद्रीय विद्यालय की वंशिका सिंह ने प्रथम, ब्लूमिंग बड्स स्कूल की सिद्धि शुक्ला ने द्वितीय और सेंट जेवियर्स स्कूल के आयुष्मान शुक्ला ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन सीबी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रवीण कुमार शुक्ला, अध्यक्षा गीता शुक्ला, प्रधानाचार्या कीर्ति उपाध्याय, नीरज सिंह, एपी शुक्ला, आरपी मिश्रा और अजय कुमार लावनिया सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

जनगणना के प्रति जागरूकता का दिया संदेश, स्व-गणना अभियान का हुआ शुभारंभ

समृद्धि न्यूज़



रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। जनगणना के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने और स्व-गणना प्रक्रिया में आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालय में 'जनगणना से जनकल्याण' स्व-गणना विशेष जन जागरूकता अभियान 2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के माध्यम से लोगों को जनगणना के महत्व और देश के विकास में इसकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर हिमांशु मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह देश के विकास की योजनाओं को दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करती है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं नुजहत और पूर्णिमा ने स्व-गणना के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि जनगणना से देश की जनसंख्या, सामाजिक स्थिति और आवश्यकताओं की सटीक जानकारी प्राप्त होती है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलती है। छात्राओं ने आमजन से स्व-गणना के प्रति जागरूक रहने और इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। अभियान को रचनात्मक रूप देने के लिए विद्यार्थियों ने जनगणना विषय पर आकर्षक रंगोली तैयार की। रंगोली के माध्यम से जनगणना के महत्व और जनभागीदारी का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि हिमांशु मिश्रा ने रंगोली का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं जागरूकता के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के माध्यम से जागरूकता का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी जनगणना अभियान को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया।

1805 मतदान केंद्रों पर चला मतदाता पंजीकरण अभियान

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत शनिवार को जनपद के चारों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 1805 मतदेय स्थलों पर विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची में छूटे पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने के साथ सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है। इसके लिए विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवाओं और महिला मतदाताओं के पंजीकरण पर जोर दिया गया। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक सभी मतदेय स्थलों पर बूथ स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर आवेदन प्राप्त करते रहे और नागरिकों को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों की उपस्थिति, मतदाता सूची की उपलब्धता और पंजीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उतरौला विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 80 से 84, इटई रामपुर के भाग संख्या 269, 270 व 271, बभनपुरवा के भाग संख्या एक व दो, प्राथमिक विद्यालय गैड़ास बुजुर्ग, कम्पोजिट विद्यालय बारम और प्राथमिक विद्यालय सेखुइया कस्बा सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र में भी मतदान केंद्रों पर अभियान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। 17 नवंबर को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची सभी बूथ स्तरीय अधिकारियों के पास उपलब्ध है। नागरिक अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर स्वयं और परिवार के सदस्यों के नाम सूची में जांच सकते हैं। नया नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-6, नाम हटाने अथवा आपत्ति दर्ज कराने के लिए प्रपत्र-7 और नाम, पता सहित अन्य विवरण में संशोधन के लिए प्रपत्र-8 भरने की सुविधा दी गई है। सहायता और शिकायतों के लिए 1950 दूरभाष सेवा भी उपलब्ध है। रविवार 22 नवंबर को भी जनपद के सभी 1805 मतदेय स्थलों पर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक विशेष अभियान चलेगा। प्रशासन ने पात्र नागरिकों से मतदान केंद्र पहुंचकर अपना नाम मतदाता सूची में जांचने और नाम छूटने पर पंजीकरण कराने की अपील की है।

रामसनेहीघाट कोतवाली में मनाया गया पुलिस झंडा दिवस, जवानों ने लिया पीड़ितों को न्याय दिलाने का संकल्प

समृद्धि न्यूज़

रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। रामसनेहीघाट कोतवाली परिसर में सोमवार को पुलिस झंडा दिवस पूरे सम्मान और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दया शंकर त्रिपाठी ने पुलिस ध्वज फहराया और सलामी देकर पुलिस ध्वज के सम्मान में सभी पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस दौरान कोतवाल दया शंकर त्रिपाठी ने कहा कि 23 नवंबर का दिन पुलिस विभाग के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण महत्व रखता है। यह दिन पुलिस बल के शौर्य, साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। पुलिस ध्वज पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। पुलिस ध्वज से प्रत्येक पुलिसकर्मी के भीतर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन की सुरक्षा करना, पीड़ितों को न्याय दिलाना और समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिसकर्मियों को चाहिए कि वे जनता के साथ अच्छा व्यवहार करें और जरूरतमंदों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। पुलिस की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए, जिससे आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत हो। झंडा दिवस के अवसर पर मौजूद सभी पुलिसकर्मियों ने पीड़ितों को न्याय दिलाने, प्रत्येक नागरिक को सुरक्षा प्रदान करने तथा सभी के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने का संकल्प लिया। साथ ही पुलिस विभाग की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रतिबद्धता जताई।

पुलिस ध्वज फहराकर कर्मियों को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ध्वज का स्टीकर लगाकर दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा मिष्ठान वितरित किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस झण्डा दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 23 नवंबर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रांतीय सशस्त्र बल को शौर्य, अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए पुलिस ध्वज प्रदान किया था। यह ध्वज पुलिस बल के गौरव, सम्मान, अनुशासन और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज प्रत्येक पुलिसकर्मी को ईमानदारी, निष्पक्षता और पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। आमजन की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साइबर अपराध, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा संगठित अपराध जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को सतर्क, संवेदनशील और तकनीकी रूप से दक्ष रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने, संविधान और कानून के प्रति निष्ठावान रहने तथा जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक सिंह, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अभय प्रताप मल्ल, पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खेत के पास पेड़ से लटका मिला 32 वर्षीय युवक का शव

रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के इटोरा गांव में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के बाहर खेत के किनारे यूकेलिप्टस के पेड़ से एक 32 वर्षीय युवक का शव लटका मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, इटोरा गांव के मिश्री का पुरवा मजरे निवासी ननकू का पुत्र अंबर मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया जा रहा है कि रविवार शाम से वह घर नहीं लौटा था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह गांव का एक युवक शौच के लिए निकला था। इसी दौरान घर से करीब 200 मीटर दूर खेत के किनारे यूकेलिप्टस के पेड़ पर अंबर का शव लटका देखकर वह सन्न रह गया।

रामपुर महोत्सव (जहांगीराबाद) में एयर रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

डीएम की उपस्थिति में विभिन्न विभागों ने किया आपदा प्रबंधन एवं राहत-बचाव कार्यों का प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। जनपद बाराबंकी के रामपुर महोत्सव, जहांगीराबाद में आपातकालीन परिस्थितियों एवं हवाई हमले जैसी संभावित परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने तथा आमजन को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एयर रेड मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिभाग करते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। इसमें सिविल डिफेंस, पुलिस, अग्निशमन, राजस्व, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा अन्य संबंधित विभागों की टीमों ने अपने संसाधनों, उपकरणों एवं बचाव तकनीकों के माध्यम से आपदा की स्थिति में की जाने वाली कार्यवाही का अभ्यास किया। इस दौरान आपात स्थिति में घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, आग पर नियंत्रण पाने, प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने, चिकित्सा सहायता प्रदान करने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही आपदा के समय विभिन्न विभागों के बीच त्वरित समन्वय एवं प्रभावी संचार व्यवस्था बनाए रखने का अभ्यास भी किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा प्रबंधन की दृष्टि से इस प्रकार की मॉक ड्रिल अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनके माध्यम से विभिन्न विभागों की तैयारियों, संसाधनों की उपलब्धता तथा आपसी समन्वय को परखा जा सकता है। किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया से जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सकता है। उन्होंने

ट्रक की टक्कर से पलटी श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, 18 घायल

ट्रॉली के नीचे दबे श्रद्धालुओं में मची चीख-पुकार, कोतवाल ने पुलिस टीम के साथ संभाला मोर्चा; दो बुजुर्ग महिलाओं को जिला अस्पताल भेजा

समृद्धि न्यूज़



रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। कोटवाधाम में बाबा के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली सोमवार देर रात हादसे का शिकार हो गई। अयोध्या के पटखौली गांव से आ रहे श्रद्धालुओं की ट्रॉली में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गई। हादसे में करीब 18 श्रद्धालु घायल हो गए। कई लोग ट्रॉली के नीचे दब गए, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी दयाशंकर द्विवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए राहत और बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिसकर्मियों ने तत्काल ट्रॉली को सीधा कराकर उसके नीचे दबे श्रद्धालुओं को बाहर निकलवाया। इसके बाद आधा दर्जन एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामसनेहीघाट भिजवाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद 62 वर्षीय राजबाला और 60 वर्षीय रामकुमारी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों को उपचार के बाद सुबह उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। लघुशंका के लिए रुकवाई थी ट्रॉली, तभी पीछे से आ भिड़ा ट्रक जानकारी के मुताबिक, अयोध्या जनपद में कुचेरा बाजार के पास स्थित पटखौली गांव के करीब दो दर्जन श्रद्धालु रविवार रात नौ बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली से कोटवाधाम के लिए निकले थे। सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे बाराबंकी जिले की सीमा से लगभग एक किलोमीटर पहले श्रद्धालुओं ने लघुशंका के लिए ट्रॉली रुकवाई थी। चालक ने सड़क किनारे ट्रॉली खड़ी ही की थी कि अयोध्या की ओर से आ रहे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। उस समय कुछ श्रद्धालु ट्रॉली से नीचे उतर रहे थे। अचानक हुई टक्कर से ट्रॉली गड्ढे में पलट गई और उसमें सवार लोग नीचे दब गए। घायलों में ये शामिल केशवपति, आशावती, शांति देवी, भगवती, चंदा देवी, दुर्गा प्रसाद, राजकरण, तिलकराजी, करण, अंशु देवी, संतोष कुमारी, संतरा देवी, शिवांश, अंकुश, प्रियांशु और नितिन दुबे।

भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी और कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकतः राजनाथ सिंह

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। लखनऊ के सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति पूरी निष्ठा, समर्पण और सेवाभाव के साथ काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं। हर कार्यकर्ता का पार्टी में अपना महत्व है। भले ही सभी को एक साथ कोई पद या जिम्मेदारी देना संभव न हो, लेकिन संगठन में हर कार्यकर्ता का सम्मान बना रहता है। हजरतगंज स्थित विश्वेश्वरैया हॉल में भाजपा लखनऊ महानगर की नवगठित टीम और कार्यकर्ताओं की परिचयात्मक बैठक में राजनाथ सिंह ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सत्ता हासिल करने के उद्देश्य से राजनीति नहीं करती, बल्कि देश के निर्माण और समाज को सही दिशा देने के लिए काम करती है। पार्टी अपने संकल्प पत्र में किए गए वादों को गंभीरता से लेती है और उन्हें पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहती है। केंद्र सरकार की योजनाओं से करोड़ों लोगों को आवास, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सडक़, विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में भी व्यापक बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है, वहां भी केंद्र सरकार विकास और जनकल्याण की योजनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास करती है। राजनीति का मूल उद्देश्य जनसेवा और समाज का कल्याण होना चाहिए।

राजधानी में अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव-2026 का हुआ भव्य आगाज

12 राज्यों की लोककलाओं व जनजातीय शिल्प मेले ने मोहा दर्शकों का मन

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। जनजातीय संस्कृति, लोककला, पारंपरिक संगीत और समृद्ध विरासत के अनूठे रंग सोमवार को राजधानी लखनऊ में एक ही मंच पर जीवंत हो उठे। गोमतीनगर स्थित यूपी दर्शन पार्क में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ प्रदेश सरकार के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप के साथ किया। 23 से 26 नवंबर तक चलने वाले इस आयोजन में देश के बारह राज्यों से आए जनजातीय कलाकार और शिल्पकार भारतीय सांस्कृतिक विविधता की झलक पेश कर रहे हैं।

कार्यक्रम का आगाज लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया, जिसके बाद उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान की अध्यक्ष व संस्कृति विभाग की विशेष सचिव दीपा रंजन ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर विशेष सचिव समाज कल्याण प्रवीण मिश्र, काशी क्षेत्र जनजाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेश कुमार राम, अनुगम उपाध्यक्ष विश्वनाथ, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, संस्थान निदेशक अतुल द्विवेदी, जनजाति विकास की उप निदेशक डॉ. प्रियंका शर्मा, समन्वयक उमेश कुमार सिंह और समाज कल्याण निदेशक संजीव सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अपने संबोधन में मंत्री असीम अरुण ने जनजातीय समाज की विशिष्ट पहचान, लोकसंगीत, नृत्य और हस्तशिल्प के संरक्षण व संवर्धन पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मंच कलाकारों को अपनी कला नई पीढ़ी तक पहुंचाने और व्यापक पहचान दिलाने का अवसर देते हैं। समारोह के दौरान साहित्यिक गतिविधियों के अंतर्गत लेखिका डॉ. अनिता सोनी की पुस्तक गाड़िया लोहार का लोकार्पण भी किया गया, जिसने आयोजन को बौद्धिक आयाम प्रदान किया।

इससे पूर्व शाम तीन बजे 1090 चौराहे से यूपी दर्शन पार्क तक निकली सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा से उत्सव का माहौल बना और शाम पांच बजे से सांस्कृतिक संध्या शुरू हुई।

बिजली कर्मियों की उत्पीडनात्मक कार्रवाइयां वापस लेने की मांग तेज

ज्ञापन दो अभियान के आठवें दिन राज्य मंत्री, सांसद और विधायकों को सौंपे गए ज्ञापन

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों द्वारा 16 नवंबर से चलाया जा रहा 'ज्ञापन दो अभियान' आज आठवें दिन भी जारी रहा। अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में राज्य मंत्रियों, सांसदों, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर मार्च 2023 के आंदोलन के दौरान हुए समझौते का पालन करने तथा बिजली कर्मचारियों के विरुद्ध की गई सभी उत्पीडनात्मक कार्रवाइयां वापस लेने की मांग की गई। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में वर्टिकल व्यवस्था को लेकर दिए गए निर्देशों का स्वागत किया है। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट कहा है कि वर्टिकल व्यवस्था के कारण अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न न बनाया जाए तथा इस व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाए। संघर्ष समिति ने कहा है कि वर्टिकल व्यवस्था निजीकरण के उद्देश्य से लखनऊ सहित प्रदेश के कई शहरों में लागू की गई थी। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की संख्या कम करना था, ताकि बिजली वितरण व्यवस्था के निजीकरण का रास्ता आसान बनाया जा सके। लेकिन इस व्यवस्था से न केवल लाखों बिजली उपभोक्ता परेशान हैं, बल्कि बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी गंभीर अव्यवस्था का सामना कर रहे हैं। कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच कार्यों एवं जिम्मेदारियों को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

ब्रेन कैंसर की जंग में एसजीपीजीआई ने बढ़ाया बड़ा कदम

आईसीएमआर से मिली 5.40 करोड़ रुपये की शोध सहायता, ग्लियोब्लास्टोमा की पहचान और उपचार की निगरानी के लिए विकसित होगी नई तकनीक

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। ब्रेन कैंसर के आक्रामक रूप ग्लियोब्लास्टोमा के इलाज में सटीक पहचान और बेहतर निगरानी की उम्मीद जगी है। एसजीपीजीआई को इस दिशा में अत्याधुनिक आणविक इमेजिंग तकनीक विकसित करने के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) से 5.40 करोड़ रुपये की शोध सहायता मिली है। इस परियोजना का मकसद ऐसी स्वदेशी तकनीक विकसित करना है, जिससे ट्यूमर की पहचान और इम्यूनोथेरेपी के असर का आकलन बेहतर तरीके से किया जा सके। परियोजना का नेतृत्व संस्थान के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के प्रो. मनीष दीक्षित और प्रो. पीके प्रधान करेंगे। इसमें आणविक चिकित्सा एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ. लोकेन्द्र शर्मा और न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ. वेद प्रकाश मौर्य भी शामिल हैं। शोध के तहत रेडियोआइसोटोप आधारित इम्यूनो-पेट इमेजिंग तकनीक विकसित की जाएगी। इसके लिए एक विशेष मोनोक्लोनल एंटीबॉडी ट्रेसर तैयार करने की योजना है। इससे पीईटी इमेजिंग के जरिए ब्रेन ट्यूमर की पहचान, उसकी विशेषताओं के आकलन और इम्यूनोथेरेपी के प्रति मरीज की प्रतिक्रिया की निगरानी में मदद मिलने की उम्मीद है। परियोजना के अंतर्गत संस्थान में स्मॉल एनिमल पीईटी-सीटी इंटीग्रेटेड सुविधा भी स्थापित की जाएगी। इससे नई तकनीकों और दवाओं का शुरुआती वैज्ञानिक परीक्षण संभव होगा। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन के नेतृत्व में शुरू हुई यह पहल स्वदेशी रेडियोफार्मास्यूटिकल अनुसंधान और कैंसर उपचार के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोल सकती है। हालांकि, तकनीक के मरीजों तक पहुंचने से पहले इसके परीक्षण और प्रभावशीलता का मूल्यांकन जरूरी होगा।

टेक्सटाइल पॉलिसी का लाभ धरातल पर दिखे, सभी शहरों में हो प्रचारः राकेश सचान

लखनऊ में भव्य हैंडलूम-खादी एक्सपो, फैशन शो व बायर-सेलर मीट के निर्देश

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को डालीबाग स्थित उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के खादी भवन सभागार में विभागीय योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्रगति कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2022 तथा बुनकर कल्याण से जुड़ी योजनाएं केवल कागजी आंकड़ों तक न सिमटें, बल्कि इनका वास्तविक लाभ जमीनी स्तर पर नजर आना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों व परिक्षेत्रों में व्यापक प्रचार अभियान चलाया जाए और दिसंबर महीने से परिक्षेत्रीय कार्यशालाएं आयोजित कर उद्यमियों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में उपलब्ध बजट के सापेक्ष स्वीकृत धनराशि का बड़ा हिस्सा खर्च हो चुका है, पात्र इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए जा चुके हैं और कई इकाइयों को प्रोत्साहन राशि वितरित कर दी गई है, जिस पर मंत्री ने शेष राशि का पारदर्शी उपयोग जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि लंबित परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त बजट मांगा जा सके। प्रदेश के हस्तशिल्प व वस्त्र उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की समीक्षा में जानकारी दी गई कि देश के बड़े शहरों में आयोजित हो रहे विपणन कार्यक्रमों की कड़ी में 30 नवंबर से भुवनेश्वर तथा 20 दिसंबर से जोधपुर में आयोजन प्रस्तावित हैं। मंत्री ने लखनऊ में भव्य उ.प्र. हैंडलूम, सिल्क एवं खादी एक्सपो के साथ फैशन शो व बायर-सेलर मीट आयोजित करने तथा आगामी इंडिया आईटीएमई-2026, गारटेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया-2027 और भारत टेक्स-2027 में प्रदेश के बुनकरों व वस्त्र इकाइयों की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। बुनकर कल्याण योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने सस्ती व निर्बाध बिजली को प्राथमिकता बताया, जहां अटल बिहारी बाजपेयी पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना की धनराशि यूपीपीसीएल को भेजे जाने, मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना के तहत अनुदान पर सोलर प्लांट लगाने और मुख्यमंत्री हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना में लक्ष्य से अधिक क्लस्टर व बुनकर चिह्नित किए जाने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हथकरघा एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना व झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना में शत-प्रतिशत पारदर्शी व्यय और समय पर किस्त जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं उ.प्र. वस्त्र क्षेत्र प्रशिक्षण एवं कौशल विकास योजना के लक्ष्य को गुणवत्ता के साथ पूरा करने हेतु निट्रा, भारत सरकार की टेक्सटाइल कमेटी व उ.प्र. कौशल विकास मिशन के समन्वय से प्रशिक्षण तेज करने को कहा गया। बैठक में प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर, विशेष सचिव शेषमणि पाण्डे सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

रामकृष्ण मठ लखनऊ में श्रद्धापूर्वक मनाई गई स्वामी विज्ञानानन्द की जयंती

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। रामकृष्ण मठ, निराला नगर, लखनऊ में सोमवार को श्रीरामकृष्ण के प्रत्यक्ष संन्यासी शिष्य स्वामी विज्ञानानन्दजी की जयंती श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज ने स्वामी विज्ञानानन्दजी के प्रेरणादायी जीवन, आध्यात्मिक साधना, व्यक्तित्व एवं उनके दिव्य संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः शंखध्वनि एवं मंगल आरती के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण, नारायण सूक्तम् का पाठ तथा सामूहिक रूप से 'जय जय रामकृष्ण भुवन मंगल' का गायन मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद जी के नेतृत्व में किया गया। इसके पश्चात सायं मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द महाराज ने 'स्वामी विज्ञानानन्दजी - श्री जाम्बवानजी के अवतारः जीवन एवं संदेश' विषय पर प्रेरणादायी प्रवचन दिया।अपने प्रवचन में स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज ने कहा कि स्वामी विज्ञानानन्दजी का जीवन भारतीय आध्यात्मिक परम्परा में ज्ञान, वैराग्य, तपस्या, विनम्रता एवं गुरु-भक्ति का अनुपम उदाहरण है। श्रीरामकृष्ण देव के प्रत्यक्ष संन्यासी शिष्य स्वामी विज्ञानानन्दजी का पूर्वाश्रम का नाम हरिप्रसन्न चट्टोपाध्याय था। वे अत्यन्त मेधावी, सत्यनिष्ठ, गम्भीर, मितभाषी एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति के महापुरुष थे। उनके जीवन में ज्ञान, ध्यान, कर्म और भक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। स्वामी विज्ञानानन्दजी के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए महाराजजी ने कहा कि वे एक कुशल अभियन्ता (इंजीनियर) होने के साथ-साथ उच्चकोटि के साधक एवं तपस्वी संन्यासी भी थे। बेलूड़ मठ में श्रीरामकृष्ण देव के भव्य मंदिर के निर्माण में उनका अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंदिर की स्थापत्य कला में विभिन्न धर्मों की वास्तुशिल्प परम्पराओं का सुंदर समन्वय श्रीरामकृष्ण देव के सार्वभौमिक धर्मभाव एवं सर्वधर्म समन्वय के संदेश को अभिव्यक्त करता है। इस प्रकार उन्होंने अपनी तकनीकी प्रतिभा को भी आध्यात्मिक सेवा का माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि स्वामी विज्ञानानन्दजी ने अपनी उपलब्धियों और आध्यात्मिक गरिमा के बावजूद सदैव सादगी एवं विनम्रता को बनाए रखा। उनके लिए संन्यास केवल सांसारिक जीवन का त्याग नहीं था, बल्कि अपने सम्पूर्ण अस्तित्व को ईश्वर की अनुभूति एवं मानवता की सेवा के लिए समर्पित करना था। महाराजजी ने बताया कि सन् 1937 में स्वामी अखण्डानन्दजी के महासमाधि लेने के पश्चात् स्वामी विज्ञानानन्दजी रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन के चौथे अध्यक्ष बने। *प्रवचन के अन्त में स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज ने कहा कि* स्वामी विज्ञानानन्दजी का जीवन हमें अपनी अन्तर्निहित आध्यात्मिक शक्ति को पहचानने, गुरु के आदर्शों पर चलने तथा ज्ञान, भक्ति, ध्यान और कर्म का समन्वय करते हुए ईश्वर-प्राप्ति को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाने की प्रेरणा देता है। उनका जीवन और संदेश आज भी समस्त साधकों एवं भक्तों के लिए प्रेरणास्रोत है।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का घेराव करेगा शिक्षक संघ

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ द्वारा जनपद लखनऊ के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की जनगणना के साथ ही विद्यालय में अध्यापन किए जाने के संबंधी संशोधित आदेश को निरस्त कराने के लिए जिला संगठन द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर दिनांक 27 नवंबर, 2026 को सायं 3.00 बजे घेराव,प्रदर्शन किया जाएगा। यह निर्णय आज जिला संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय उदयाचल संपन्न आपात बैठक में लिया गया। इसी के साथ बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि भ्रष्टाचार में लिप्त तथा छात्रों से अवैध वसूली करने वाले प्रधानाचार्यों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की मांग को लेकर जिला संगठन विशेष अभियान चलाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा. आर.पी. मिश्र ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने पहले प्रधानाचार्यों से शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से जनगणना ड्यूटी के लिए को कार्यमुक्त किए जाने के आदेश दिए थे किंतु प्रधानाचार्य परिषद के दबाव में संशोधित आदेश में जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनगणना के लिए जाने से पहले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से विद्यालय में अपराह्न 1.00 बजे तक अध्यापन कार्य किए जाने के आदेश दिए हैं। इसके पूर्व 24 अक्टूबर को जनगणना के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने आदेश में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को विद्यालय से कार्य मुक्त कराया था। अध्यापन के बाद जनगणना का कार्य घोर अमानवीय होगा क्योंकि अनेक शिक्षक,शिक्षिकाओं जिनकी जनगणना के लिए विद्यालय अथवा घर से 30 से 40 किलोमीटर दूर तक लगी हुई है और ऐसे में 1रू00 बजे विद्यालय छोडने के बाद जनगणना कार्य जिसमें प्रत्येक शिक्षक,शिक्षिका को 800 परिवारों की गणना करनी है और प्रत्येक परिवार से 40 प्रश्नों पर जानकारी लेनी है। जिसे निर्धारित समय में पूरा

गुरु नानक देव प्रकाश उत्सव के लिए सजा हरी ओम मंदिर

लखनऊ। हरि ओम मंदिर में 17 नवंबर 2026 से शुरू हुए आठ दिवसीय गुरु नानक जन्मोत्सव के सातवे दिन 23 नवंबर 2026 की शुरुआत असा दी वार, भजन कीर्तन से हुई । आज गुरुग्रंथ पाठ का दूसरा दिन है और कल गुरुग्रंथ साहिब के पाठ का भोग पड़ेगा। कल गुरुनानक देव जी का जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर की भव्य सजावट की जायेगी और रात्रि में आतिशबाजी भी की जायेगी। अंत में आरती व पल्लव किया गया। तत्पश्चात लंगर प्रसाद वितरित किया गया जिसको समस्त सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रेम से छका। इस कार्यक्रम में लखनऊ शहर के गणमान्य सिंधी उपस्थित रहे जिनमें मुख्य किशन चंद बंभवानी, जय प्रकाश नागपाल, सुरेश छाबलानी , राम बालानी, हरिश वाधवानी, प्रदीप मन्ना, प्रकाश कृपलानी, प्रकाश गोधवानी , महेश जतयानी, जे के लालचंदानी, मीना केसवानी कनिका गुरनानी, हर देवी आदि उपस्थित थे।

जमीन को लेकर विवाद में लाइसेंसी पिस्टल से हमला, युवक के सीने में लगी गोली

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। राजधानी में जमीन का विवाद इतना बढ़ा कि गोली चल गई। एक व्यक्ति ने खरीदी जमीन पर निर्माण शुरू कराया। वहां बगल की जमीन का मालिक आ गया। उसने सवाल किया कि पहले जमीन की पैमाइश नहीं कराई तो निर्माण करने लगे। इसी बात का निर्माण करा रहे व्यक्ति ने जवाब दे दिया। इस जवाब से दूसरी जमीन का मालिक इतना आवेश में आ गया कि उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से निर्माण करा रहे व्यक्ति पर बैक-टू-बैक 3 फायर झोंक दिए और भाग गया। सभी गोलियां सीने में लगीं लेकिन गनीमत रही कि हर गोली दाहिनी तरफ लगी। मामला सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के कटरा बक्कास गांव का दोपहर 1 बजे का है। यहां नईम ने जमीन खरीदी है। वह सोमवार को वहां पर निर्माण करा रहे थे। उसी समय आलमबाग निवासी सरदार सुखविंदर सिंह वहां आ गए। उनकी जमीन नईम की जमीन के बगल में है। उन्होंने बिना पैमाइश कराए काम कराने पर आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढऩे पर सुखविंदर सिंह ने लाइसेंसी पिस्टल निकालकर नईम को तीन गोलियां मार दीं। तीनों गोलियां सीने के नीचे दाहिनी तरफ लगीं। गंभीर हालत में नईम को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल, वह खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, घायल नईम ने बताया कि वह आरोपी को पहले से नहीं जानते थे। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि गोली मारने के बाद आरोपी पैदल ही भाग निकला।

इंडिया में एनडीए में भी सीट बंटवारे पर खींचतान

सहयोगियों ने मांगी 117 सीटें, भाजपा 60 से ज्यादा पर राजी नहीं

योगी,केशव और ब्रजेश को मिली बड़ी जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। यूपी असेम्बली इलेक्शन 2027 की तैयारियों के बीच इंडिया गठबंधन ही नही बीजेपी के नेतृत्व में बने एनडीए गठबंधन में भी सीट शेयरिंग को लेकर पेंच फंसे हैं। इंडिया गठबंधन में सपा और कांग्रेस में सीट शेयरिंग को लेकर जहां दोनों दलों के लीडर मंथन कर रहे हैं। बैठक हो रही हैं तो एनडीए में भी मंथन चल रहा है। एनडीए में यूपी के सीएम और दोनों डिप्टी सीएम को समाधान की जिम्मेदारी मिली है।समस्या जटिल भले न हो लेकिन मान मनौव्वल तो स्वाभाविक ही है।बीजेपी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर अंदरखाने सियासी खींचतान कम तेज नही है। सीटों को लेकर केवल सहयोगी दलों की ही दावेदारी भाजपा के लिए चुनौती नहीं बनी है बल्कि पार्टी के भीतर भी इस मुद्दे पर एकराय नहीं है।सूत्रों की माने तो पार्टी में एक धड़ा सहयोगी दलों को 100 से अधिक सीटें देकर गठबंधन को व्यापक आधार देने का समर्थक है और दूसरा धड़ा इतनी बड़ी हिस्सेदारी देने के पक्ष में नहीं। दूसरे धड़े का मानना है कि सहयोगियों को पिछली बार की तरह सीमित और प्रदर्शन के आधार पर तय सीटें दी जानी चाहिए। ऐसे में भाजपा के सामने सहयोगियों की महत्वाकांक्षा और चुनावी समीकरणों के बीच संतुलन की चुनौती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 376 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उस समय अपना दल एस को 17 तथा निषाद पार्टी को 10 सीटें मिली थीं। राज्य की राजनीतिक परिस्थितियां बदली हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय लोकदल रालोद और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सुभासपा भी राजग का हिस्सा हैं, जिसके चलते भाजपा को चार प्रमुख सहयोगी दलों के साथ सीटों का तालमेल बैठाना है। सहयोगियों की अपनी राजनीतिक ताकत, जातीय समीकरण और पिछले चुनावों के प्रदर्शन को आधार बनाकर अधिक सीटों की मांग है। बताते हैं कि चारों दलों की सामूहिक दावेदारी 116 से 117 सीटों तक बताई गई है, जबकि इसके मुकाबले भाजपा 60 सीटों के आसपास सहयोगियों के समायोजन के मूड में है।रालोद और सुभासपा की भूमिका खास मानी जा रही है। 2022 के चुनाव में ये दोनों दल समाजवादी पार्टी के साथ थे, जहां रालोद ने 33 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और सुभासपा ने 19 सीटों पर चुनाव लड़ा था। अब राजग में शामिल होने के बाद दोनों दल पुरानी चुनावी हिस्सेदारी को आधार बनाकर अधिक सीटें चाहते हैं। अपना दल एस और निषाद पार्टी भी पिछली बार मिली सीटों से कम पर समझौते के मूड में नहीं हैं। सहयोगी दलों का तर्क है कि उनके सामाजिक आधार और क्षेत्रीय प्रभाव का सीधा लाभ भाजपा को मिलता है, इसलिए सीटों के बंटवारे में इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। भाजपा के सामने अपना चुनावी गणित है। पार्टी का एक वर्ग मानता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रालोद और पूर्वांचल में सुभासपा तथा निषाद पार्टी के प्रभाव को देखते हुए पर्याप्त राजनीतिक हिस्सेदारी देना फायदेमंद हो सकता है। दूसरा धड़ा इससे सहमत नहीं, उसका मानना है कि बड़ी संख्या में सीटें छोडने से भाजपा के अपने दावेदारों, संगठन के कार्यकर्ताओं में असंतोष की आशंका है और कई सीटें सहयोगियों के खाते में जा सकती हैं, जहां भाजपा के मजबूत दावेदार हैं।सीट बंटवारे पर वार्ता की जिम्मेदारी यूपी के शीर्ष नेताओं को सौंपी गई सीटों के बंटवारे पर किसी भी तरह की नाराजगी और टकराव की स्थिति पैदा न हो, भाजपा ने सहयोगी दलों से बातचीत की जिम्मेदारी प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को सौंपी है।सीएम योगी आदित्यनाथ स्वयं रालोद प्रमुख जयंत चौधरी से बातचीत करेंगे।

गन्ना मूल्य भुगतान में देरी बर्दाश्त नहीं: डीएम

- ओवरलोडिंग पर होगी कठोर कार्रवाई
- कोहरे में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को गन्ना वाहनों पर रिफ्लेक्टर अनिवार्य

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



गन्ना पेराई सत्र को सुगम, सुरक्षित एवं किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद की चीनी मिलों के प्रधान प्रबंधकों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक कलेक्ट्रेट वीसी कक्ष में की गई। बैठक में गन्ना मूल्य भुगतान, सड़क सुरक्षा, ओवरलोडिंग पर नियंत्रण तथा चीनी मिल परिसरों में किसानों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश जारी किए।डीएम ने निर्देश दिए कि किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। किसानों को 3 घंटे से अधिक तौल की प्रतीक्षा न करना पड़े, गन्ना परिवहन की लाइन मुख्य मार्ग तक न लगे यह भी सुनिश्चित किया जाए। भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। किसानों को उनकी उपज का समय से मूल्य मिलना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की घटतौली न हो यह सुनिश्चित किया जाए। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत चीनी मिल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि यह सूचित किया जाए कि गन्ने लदे ट्राला नहीं चलने चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रैकों में भी गन्ने की ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। पुलिस एवं परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि गन्ने से भरे वाहनों में ओवरलोडिंग पाए जाने पर तत्काल कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कोहरे का प्रकोप बढ़ने की संभावना को देखते हुए गन्ना परिवहन में लगे सभी ट्रक एवं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के लाल बड़ा कपड़ा पीछे अनिवार्य रूप से लगा हो जिस पर रिफ्लेक्टर से क्रॉस का निशान बना हो, जिससे कम दृश्यता के दौरान वाहन दूर से दिखाई दें और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सके। डीएम ने निर्देश दिए कि किसी भी दशा में बड़े ट्राले नहीं चलना चाहिए तथा ट्रॉली, ट्रक में मनक से अधिक लोडिंग न हो यह सुनिश्चित किया जाए।पुलिस एवं परिवहन विभाग को ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। किसानों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चीनी मिलों में नियमित रूप से चीनी मिल गेट पर अलाव जलाने के निर्देश दिए। साथ ही, रात्रि में मिल परिसर में रुकने वाले किसानों के लिए रैन बसेरा बनाया जाए जिसमें पर्याप्त गद्दे एवं साफ-सुथरे बिस्तर, पेयजल, स्वच्छ शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कैंटीन का सुचारु संचालन हो, ताकि किसानों को प्रतीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। संबंधित अधिकारियों एवं चीनी मिल प्रबंधकों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करते हुए आपसी समन्वय के साथ निर्देशों का प्रभावी अनुपालन कराया जाए। पेराई सत्र के दौरान किसानों की सुविधा, सड़क सुरक्षा एवं व्यवस्थित गन्ना परिवहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। एडीएम वित् अरविंद कुमार,एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, जिला गन्ना अधिकारी अनिल कुमार भारती, एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह, सीओ ट्रैफिक सहित अन्य अधिकारी एवं चीनी मिलों के प्रबंधक मौजूद रहे।

छुट्टा पशु से टकराकर बाइकसवार एक की मौत, दूसरा घायल

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। कटरा खुदागंज मार्ग पर सांड से टकराकर बाइक सवार एक युवक की मौत दूसरा युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शाहजहाँपुर भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम भौना निवासी छोटे लाल का पुत्र नरेंद्र 22 वर्ष बीती रात खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरिया में शादी की दावत में शामिल होने के लिए गाँव के अनूप कुमार के साथ बाइक से गया था। रात्रि 12 बजे खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरिया से बाइक द्वारा नरेंद्र बापस घर आ रहा था। बाइक पर पीछे गाँव का अनूप कुमार बैठा हुआ था। तभी कटरा खुदागंज मार्ग पर ग्राम कपूरनगल के सामने सड़क पर खड़े सांड से टक्कर होने पर बाइक सवार नरेंद्र व अनूप कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल



मीरानपुर कटरा के जनसेवा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जिसमें नरेंद्र की हालत गम्भीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया। बरेली के अस्पताल में पहुंचने पर डॉक्टरों ने नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सोमवार सुबह नरेंद्र के शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शाहजहाँपुर भेज दिया है। नरेंद्र की मौत से परिवार में मातम कटरा खुदागंज मार्ग पर ग्राम पसरा हुआ है।

खबरें एक नजर में

टूटे डिवाइडरों-संकेतको की मरम्मत कराए जाने की डीएम से मांग



शाहजहांपुर। भारतीय युवा चेतना मंच की ओर से आमजन की सुरक्षा व हादसों पर रोकथाम को लेकर डीएम को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें शहर की मुख्य सड़कों पर टूटे हुए डिवाइडर, रिफलेक्टर एवं मार्गों पर गड्ढों आदि समस्याओं को दूर किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में रोजा अड्डा से मेजबान होटल तक बने हुए डिवाइडर में कई जगह सरिया बाहर निकले हुए है, यहां पर कोई भी संकेतक या रेडियम रिफलेक्टर नहीं लगे हुए है।जनपद के अन्य मार्गों पर भी डिवाइडर टूटे, क्षतिग्रस्त एवं बिना रेडियम पेंट के है। कई मार्गों पर सड़के क्षतिग्रस्त एवं जगह- जगह गड्ढे है साथ ही कई तीव्र मोड वाली सड़कों पर रिफलेक्टर नहीं लगे है। मोहनगंज स्मार्ट रोड से रेलवे मालगोदाम रोड के बीच कुछ हिस्सा टूटा हुआ एवं गड्ढा युक्त है इसकी मरम्मत कराई जाए। कोहरे का प्रकोप शुरू होने वाला है, ऐसे में, सड़क दुर्घटनाओ के होने की संभावना है बाहर निकले सरिए के टुकड़े, टूटे डिवाइडर, सुरक्षा पोल न लगे होने, रेडियम पेंट न होने से यह खतरनाक हो सकता है। संस्था ने कहा कि सभी बाहर निकले सरियों, तारों को काट कर डिवाइडरों की मरम्मत कराई जाए । रेडियम पेंट युक्त सुरक्षा पोल एवं सड़कों पर रिफलेक्टर लगाए जाए। खतरनाक मोड़ों पर सुरक्षा के साइन बोर्ड लगाए जाए। इस दौरान नरेंद्र कुमार त्यागी, प्रदीप कुमार दीक्षित, मुकेश श्रीवास्तव,अंचल दीक्षित आदि मौजूद रहे।

आज रहेगा कचहरी में अवकाश

शाहजहांपुर। सेंट्रल बार एसोसिएशन की आमसभा 20 नवंबर के प्रस्ताव के अनुसार सोमवार को सभी अधिवक्ता सांकेतिक हड़ताल पर रहें। 24 नवंबर मंगलवार को गंगा स्नान के उपलक्ष में अवकाश रहेगा। 25 को न्यायालयों में विधिवत न्यायिक कार्य संपादित होंगे। जानकारी बार एसोसिएशन महासचिव नंदकिशोर राजेश अवस्थी ने दी।

डीएम ने किया डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेन्टर



शाहजहांपुर। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में कक्ष संख्या 13 प्रथम तल कलेक्ट्रेट में स्थापित डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेन्टर का डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों के अनुरक्षित रजिस्टर तथा फोन कॉल्स विवरण का भी निरीक्षण किया। साथ ही सम्बन्धितों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली किसी भी शिकायत का गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए तथा सम्बन्धित अभिलेख अभिरक्षित किये जाएं। इस दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, एसडीएम प्रियंका आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई गई धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की जयंती

समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।



खंडहर रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में सपा के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके संघर्ष और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं और पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ी और सामाजिक न्याय की राजनीति को नई दिशा दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से 132 विधानसभा जलालाबाद अध्यक्ष सूरज पाल यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव डॉ. मोहित शर्मा, जिला पंचायत सदस्य रामदास राठौर, जिला सचिव अंजली वर्मा व रामजी गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मालती कश्यप, लोहिया वाहिनी जिला उपाध्यक्ष कौशल यादव, मऊ नगर अध्यक्ष इबरार खान, राजेश यादव, बूथ अध्यक्ष सुमित कुशवाहा, मनोज यादव, डीपी भाई, सुनील कुमार, राजीव गुप्ता, वी.पी. सिंह यादव, श्यामवीर यादव, आकाश यादव, शिवम कश्यप एडवोकेट, बबलू कश्यप, मकरध्वज कश्यप, विक्रम, अवनीश बाबू, अमोद कुमार, सूरजपाल कश्यप, संजीव राज कश्यप, शरदवीर, संतोष, शिवराम, मनोज कश्यप और पंकज कश्यप समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चार साल के कठिन संघर्ष के बाद संदीप कुमार ने हासिल की टीजीटी अंग्रेजी शिक्षक पद पर सफलता

आठ वर्षों तक प्रधानाचार्य के रूप में दे चुके हैं सेवाएं, जनता इंटर कॉलेज सोहंग में मिली नियुक्ति से परिवार और क्षेत्र में खुशी

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।



मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। इसे सच कर दिखाया है पुवायां क्षेत्र के ग्राम रेहरिया निवासी संदीप कुमार ने। करीब चार वर्षों के निरंतर संघर्ष और कठिन परिश्रम के बाद उन्होंने टीजीटी अंग्रेजी शिक्षक पद पर नियुक्ति प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। संदीप कुमार पुत्र बनवारीलाल एवं नंदरानी देवी सात भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं। साधारण परिवार में पले-बढ़े संदीप ने शिक्षा और अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा समर्पण बनाए रखा। उनके बड़े भाई दिनेश कुमार यूपीएस बढौरा में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षा के प्रति परिवार के इसी वातावरण ने भी उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संदीप कुमार ने करीब आठ वर्षों तक मात्र शक्ति इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इसके बावजूद उन्होंने अपने शैक्षिक और व्यावसायिक लक्ष्य को नई दिशा देने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने नौकरी के अनुभव के साथ अपने सपने को प्राथमिकता देते हुए टीजीटी अंग्रेजी की तैयारी शुरू की। लगभग चार वर्षों तक लगातार मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने के बाद आखिरकार उन्हें सफलता मिल गई। उनका चयन जनता इंटर कॉलेज, ग्राम सोहंग, तहसील कसया, जनपद कुशीनगर, मंडल गोरखपुर में टीजीटी अंग्रेजी शिक्षक पद पर हुआ है। संदीप की इस उपलब्धि के पीछे माता-पिता का आशीर्वाद, गुरुजनों का मार्गदर्शन, परिवार का सहयोग और उनका स्वयं का अथक परिश्रम रहा है। उनकी सफलता इस बात का उदाहरण है कि अनुभव और उपलब्धियों के बावजूद यदि व्यक्ति में कुछ नया हासिल करने का जज्बा हो तो उम्र या परिस्थितियां उसके रास्ते की बाधा नहीं बन सकतीं। संदीप कुमार का मूल निवास ग्राम रेहरिया , पोस्ट सुनारा बुजुर्ग, तहसील पुवायां, जनपद शाहजहांपुर है। वर्तमान में वह पुवायां के मोहल्ला कसभरा तकिया में निवास कर रहे हैं। उनकी सफलता पर मित्रों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, कुचलता हुआ निकल गया वाहन

खुटार,शाहजहांपुर। खुटार-पूरनपुर हाईवे पर लोहंगापुर जंगल के पास रविवार को दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला सड़क पर गिर पड़ी। आरोप है कि इसके बाद वाहन महिला को कुचलता हुआ निकल गया। जानकारी के मुताबिक, लखीमपुर खीरी जिले की तहसील निघासन के दलराजपुर निवासी हरभजन सिंह अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी और 18 वर्षीय बेटी के साथ बाइक से किसी काम से पूरनपुर जा रहे थे। रास्ते में लोहंगापुर जंगल के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लक्ष्मी देवी सड़क पर गिर गईं। इसी दौरान अज्ञात वाहन उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना पर एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार ले जाया गया।

- पति और आठ वर्षीय बेटी के साथ पूरनपुर जा रही थी महिला, लोहंगापुर जंगल में हुआ दर्दनाक हादसा

पुलिस ने मेला बंद कराया, तो प्रबंधक ने थाना प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप



बंडा, शाहजहांपुर। नर्तकी के डांस को लेकर पुलिस ने मेला बंद करा दिया। मेला बंद होते ही कलाकार राम, लक्ष्मण, हनुमान के साथ रावण भी धरने पर बैठ गए और प्रबंधक के साथ थाना प्रभारी पर एक लाख रूपए मांगने का आरोप लगाने लगे। मेला बंद होने पर दर्शकों ने नाराजगी जताई है। बंडा में चल रही श्री रामलीला मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर विवाद होने पर पुलिस ने रविवार शाम मेला बंद करा दिया अचानक मेला बंद होने पर दर्शकों ने नाराजगी जताई और मेला प्रबंधक रमेश तिवारी ने थाना प्रभारी पर 90 हजार रुपए देने और 1 लाख की मांग करने का आरोप लगाया है। प्रबंधक के अनुसार 18 नवंबर को रावण का पुतला दहन होना था। लेकिन बरसात होने के कारण 5 दिन का मेला बढ़ा दिया गया और 23 नवंबर को पुतला दहन रखा गया। उनका आरोप है कि मेला बढ़ाने पर थाना प्रभारी ने अतिरिक्त रिश्वत मांगी नहीं दे पाने पर मेल बंद कर दिया। मेला बंद होते ही कलाकार धरने पर बैठ गए और वह भी पुलिस पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाने लगे दशकों में नाराजगी देखते हुए पुलिस ने दूसरे दिन मेला शुरू कराया। मेला बंद होने और पुलिस पर आरोप लगने का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया की कुछ उपद्रवी मेले में उपद्रव मचा रहे थे जिनको रोकने का आदेश दिया गया था। मेल बंद कराने और रिश्वत मांगने की बात निराधार है।

46 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

- पुलिस ने तीन मोबाइल और 600 रुपये भी बरामद

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

थाना रोजा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 46 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और 600 रुपये भी बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, रविवार को पुलिस टीम शांति व्यवस्था ड्यूटी और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति अवैध नशीला पदार्थ स्मैक लेकर ग्राम अटसलिया में रेलवे ओवरब्रिज के पास खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शैलेन्द्र सिंह उर्फ गोरे पुत्र विश्वनाथ सिंह, निवासी ग्राम पहाड़पुर, थाना मिर्जापुर, शाहजहांपुर तथा रामभजन उर्फ नन्हेलाल पुत्र नत्थूलाल, निवासी ग्राम अमईयापुर, थाना अमृतपुर, फर्रुखाबाद के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान शैलेन्द्र के पास से 25 ग्राम और रामभजन के पास से 21 ग्राम स्मैक बरामद हुई। कुल 46 ग्राम स्मैक के अलावा तीन मोबाइल फोन और 600 रुपये भी मिले। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना रोजा में मुकदमा संख्या 536/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

संविधान सप्ताह पर संविधान पढ़ो-पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



संविधान सप्ताह के उपलक्ष्य में द्वारिका प्रसाद पूर्व माध्यमिक विद्यालय में संविधान पढ़ो-पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन संविधान प्रचारिणी सभा उत्तर प्रदेश एवं अंशिका ग्राम उद्योग सेवा संस्थान के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में अंशिका ग्राम उद्योग सेवा संस्थान के प्रबंधक रमेश यादव, संस्थान के अध्यक्ष मुकेश परिहार तथा स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग से डॉ. अनिल कुमार शाह ने एलएलबी के छात्र अरविंद कुमार ने सहभागिता करते हुए बच्चों को भारतीय संविधान के विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना, नागरिकता, नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्य, शिक्षा का अधिकार तथा एक जागरूक नागरिक के रूप में उनकी भूमिका के बारे में बताया गया। बच्चों को समझाया गया कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन जीने, शिक्षा प्राप्त करने तथा समानता और स्वतंत्रता के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनिल कुमार शाह ने विद्यार्थियों से भारतीय संविधान की उद्देशिका (प्रस्तावना), मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों का सामूहिक वाचन भी कराया। उन्होंने बच्चों को संविधान पढ़ने, समझने और अपने दैनिक जीवन में संवैधानिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में बचपन से ही संवैधानिक जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग और कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना था। इस पहल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि संविधान की जानकारी केवल कानून के विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि देश के प्रत्येक बच्चे और नागरिक तक पहुंचनी चाहिए।

पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का समापन

- ग्रामीण युवाओं ने सीखा कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने का हुनर

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र में 18 नवम्बर से 23 नवम्बर तक चल रहे पांच दिवसीय ग्रामीण युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का समापन हुआ। शुभारम्भ केंद्र प्रभारी अधिकारी डॉ. एनपी गुप्ता द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए 15 ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ऑयस्टर, बटन एवं मिल्की मशरूम की खेती की सम्पूर्ण जानकारी सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक रूप से दी गई।प्रशिक्षण के प्रथम दिन मशरूम के पोषक तत्वों, प्रकारों एवं महत्व के बारे में बताया गया। द्वितीय एवं तृतीय दिन प्रतिभागियों ने स्वयं भूसा तैयार करना, भूसा उपचारित करना, बैग भरना एवं स्पॉन डालना सीखा। चतुर्थ दिन मशरूम में लगने वाली बीमारियों, रोकथाम एवं मूल्य संवर्धन जैसे मशरूम अचार, पापड़ एवं सूप पाउडर बनाने की विधि बताई गई। अंतिम दिन लागत एवं मुनाफे का हिसाब तथा विपणन की जानकारी दी गई।केंद्र वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण प्रभारी



डॉ. हादी हुसैन खान ने कहा कि मशरूम की खेती एक कमरे में भी शुरू की जा सकती है। इसमें खेत की आवश्यकता नहीं होती। मात्र 25-30 दिन में पहली फसल मिल जाती है। यह बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं के लिए स्वरोजगार का सबसे अच्छा साधन है। 100 बैग से शुरू करने पर लगभग 5,000 से 6,000 रुपये की लागत आती है, जिससे 70-80 किलो मशरूम प्राप्त होता है और 3,500 से 4,500 रुपये का शुद्ध मुनाफा होता है।प्रशिक्षण दौरान केंद्र प्रभारी अधिकारी डॉ. एन. पी. गुप्ता ने मशरूम को मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी बताया तथा विभिन्न औषधियों में इसके उपयोग के महत्व के बारे में बताया। केंद्र की गृह विज्ञान वैज्ञानिक कु. विद्या गुप्ता ने मशरूम के मूल्य संवर्धन के बारे में जानकारी दी। केंद्र इंजीनियर गौरव शर्मा ने मशरूम उत्पादन हेतु बनाई जाने वाली संरचना के बारे में बताया और तापमान एवं आर्द्रता के बारे में जानकारी दी।केंद्र उद्यान वैज्ञानिक डॉ. महेश कुमार ने मशरूम की विभिन्न प्रजातियों, उनके पोषक महत्व एवं बागवानी फसलों के साथ मशरूम उत्पादन की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।केंद्र वैज्ञानिक प्रसार डॉ. सीपी गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार, सरकारी योजनाओं एवं मशरूम के विपणन के बारे में जानकारी दी तथा प्रशिक्षण के बाद भी केंद्र से तकनीकी सहायता मिलने का आश्वासन दिया। केंद्र वैज्ञानिक डॉ. विमल कुमार सिंह ने मशरूम में लगने वाले कीट एवं रोगों की जानकारी देते हुए उसके निवारण के बारे में चर्चा की।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, अनूप कुमार सिंह, शुभम सागर, प्रगतिशील किसान अली मोहम्मद, अनुज यादव का सहयोग रहा। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि अब वे अपने घर पर ही मशरूम उत्पादन शुरू करेंगे।

कथा व्यास ने सुनाया सती अनसुईया का प्रसंग



सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर। मां जालिपा देवी भैरों बाबा मन्दिर प्रांगण में होने वाले 19वें श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास ब्रजबिहारी ने सती अनसुईया के सतीत्व की परीक्षा लेने आये त्रिदेवों की कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। व्यास ने सती अनसुईया प्रजापति कर्दम और देवहूति की पुत्री तथा महर्षि अत्रि की धर्मपत्नी थीं। अपने अडिग पतिव्रत धर्म और तप के प्रभाव से वे सती अनसूया के रूप में प्रसिद्ध हुईं। देवर्षि नारद ने लक्ष्मी, पार्वती और सरस्वती के समक्ष अनसूया के सतीत्व की प्रशंसा की। देवियों के आग्रह पर ब्रह्मा, विष्णु और महेश उनकी परीक्षा लेने के लिए साधु वेश में आश्रम पहुँच कर भिक्षा और भोजन की यह शर्त रखी कि अनसूया उन्हें निर्वस्त्र होकर भोजन कराएँ। अनसूया ने अपने पतिव्रत के बल से जल छिड़ककर तीनों देवों को नवजात शिशु बनाया और मातृत्वभाव से उन्हें दूध पिलाया और पालने में सुला दिया। और त्रिदेवों के वापस नहीं लौटे, तो देवियों को नारद जी के माध्यम से अपनी भूल का बोध हुआ। वे आश्रम पहुँचीं और क्षमा माँगकर अपने पतियों को मूल रूप में लाने का अनुरोध किया। अनसूया ने उन्हें पुनः पूर्व स्वरूप प्रदान किया। व्यवस्था में ध्रुव सिंह, शरद सिंह, अभिराम त्रिवेदी, शिवम् शर्मा, पिंकू का योगदान रहा।

44 करोड़ रुपये से रोजा में बनेगा नाला, वित्त मंत्री ने किया शिलान्यास

रोजा अड्डे से सड़क के दोनों ओर होगा निर्माण, जलभराव की समस्या से मिलेगी राहत, जल्द काम पूरा करने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



रोजा क्षेत्र में अर्बन फ्लड, जल प्लावन नियंत्रण एवं स्टार्म वाटर ड्रेनेज योजना के अंतर्गत जल निकासी की समस्या से निजात दिलाने के लिए 44 करोड़ रुपये की लागत से नाला निर्माण परियोजना का शुभारंभ किया गया। सोमवार शाम वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रोजा अड्डे पर परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य जल्द शुरू कर निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

परियोजना के तहत रोजा अड्डे से सड़क के दोनों ओर नाले का निर्माण कराया जाएगा। लंबे समय से क्षेत्र के लोगों को जल निकासी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बारिश के दौरान जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। नाला निर्माण होने से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

44 करोड़ रुपये की इस परियोजना को रोजा क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नाला निर्माण से जलभराव की पुरानी समस्या के समाधान के साथ ही सड़क किनारे रहने वाले लोगों और व्यापारियों को भी राहत मिलेगी।

शिलान्यास के दौरान वित्त मंत्री ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और काम में अनावश्यक देरी न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए, जिससे जनता को योजनाओं का लाभ जल्द मिल सके।

इस मौके पर सासंद अरूण सागर, विधान परिषद सदस्य डा. सुधीर गुप्ता, महापौर अर्चना वर्मा, नगर आयुक्त सौम्या गुरूरानी, परियोजना प्रबंधक सुबोध कुमार, पार्षद अरविंद राजपाल, पूर्व प्रधान एवं पार्षद पति अरुण सिंह, अजय कुमार वर्मा उर्फ गोलू, नामित पार्षद रामनिवास वाल्मीकी, अनिल मालवीय, मानवेंद्र सिंह, विनीत शुक्ला, सुरेंद्र कश्यप, नरेन्द्र त्यागी, सर्वेश पाल, अरविंद शर्मा, गंगाराम प्रेमी, गिरजाशंकर, सुशील शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दहेज हत्या के मुकदमे में पति दबोचा, जेल भेजा

- बाबा चौराहे के पास मैलानी रोड से पुलिस ने पकड़ा, ससुर समेत अन्य नामजद आरोपियों की तलाश जारी

खुटार, शाहजहांपुर। दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को खुटार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को घेराबंदी कर उसे बाबा चौराहे के पास मैलानी रोड से हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। मामला थाना क्षेत्र के गांव नवदिया ओरीलाल का है। गांव निवासी सुनील कुमार ने अपनी 20 वर्षीय पुत्री हिमांशी देवी की मौत के मामले में पति दुर्वेश कुमार, ससुर रामसिंह और चार बहनोईयों के खिलाफ प्रताड़ना तथा अतिरिक्त दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी थी। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस टीम ने आरोपी पति दुर्वेश कुमार पुत्र रामसिंह निवासी नवदिया ओरीलाल को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र, कांस्टेबल निर्दोष कुमार और फिरोज हसन शामिल रहे। पुलिस के अनुसार मामले में अन्य नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है। विवेचना जारी है।

खबरें एक नजर में

डीएम के औचक निरीक्षण में प्रशासनिक अधिकारी सहित 22 कार्मिक अनुपस्थित मिले, स्पस्टीकरण

शाहजहांपुर। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को प्रातः 10.25 बजे कलेक्ट्रेट स्थित संयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारी सहित कुल 22 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। डीएम ने कार्यालय में उपस्थिति, कार्यप्रणाली एवं शासकीय कार्यों के संचालन की स्थिति का जायजा लिया। कार्यालय में कार्मिकों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कार्मिकों के स्पष्टीकरण के निर्देश दिए हैं। साथ ही डीएम ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु बनाए गए डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर हेल्प लाइन 1950 का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों को विधिवत् दर्ज कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

हाईवे पर ट्रक ने मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

तिलहर-शाहजहांपुर। हाईवे पार कर रहे युवक को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक रविवार देर शाम ग्राम ढकिया रघा निवासी 25 वर्षीय बबलू हाईवे स्थित कल्लू ढाबा के पास सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

चेतावनी के बाद दुकानदार खुद हटाने लगे अतिक्रमण



रोजा, शाहजहांपुर। रोजा अड्डे से आदर्श नगर कॉलोनी होते हुए मालगोदाम तक सड़क चैड़ीकरण और सड़क निर्माण की तैयारी के बीच नगर निगम की चेतावनी का असर दिखाई देने लगा है। नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन का समय दिए जाने के बाद सोमवार को ही कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने से अतिक्रमण और सामान हटाना शुरू कर दिया। नगर निगम ने रविवार को क्षेत्र में मुनादी कराकर दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों को तीन दिन के अंदर स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी लाउडस्पीकर के माध्यम से स्पष्ट किया गया था कि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर निगम की ओर से कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को चेतावनी के बाद आदर्श नगर कॉलोनी क्षेत्र में कुछ दुकानदार स्वयं अपनी दुकानों के बाहर रखा सामान, अस्थायी निर्माण और अन्य अतिक्रमण हटाने में जुटे दिखाई दिए। सड़क चैड़ीकरण और निर्माण कार्य को लेकर नगर निगम की इस पहल से क्षेत्र में हलचल मची हुई है। रोजा अड्डे से मालगोदाम तक सड़क चैड़ीकरण होने से यातायात व्यवस्था बेहतर होने और जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। नगर निगम की चेतावनी के बाद दुकानदारों ने खुद अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है, जिससे आगामी कार्रवाई से पहले रास्ता साफ होने की संभावना है।

शीतलहर से बचाव को रैन बसेरों एवं अलाव की व्यवस्था समय से हो: जिलाधिकारी

शाहजहांपुर। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शीतलहर से बचाव एवं निराश्रित और जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करने के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में बैठक आयोजित की गई। गत वर्ष स्थापित स्थायी, अस्थायी रैन बसेरों और अलाव व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने नगरायुक्त, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के ईओ को निर्देशित किया कि बस स्टैंड, प्रमुख चैराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यकता के अनुसार रैन बसेरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे ठंड के दौरान निराश्रित, यात्रियों एवं जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित आश्रय मिल सके। सभी रैन बसेरों के बाहर स्पष्ट बोर्ड तथा सार्वजनिक स्थलों पर साइन बोर्ड लगाए जाएं, जिन पर रैन बसेरों में उपलब्ध निःशुल्क सुविधाओं का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाए। रैन बसेरों में पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, बिस्तर एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध रहें। अधिकारी 30 नवंबर तक रैन बसेरों एवं अलाव की व्यवस्था सहित तैयारियां पूर्ण कर लें, ताकि 1 दिसंबर से रैन बसेरों का संचालन सुनिश्चित हो सके।डीएम ने एडीएम वित्त को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण की तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे जरूरतमंदों को शीतलहर के दौरान राहत पहुंचाई जा सके। बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एडीएम वित्त राजस्व अरविंद कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गोला गोकर्णनाथ में बड़ा हादसा टला, मौरंग भरे ट्राले ने कार को घसीटा, कार के दोनों गेट क्षतिग्रस्त

लखीमपुर खीरी। गोला गोकर्णनाथ के विकास चौराहे पर आज सुबह करीब 9 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार, मौरंग से भरे एक ट्राले ने कार को अपनी चपेट में लेकर कुछ दूर तक घसीट लिया। हादसे में कार के दोनों गेट क्षतिग्रस्त हो गए। कार स्वामी ने किसी तरह अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों के अनुसार, शुगर फैक्ट्री का संचालन शुरू होते ही इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। वहीं सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण रास्ता संकरा हो जाता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि विकास चौराहे पर सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को हटवाया जाए तथा भारी वाहनों के आवागमन को व्यवस्थित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

शराब के लिए रुपये न देने पर मारपीट व आगजनी का आरोप, भूसे के कूपों समेत पंपसेट इंजन जला

मदनापुर,शाहजहांपुर। थाना मदनापुर के अंतर्गत पेहना गांव में शराब के लिए रुपये न देने पर मारपीट और आगजनी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित प्रमोद कुमार पुत्र पुत्तू सिंह ने गांव के ही चार लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और मकान के पास रखे भूसे के कूपों में आग लगाने का आरोप लगाया है। पीड़ित द्वारा थाना मदनापुर में दी गई तहरीर के अनुसार, 20 नवंबर 2026 की रात करीब 11 बजे गांव के ही कुछ लोग कथित रूप से शराब के नशे में उसके घर पहुंचे। आरोप है कि चारों ने शराब पीने के लिए जबरन रुपये मांगे। विरोध करने पर उसके साथ हाथापाई और मारपीट की तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रमोद कुमार का आरोप है कि इसी दौरान रमेश ने अन्य आरोपियों से उसके मकान में आग लगाने को कहा। इसके बाद सूरज, अमन और छोटू ने मकान के पास रखे दो भूसे के कूपों में आग लगा दी। आग की चपेट में आने से कंडों की बठिया और पंपसेट इंजन भी जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित के मुताबिक आग काफी समय तक जलती रही, जिससे उसे आर्थिक नुकसान हुआ। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद उसने थाना मदनापुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। उसका आरोप है कि पुलिस कार्रवाई करने के बजाय उस पर समझौते का दबाव बना रही है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, उचित कानूनी कार्रवाई करने और आगजनी में हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

संविधान दिवस पर आर्य कन्या इंटर कॉलेज में जागरूकता शिविर, मौलिक अधिकार व कर्तव्यों की दी जानकारी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आर्य कन्या इंटर कॉलेज, शाहजहांपुर में मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रवण कुमार तिवारी विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्रवण कुमार तिवारी विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा भारतीय संविधान के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के संबंध में उपस्थित छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने संविधान के आदर्शों एवं मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए उपस्थित सभी को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी कराया। इसके उपरांत सुरेश पाल विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय द्वारा मौलिक अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में मुकेश कुमार गुप्ता डिप्टी एल.ए.डी.सी.एस. द्वारा भारतीय संविधान की मूल भावना, संविधान के महत्व तथा मौलिक कर्तव्यों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए सभी से अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अदील कुमार, पी.एल.वी. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहांपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या अपर्णा मौर्य द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिकाएं, छात्राएं एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

दो पक्षों में हुई मारपीट में छह घायल, क्रॉस रिपोर्ट दर्ज

तिलहर-शाहजहांपुर । दो पक्षों में हुई मारपीट में छह लोग घायल हो गए। उक्त मामले में पुलिस ने सोमवार को दोनों पक्षों की ओर से क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दो दिन पूर्व घटना में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे । जिनका पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया था। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार देर शाम करीब नौ बजे रुजवारी फाटक पर किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। प्रथम पक्ष की ग्राम रुजवारी निवासी 45 वर्षीय हीराकली, उनके पति 50 वर्षीय सुरेश, 21 वर्षीय बेटा मोहित और 19 वर्षीय बेटी उपासना घायल हो गए थे। इस पक्ष का आरोप है कि उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की गई, जिसका विरोध करने पर मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष के ग्राम दोदराजपुर निवासी 27 वर्षीय गौतम और 37 वर्षीय रंजीत घायल हुए थे। दूसरे पक्ष का आरोप है कि युवती ने अपनी स्कूटी उनके पैर पर चढ़ा दी थी, जिससे वे घायल हो गए थे। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी, किसानों की फसल बचाने की गुहार पर विवाद गहराया

समृद्धि न्यूज, अल्हागंज, शाहजहांपुर।



थाना अल्हगंज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजस्व ग्राम कोठा मझा में राजमार्ग से गांव को जोड़ने वाले सड़क मार्ग के निर्माण को लेकर उपजा विवाद सोमवार को और अधिक गंभीर हो गया। निर्माण कार्य में कथित तौर पर मानकों की अनदेखी किए जाने और किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान को लेकर स्थानीय ग्रामीणों व किसानों में गहरा आक्रोश है। ठिगरी निवासी किसान विनीत कुमार पुत्र सूरजपाल ने पूर्व में ही संबंधित उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा था। शिकायती पत्र में किसान ने आरोप लगाया था कि सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार द्वारा तय मानकों और नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। विनीत कुमार के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान बरती जा रही अनियमितताओं के कारण उनके गाटा संख्या 144 और गाटा संख्या 163 में खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंच रहा है। किसान का कहना है कि बिना उचित जल निकासी या सुरक्षा उपायों के किए जा रहे निर्माण कार्य से उनकी उपजाऊ जमीन और फसलें बर्बाद हो रही हैं। सोमवार को जब निर्माण कार्य दोबारा आगे बढ़ा, तो स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। मानकों के विपरीत हो रहे काम और किसानों की शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य में सुधार कर मानकों का पालन नहीं किया गया और फसलों को हो रहे नुकसान का मुआवजा या समाधान नहीं निकाला गया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

सपा कार्यालय पर मनाई गई समाजवादी चिंतक लोकबंधु राजनारायण की जयंती

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी चिंतक लोकबंधु राजनारायण की जयंती जनपद के बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और लोकबंधु राजनारायण के विचारों पर चर्चा की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी राम कुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार बाजपेई, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष असलम खान, सपा नेत्री रागिनी सिंह चैहान, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष उत्पल यादव, सपा जिला सचिव अजीज अहमद खान, महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, महिला सभा की जिला उपाध्यक्ष नीलम, पूर्व सभासद दुर्गेश कुमार गुप्ता, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, तेजपाल यादव, अखिलेश यादव, रामनिवास यादव, शिव सिंह, अनूप कुमार वर्मा, मोहम्मद हुसैन, मनोज शुक्ला, हिमांशु कुमार, राजिक अली, सुरजीत यादव, साजिद खान, दीपू मौर्य, नाजिम खान उर्फ पप्पू, मोहम्मद अली, आरिफ खान आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पंचायत, खुटार जनपद शाहजहाँपुर

पत्रांकः 753/न0पॅ0ख्0/2026-27 दिनांकः 21 नवम्बर 2026

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खुटार शाहजहाँपुर स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शासन के निर्देशों के अनुपालन में निकाय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु निर्मित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) का सफल संचालन हेतु एम. आर. एफ. सेंटर पर पालिका वाहनों के द्वारा पहुँचाये जाने वाले सूखे व गीले कूडे का पृथक्कीकरण का कार्य तथा पृथक्कीकरण के उपरान्त अलग की गयी उपयुक्त सामग्री यथा प्लॉस्टिक, पॉलीथीन, गिलास, बॉटल, कॉच, गत्ता, कपडा, लोहा, टीन इत्यादि को एम.आर.एफ. सेंटर में उपलब्ध/स्थापित मशीनों के द्वारा बिक्री योग्य तैयार करने हेतु 02 वर्ष की अवधि के अन्तर्गत प्रतिमाह के अनुसार सम्बन्धित ठेकेदारों/फर्मो/कार्यदायी संस्थाओं से अति अल्पकालीन निविदायें/प्रस्ताव निम्नांकित विवरण के अनुसार आमंत्रित करती है-

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि व स्थान	दिनॉक **30–11–2026 अपरान्ह 12 बजे तक** कार्यालय नगर पंचायत खुटार
अर्नेस्ट मनी एवं निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व स्थान	दिनॉक **30–11–2026 अपरान्ह 02 बजे तक** कार्यालय नगर पंचायत खुटार
निविदा खोलने की तिथि समय व स्थान	दिनॉक **30–11–2026 सायं 04 बजे से** कार्यालय नगर पंचायत खुटार

क0सं0	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य की अवधि
1	ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (MRF) पर कूडे के पृथक्करण का कार्य, सफल संचालन किया जाना।	50000.00	590.00	01 वर्ष हेतु प्रतिमाह के अनुसार

नोटः- ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (MRF) पर कूडे के पृथक्करण का कार्य संतोषजन न होने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी । निविदा की शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पंचायत खुटार में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खुटार
शाहजहाँपुर

मैना देवी
अध्यक्ष
नगर पंचायत खुटार
शाहजहाँपुर

कार्यालय नगर पंचायत खुटार, जनपद-शाहजहाँपुर

पत्रांक 754/न.पं.-खु/निविदा सूचना/2026-27 **दिनांक- 21.11.2026**

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं से शीतलहर के दौरान नगर में अलाव जलवाये जाने हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार जलावन लकड़ी/भूसी की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदायें दिनांक 30.11.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.11.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत,खुटार शाहजहांपुर से नकद राशि जमा करके क्रय किये जा सकते है। समस्त कार्यो की निविदायें कार्यालय नगर पंचायत, खुटार शाहजहांपुर में रखे टेण्डर बाक्स में दिनांक 30.11.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक डाली जा सकेगी। प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 30.11.2026 को सायं 4:00 बजे से खोली जायेगी।

क0 सं0	प्रस्तावित कार्यों का विवरण	आगणन की धनराशि	जमानत की धनराशि 2%	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2	3	4	5	6
1	अलाव हेतु जलावन लकडी की आपूर्ति। (दरें प्रति कुन्तल में)	–	5000.00	आवश्यकता नुसार	590.00
2	अलाव हेतु भूसी की आपूर्ति। (दरें प्रति कुन्तल में)	–	5000.00	आवश्यकता नुसार	590.00

1. निविदा के साथ उपरोक्तानुसार जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक हो अथवा नकद जमा किया जाना अनिवार्य है।
2. उपरोक्त आपूर्ति आवश्यकता के अनुरूप दैनिक रूप से करनी होगी।
3. उपरोक्त कार्यों से सम्बन्धित अन्य शर्तें व जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खुटार,
शाहजहाँपुर।

अध्यक्ष
नगर पंचायत खुटार,
शाहजहाँपुर।

डॉ शैलेन्द्र वर्मा किसान संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मानवाधिकार परिषद के महासचिव बने

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर-खीरी।



जनपद के शिव कॉलोनी निवासी डॉ. शैलेन्द्र वर्मा को सामाजिक कार्यों, जनसेवा और किसानों के हितों के प्रति समर्पण को देखते हुए दो महत्वपूर्ण संगठनों में प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हिंद किसान संगठन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष टीएन मिश्रा ने डॉ. शैलेन्द्र वर्मा को उत्तर प्रदेश का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र में संगठन के विस्तार एवं मजबूती के साथ किसानों के हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने, गरीब, असहाय महिलाओं और वंचित वर्गों की सहायता करने तथा पात्र किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की अपेक्षा जताई गई है। वहीं, इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कार्उंसिल के चेयरमैन टीएन मिश्रा ने उन्हें उत्तर प्रदेश का महासचिव नियुक्त किया है। इस नियुक्ति में उनकी सामाजिक कल्याण के प्रति निष्ठा, निरंतर सक्रियता और सेवा भावना को आधार बताया गया है। दोनों संगठनों की ओर से डॉ. शैलेन्द्र वर्मा पर भरोसा जताते हुए उम्मीद की गई है कि वह अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देंगे। जनपद में उन्हें मिली इन दो महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को लेकर शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।

छोटी काशी के मनोज को मिला राधा चालीसा और सर्वाधिक 36 सवैया का वर्ल्ड रिकार्ड



लखीमपुर खीरी। शहर के मुहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी सवैया कलश के संपादक और उड़ान अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था के प्रशासक मनोज कुमार शुक्ला मनुज को श्री राधा चालीसा और सबसे अधिक 36 सवैया में वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है, जिसको लेकर साहित्यिक संस्थाओं में हर्ष का माहौलहै। विश्व रिकॉर्ड के एशिया पैसिफिक हेड केंजो मेटओ ने 20 नवंबर 2026 विश्व रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट जारी किया है। मनुज का कहना है कि साहित्य के प्रति समर्पण, छंद साधना और रचनात्मक प्रतिभा विशिष्ट पहचान दिलाती है। उन्होंने साहित्य जगत में सवैया कलश के रूप में अपनी अलग पहचान रखते हैं। वह वर्तमान में लखनऊ में निवास करते हैं और बरेली में राजपत्रित अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ-साथ वह साहित्य, अध्यात्म और ज्योतिष के क्षेत्र में भी निरंतर सक्रिय हैं। छंद ज्ञान देकर हिंदी छंदों के प्रचार-प्रसार में योगदान दे रहे हैं। उनकी साहित्यिक उपलब्धियों में 'मैंने जीवन पृष्ठ टटोले', 'मन शिवाला हो गया' और 'दुर्गा चालीसा' जैसी कृतियां शामिल हैं। 'मन शिवाला हो गया' के लिए उन्हें राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश की ओर से गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही का एक लाख रूपये का पुरस्कार भी प्रदान किया जा चुका है। सवैया छंद के क्षेत्र में विश्व रिकार्ड की यह उपलब्धि उनके साहित्यिक सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

घोर लापरवाही से हम सभी अकाल मृत्यु के मुंहाने पर

पर्यावरण ही एकमेव जीवसृष्टि का आधार है, जबकि हर भारतीय दूषित हवा में सांस ले रहा, फिर भी हम नहीं सुधरते, पर्यावरण को सहेजना प्रत्येक की जिम्मेदारी हैं। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सकारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता के बारे में वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए, हर साल 26 नवंबर को विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया जाता हैं। वाहनों से होने वाला उत्सर्जन और भीड़-भाड़, औद्योगिक गतिविधियां और थर्मल पावर, घरों में ठोस ईंधन जैसे लकड़ी, कोयला जलाना, निर्माण कार्य और सड़कों की धूल, बायोमास और खुले में कचरा जलाना, खेतों में पराली जलाना, पटाखे जलाना, मौसम संबंधी कारणों से प्रदूषकों का जमा होना, बिना प्रक्रिया किया गया नगरपालिका का सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, रासायनिक वस्त्रोद्योग, अक्सर बिना उपचार किए भारी धातुओं और जहरीले कचरे को पास के जल स्रोतों में बहा देना, घातक रसायनों का प्रयोग होनेवाली खेती से बहकर आने वाला प्रदूषित पानी, ठोस और ई-अपशिष्ट का कुप्रबंधन, रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग, खनन और औद्योगिक कचरे को कहीं भी फेंक देना, अनियंत्रित निर्माण कार्य और व्यावसायिक गतिविधियां। ऐसे अनेक कारण प्रदूषण स्तर को अत्यधिक खतरनाक मोड़ पर ले गये हैं। पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक 2026 अनुसार, 177 देशों की सूची में भारत को 22.46 के स्कोर के साथ 176वां स्थान मिला है, इस स्थान से हम गंभीर वास्तविकता का अंदाजा लगा सकते है, भारत देश 2016 में 141वें स्थान पर था। 2022 से भारत सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले पांच देशों में शामिल रहा है। हमारा स्कोर भूटान 82वें, श्रीलंका 118वें, नेपाल 134वें, पाकिस्तान 148वें और बांग्लादेश 161वें जैसे पड़ोसी देशों की तुलना में पिछड़ा हुआ हैं। लगातार बढ़ रहे शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण वायु गुणवत्ता, जैव विविधता और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर लगातार दबाव बना हैं। हालांकि नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता के बुनियादी सुविधा ने सकारात्मक सहयोग दिया हैं। जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में से 120वें स्थान पर हैं। 2026 के वैश्विक भुखमरी सूचकांक में 122 देशों में से भारत 100वें स्थान पर है। इसका स्कोर 24.1 है, जो इसे गंभीर भुखमरी की श्रेणी में रखता हैं। वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक अनुसार, भारत देश दुनिया का दूसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश है। भारत देश की लगभग 140 करोड़ जनता ऐसे वातावरण में रहती है, जहां की वायु विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दर्शाये पीएम2.5 से भी अधिक हैं। कुछ हिस्से में तो यह भारत के अपने राष्ट्रीय मानक से भी कहीं ज्यादा ऊपर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बताये गए दिशानिर्देशों अनुसार, सूक्ष्म कण एक औसत भारतीय की जीवन प्रत्याशा को लगभग 3.5 साल कम कर देते है, जबकि दिल्ली-एनसीआर जैसे स्थल के निवासियों की जीवन प्रत्याशा में 8.2 साल तक की कमी आ सकती हैं। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 की रिपोर्ट बताती है कि, 2023 में भारत में 20 लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं, जो 2000 के मुकाबले 43 फीसदी ज्यादा है और द लैंसेट काउंटडाउन 2025 के मुताबिक, 2022 में 17.2 लाख मौतें केवल इंसानों द्वारा निर्मित सूक्ष्म कणों की वजह से हुईं, इस नुकसान की कीमत 339.4 अरब अमेरिकी डॉलर आंकी गई है, जो भारत की जीडीपी का 9.5 प्रतिशत है। इन आंकड़ों से ही आकलन लगा सकते हैं कि, देश में प्रकृति के प्रति घोर लापरवाही और पर्यावरणीय ह्रास की कितनी बड़ी कीमत आम इंसान को चुकानी पड़ रही हैं। प्रदूषण के कारण जानलेवा बीमारियां जैसे हृदय संबंधी बीमारियां, स्ट्रोक, फेफड़ों को लगातार नुकसान पहुंचना और सांस लेने में गंभीर संकट, निमोनिया और श्वसन संबंधी संक्रमण, कैंसर पैदा करने वाले प्रदूषकों और औद्योगिक उत्सर्जन के लंबे समय तक सांस के जरिए शरीर में जाने से होने वाले कैंसर, मेटाबॉलिक, किडनी और पानी से होने वाली बीमारियां, टाइप 2 डायबिटीज, दीर्घकालिक वृक्क रोग का खतरा लगातार बढ़ता हैं। यह बीमारियां बेहद खर्चीली एवं मौत के मुंह में धकेलनेवाली हैं। अभी हाल ही में इंडिया टुडे में प्रकाशित एक खबर पढ़ी, जिसमें मशहूर चिकित्सक डॉ. संजीव बागई ने, देश में वायु प्रदूषण से हर साल होनेवाली मौतों की तुलना हिरोशिमा, नागासाकी और कोविड-19 से होने वाली मौतों से की। प्रदूषण मनुष्य के प्रत्येक अंग को नुकसान पहुंचा रहा है, यहा तक की गर्भवती महिला के पेट में पल रहे बच्चे को भी बीमार कर रहा हैं। हर चीज प्रकृति की देन है, हर व्यवसाय या उद्योग के लिए आवश्यक कच्चा माल भी पर्यावरण से ही मिलता हैं। पिछले कुछ दशकों में मानव ने विकास के नाम पर खूब यांत्रिकी संसाधनों की खोज की और मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जमकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया हैं। बहुत-सी प्राकृतिक चीजे तो आनेवाली पीढ़ियों को दिखेगी भी नहीं, अर्थात उनके हिस्से की भी चीजे आज मानव उपभोग चूका हैं। अक्सर कोयला और खनिजों के खनन के लिए या औद्योगिक आवश्यकताओ की पूर्ति के लिए जंगल काटते है, राजमार्ग, रेलवे लाइन, बांध बनाने या शहरीकरण के लिए जमीन साफ करते हैं। फर्नीचर, कागज, निर्माण कार्य के लिए लकड़ी और ईंधन के लिए भी लगातार पेड़ कटते हैं। लेकिन जंगलों को खत्म करने से वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं। उपजाऊ मिट्टी का क्षरण होता है, मिट्टी का कटाव होता है, जिसके कारण बाढ़ या सूखे की स्थिति उत्पन्न होती है। कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है, शुद्ध प्राणवायु कम होती हैं। प्रदूषण बढ़ता है, प्राकृतिक आपदायें लगातार बढ़ती हैं। इसका सीधा असर जीवसृष्टि के प्रत्येक जीव, पर्यावरण के हर घटक, ऋतुचक्र और जलवायु पर पड़ता हैं। हमारी रोग प्रतिकारक क्षमता कमजोर होती है, बीमारियां बढ़ती है, अकाल मृत्यु में भयावह वृद्धि होती हैं। पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण के कारण एवं उसके रोकथाम के उपाय सबको पता है, अर्थात सरकार से लेकर एक सामान्य नागरिक तक इस बारे में जानते है।

वैश्विक बाजार में भारत निर्यात के नए भूगोल से बदल रही आर्थिक तस्वीर



डॉ. मयंक चतुर्वेदी



विश्व में बदलते व्यापारिक समीकरणों और बाजारों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में भारत का वस्तु निर्यात नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में अफ्रीका से लेकर एशिया, अमेरिका और यूरोप तक भारतीय उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होना इस बदलाव का संकेत है। खास बात यह है कि भारत के निर्यात की रफ्तार आज पारंपरिक बाजारों से आगे जाकर अफ्रीका में 44 प्रतिशत, एशिया में 21 प्रतिशत और अमेरिका में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करा रही है। देखने में आ रहा है कि इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम, रसायन और औषधि उद्योग इस विस्तार के प्रमुख आधार बनकर उभरे हैं। हमारे लिए निर्यात बढ़ने का अर्थ है कि दुनिया के दूसरे देशों में उस देश के उत्पादों की स्वीकार्यता बढ़ रही है। एशिया को भारत का निर्यात 21 प्रतिशत बढ़कर 103.84 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका को 66.82 अरब डॉलर और यूरोप को 51.04 अरब डॉलर का निर्यात हुआ। सबसे श्रेष्ठ प्रदर्शन अफ्रीका का रहा, जहां भारतीय वस्तुओं का निर्यात 44 प्रतिशत बढ़कर 31.42 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

भारत का निर्यात आज कुछ गिने-चुने देशों और बाजारों पर निर्भर रहने के बजाय अनेक भौगोलिक क्षेत्रों में अपना विस्तार कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में यह विविधीकरण आर्थिक सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। सबसे अधिक दक्षिण अफ्रीका, तंजानिया, केन्या, मिस्र, नाइजीरिया और मोजाम्बिक जैसे बाजारों में भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ी है। तंजानिया को निर्यात में 121 प्रतिशत और केन्या में 101 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मिस्र में यह वृद्धि 73 प्रतिशत रही। दक्षिण अफ्रीका को 5.69 अरब डॉलर का निर्यात हुआ। इस विस्तार के पीछे पेट्रोलियम उत्पादों और इंजीनियरिंग वस्तुओं की महत्वपूर्ण भूमिका भी दिखाई देती है। अफ्रीका को पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 137 प्रतिशत बढ़कर 11.85 अरब डॉलर पहुंच गया। इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात भी 29 प्रतिशत बढ़कर 7.48 अरब डॉलर हो गया। वैश्विक विकास के नजरिए से देखें तो अफ्रीका तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं, आधारभूत संरचना की जरूरतों और बढ़ते उपभोक्ता बाजार वाला महाद्वीप है। ऐसे में स्वभाविक है कि भारत के लिए भी यहां व्यापार विस्तार के साथ औद्योगिक सहयोग, तकनीकी साझेदारी और दीर्घकालिक आर्थिक संबंधों की भी व्यापक संभावनाएं हैं।

यहां एक नजर एशिया पर भी डाल लेते हैं, यह लंबे समय से भारत का महत्वपूर्ण व्यापारिक क्षेत्र है। अब इस बाजार में भारतीय निर्यात की बढ़ती गति नए अवसर पैदा कर रही है। चीन को निर्यात 36 प्रतिशत बढ़कर 11.39 अरब डॉलर और सिंगापुर को निर्यात 103 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11.07 अरब डॉलर पहुंचा है। मलेशिया में 83 प्रतिशत और हांगकांग में 37 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। बांग्लादेश, नेपाल, जापान, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया और वियतनाम जैसे बाजार भी भारत के निर्यात विस्तार में योगदान दे रहे हैं।

इन राष्ट्रों में उत्पादों की बात करें तो इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 27.47 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 17.05 अरब डॉलर और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात 10.54 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में 91 प्रतिशत की वृद्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के निर्यात में एशिया में 91 प्रतिशत की वृद्धि इस क्षेत्र की संभावनाओं को रेखांकित करती है। इंजीनियरिंग उत्पादों की व्यापक मांग भी भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। अफ्रीका एवं एशिया की तरह ही अमेरिका भारत के निर्यात का एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है। इस क्षेत्र में निर्यात 13 प्रतिशत बढ़कर 66.82 अरब डॉलर हो गया। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका की हिस्सेदारी सबसे बड़ी रही, जहां 50.80 अरब डॉलर का निर्यात दर्ज किया गया। ब्राजील, मैक्सिको और कनाडा में भी भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ी है। इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 19.19 अरब डॉलर और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का 15.35 अरब डॉलर रहा। औषधियों और फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात भी 6.59 अरब डॉलर तक पहुंचा। यूरोप में भारत का निर्यात 8 प्रतिशत बढ़कर 51.04 अरब डॉलर हो गया। ब्रिटेन और जर्मनी प्रमुख बाजार रहे। स्पेन को निर्यात में 45 प्रतिशत, इटली में 25 प्रतिशत और तुर्किये में 72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वस्तुतः इन सभी आंकड़ों का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यूरोप और अमेरिका जैसे बाजारों में गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और प्रतिस्पर्धी कीमतों की कसौटी अपेक्षाकृत कठिन होती है। ऐसे बाजारों में भारतीय उत्पादों की बढ़ती पहुंच घरेलू उद्योगों की क्षमता के विस्तार का संकेत देती है। वस्तुतः यह बदलाव बताता है कि भारतीय निर्यात की पहचान बदलते दौर में आज परंपरागत वस्तुओं के साथ तकनीक और विनिर्माण आधारित उत्पादों से भी बन रही है। सीआईएस और बाल्टिक देशों में निर्यात सात प्रतिशत बढ़कर 3.36 अरब डॉलर होना भी बताता है कि भारत पारंपरिक व्यापारिक क्षेत्रों के अतिरिक्त नए बाजारों में अपनी उपस्थिति बनाए हुए है। रूस, जॉर्जिया, आर्मेनिया और कजाकिस्तान जैसे देशों के साथ व्यापारिक संभावनाओं को और विकसित किया जा सकता है। भारत के सामने आज अवसर यह है कि वह अपनी विशाल घरेलू उत्पादन क्षमता को वैश्विक मांग से जोड़े। अफ्रीका की तेजी से बढ़ती मांग और एशिया का व्यापक बाजार के अतिरिक्त अमेरिका और यूरोप की औद्योगिक जरूरतें तथा नए व्यापारिक क्षेत्रों की संभावनाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान में यह वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही के आंकड़े बता रहे हैं कि भारत के निर्यात का भूगोल व्यापक हो रहा है और उत्पादों की विविधता भी बढ़ रही है।

आखिर किसी भी देश की आर्थिक शक्ति का वास्तविक अर्थ भी तभी सामने आता है, जब उसके उत्पाद दुनिया के बाजारों में प्रतिस्पर्धा करें, उसके उद्योग रोजगार पैदा करें और उसकी उत्पादन क्षमता वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे।

वस्तुतः भारत के लिए निर्यात वृद्धि इसी बड़े लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर है। आने वाले समय में इस अवसर को कितनी दूरदर्शिता, नीतिगत स्थिरता और औद्योगिक क्षमता के साथ आगे बढ़ाया जाता है, इसी से वैश्विक व्यापार में भारत की वास्तविक स्थिति तय होगी। फिलहाल भारत के सामने चीन की चुनौती तो बरकरार है ही, साथ ही आसियान देशों के साथ हो रहे आयात-निर्यात में भी भारत को अभी बहुत कुछ अपने लिए नए अवसरों को खोजना और जो हैं उन्हें गति देना शेष है!

(गुरुनानक जयंती /24 नवंबर/विशेष) संदेशों में निहित है देश की प्रगति

डॉ.लोकेश कुमार चन्देल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहा करते हैं कि गुरुनानक देव जी का जीवन, संदेश और शिक्षाएं मानवता तथा देश की प्रगति के लिए प्रेरणादायक हैं। गुरु नानकजी ने जीवन जीने का मार्ग दिखाया। उनके मंत्र 'नाम जपो, किरत करो, वंड छको' का आध्यात्मिक चिंतन, कर्तव्यनिष्ठा से मेहनत, भौतिक समृद्धि और आपस में मिल-बांटकर खाने और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देने वाला बताया।

प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि गुरु नानकजी का जीवन और संदेश शाश्वत ज्ञान से मानवता का मार्गदर्शन करता है और उनकी करुणा, समानता, विनम्रता व सेवा की शिक्षा समाज को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करती हैं। गुरूनानक जी का जन्म कार्तिक पूर्णिमा के दिन हुआ था। इस वर्ष गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व (गुरुनानक जयंती) 24 नवंबर को मनाया जाएगा। यह उनकी 557वीं जयंती होगी। हर साल कार्तिक मास की पूर्णिमा को सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। गुरुनानक देवजी का जन्म राय भोई की तलवंडी में हुआ था, जिसे अब ननकाना साहिब (पंजाब, पाकिस्तान) के नाम से जाना जाता है। लाहौर के पास स्थित (वर्तमान पाकिस्तान में) है। वह स्थान सिख धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है।

गुरु नानक देव जी सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम सिख गुरु हैं। वे सत्य, करूणा, समानता और सेवा का मार्ग दिखाते हैं।

उनकी माता का नाम तृप्ता देवी और पिता का नाम मेहता कालू (कालूराम) था। उन्होंने अपने शिष्य भाई लहणा को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया, जो आगे चलकर गुरु अंगद देव कहलाए। गुरु नानक देव जी की शिक्षा- एक ईश्वर की उपासना, समानता, ईमानदार जीवन और निस्वार्थ सेवा पर आधारित थीं। उन्होंने समाज में एकता, सच्चाई और मानवता का संदेश दिया। वे कहते थे कि एक ओंकार (ईश्वर एक है, परमात्मा एक है, सर्वव्यापी है और सभी का सृष्टिकर्ता है। नाम जपोः- हमेशा ईश्वर का स्मरण और भजन करना चाहिए। किरत करोः- मेहनत और ईमानदारी से आजीविका कमाना चाहिए। वंड छकोः- अपनी कमाई और संसाधनों को जरूरतमंदों के साथ मिल-बांटकर साझा करना चाहिए।उनकी शिक्षाएं मुख्य रूप से मानव समानता, निस्वार्थ सेवा, परिश्रम और सांप्रदायिक सद्भाव पर आधारित हैं। उनका मानना था कि आध्यात्मिक उन्नति केवल संन्यास लेने से नहीं, बल्कि समाज में रहते हुए नैतिक और न्यायपूर्ण जीवन जीने से होती है। सामाजिक समानता और जाति प्रथा का विरोधः-गुरु नानक देवजी ने जन्म या जाति के आधार पर होने वाले ऊंच-नीच के भेदभाव को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने समझाया कि सभी मनुष्य एक ही ईश्वर की संतान हैं। समाज से छुआछूत मिटाने के लिए उन्होंने 'संगत' (एक साथ बैठकर ईश्वर का भजन करना) और 'पंगत' या लंगर प्रथा की शुरुआत की। लंगर में राजा हो या रंक, उच्च जाति का हो या निम्न जाति का, सभी को एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन करना अनिवार्य था। मध्यकालीन समाज में जब महिलाओं की स्थिति बहुत दयनीय हो गई थी, छोटी-छोटी बालिकाओं का विवाह कर दिया जाता था। डर के कारण जन्म के साथ ही बच्चियों को मार दिया जाता था। ऐसी स्थिति में गुरु नानकजी ने स्त्री-पुरुष की बराबरी की पुरजोर वकालत की। उन्होंने महिलाओं के सम्मान में कहा कि 'सो क्यों मंदा आखिए, जित जम्मे राजान' (उस स्त्री को बुरा क्यों कहा जाए, जो राजाओं और महान पुरुषों को जन्म देती है)। उन्होंने सती प्रथा और पर्दा प्रथा जैसी कुरीतियों का भी जमकर विरोध किया। ईमानदारी की कमाई और साझा करना (किरत करो और वंड छको) किरत करो (ईमानदारी से परिश्रम)-मनुष्य को किसी का शोषण किए बिना, अपनी मेहनत और ईमानदारी से आजीविका कमानी चाहिए। उन्होंने अमीर जमींदार मलिक भागो के शाही भोजन को ठुकराकर एक गरीब बढ़ई भाई लालो की रूखी-सूखी रोटी को स्वीकार किया, क्योंकि भाई लालो की कमाई मेहनत की थी। वंड छको (मिल-बांटकर खाना) = अपनी ईमानदारी की कमाई का एक हिस्सा गरीबों, जरूरतमंदों और समाज की भलाई के लिए साझा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। इससे समाज में आर्थिक विषमता कम होती है और परोपकार की भावना बढ़ती है। धार्मिक सद्भाव और मानवतावादः- उन्होंने 'इक ओंकार' का संदेश दिया, जिसका अर्थ है कि ईश्वर एक है और वह हर प्राणी में निवास करता है। ज्ञान प्राप्ति के बाद उनका पहला वाक्य था 'न कोई हिंदू है, न कोई मुसलमान'। उनका आशय था कि ईश्वर की नजर में सभी इंसान केवल 'मानव' हैं।

उन्होंने विभिन्न धर्मों के बीच की कट्टरता को कम कर आपसी भाईचारे और शांति का संदेश दिया। अंधविश्वास और बाहरी आडंबरों का खंडनः- उन्होंने समाज में फैले पाखंड, मूर्ति पूजा और निरर्थक कर्मकांडों का विरोध किया। हरिद्वार में जब लोग पूर्व दिशा की ओर सूर्य और अपने पूर्वजों को जल अर्पित कर रहे थे, तब उन्होंने पश्चिम दिशा की ओर जल फेंकना शुरू कर दिया। पूछने पर उन्होंने तर्क दिया कि यदि उनका जल लाखों मील दूर पूर्वजों तक पहुंच सकता है, तो मेरा जल कुछ मील दूर करतारपुर के खेतों तक क्यों नहीं पहुंच सकता?

इस प्रकार उन्होंने लोगों को अंधविश्वास से निकालकर कर्म प्रधान बनने की प्रेरणा दी। वे कहते थे कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। बिना किसी स्वार्थ या बदले की भावना के दूसरों की सहायता करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने अहंकार को मनुष्य और समाज का सबसे बड़ा शत्रु बताया और विनम्रता, क्षमा तथा करुणा को अपनाने की शिक्षा दी।बहरहाल, हम यही कह सकते हैं कि उनके सिद्धांत आज विश्व में फैल रहे वैमनस्यता समाप्त करने का मुख्य जरिया हो सकता है। नानक देव जी ने समानता, भाईचारे और निस्वार्थ सेवा के माध्यम से समाज को जोड़ने और सामाजिक समरसता स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने जाति, धर्म और लिंग के भेदभाव को नकारते हुए सभी को एक समान माना। उन्होंने लंगर की शुरुआत की, जहां सभी लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं। उन्होंने ऊंच-नीच और जन्म आधारित जाति व्यवस्था का विरोध किया और सभी मनुष्यों को ईश्वर की संतान बताया।

बड़ा फैसला बड़ा मायने

अभिषेक शुक्ल

वर्ष 1965 में वेल्डर के रूप में सरकारी सेवा शुरू करने वाले प्रेम सिंह को नियमित होने के लिए 37 साल इंतज़ार करना पड़ा लेकिन 2007 में सेवानिवृत्ति के बाद यह कहकर उनकी पेंशन रोक दी गई कि कार्य.प्रभारित ;वर्क.चार्ज्ड सेवा की गिनती नहीं होगी। 2019 में देश के उच्चतम न्यायालय ;सुप्रीम कोर्ट ने इस अन्याय को खत्म किया मगर उत्तर प्रदेश सरकार ने फैसले को बेअसर करने के लिए 2021 और 2025 में पूर्वव्यापी कानून बना डाले। आखिरकार 18 नवंबर 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने इन दोनों कानूनों को असंवैधानिक करार देते हुए स्पष्ट कर दिया कि नियमितीकरण के बाद कर्मचारी की शुरुआती अस्थायी नियुक्ति का जन्मचिह्न हमेशा के लिए मिट जाता है। उत्तर प्रदेश के उपर्युक्त दो वैधीकरण कानूनों को असंवैधानिक करार देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने न केवल लाखों कर्मचारियों के पेंशन अधिकारों को नया जीवन दिया है बल्कि विधायिका की सीमाओं और कल्याणकारी राज्य की प्राथमिकताओं को भी नए सिरे से परिभाषित किया है। दशकों तक सरकारी विभागों में कार्य.प्रभारित ;वर्क.चार्ज्ड दैनिक वेतनभोगी, मस्टर रोल या अस्थायी कर्मचारी के रूप में पसीना बहाने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्ति के बाद अक्सर तकनीकी नियमों की आड़ में खाली हाथ लौटा दिया जाता था। लेकिन 18 नवंबर 2026 के सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले ने इस प्रशासनिक प्रवृत्ति पर निर्णायक प्रहार किया है। उत्तर प्रदेश ग्राउंड वाटर डिपार्टमेंट नॉन.गजेटेड एम्प्लॉई एसोसिएशन बनाम मुख्य सचिव एवं अन्य ;20261252 मामले में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के 2021 और 2025 के दोनों पेंशन वैधीकरण अधिनियमों को असंवैधानिक घोषित करते हुए रद्द कर दिया। इस फैसले को हाल के वर्षों के अन्य प्रमुख निर्णयों के साथ जोड़कर देखें तो देश के सेवा और पेंशन कानून में चार बड़े संवैधानिक बदलाव साफ तौर पर उभरते हैं। इस पूरे विवाद की जड़ 2019 के प्रेम सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य फैसले में है। तब तीन जजों की पीठ ने यूपी सेवानिवृत्ति लाभ नियमावली 1961 के नियम 3;8 को सीमित रूप में पढ़ते हुए और सिविल सेवा विनियमन के विनियम 370 को रद्द करते हुए स्पष्ट किया था कि नियमित होने के बाद कर्मचारियों की पूर्ववर्ती वर्क.चार्ज्ड सेवा को पेंशन के लिए अर्हकारी सेवा में गिना जाएगा।

पुनर्विचार याचिका खारिज होने और क्यूरेटिव याचिका वापस लेने के बाद राज्य सरकार ने अदालती आदेश के प्रभाव को निष्क्रिय करने के लिए विधायी रास्ता चुना। पहले 2020 में अध्यादेश और 2021 में अधिनियम लाकर अर्हकारी सेवा की नई परिभाषा गढ़ी गई और फिर 2025 में एक नया कानून लाकर मौलिक नियुक्त व्यक्ति की शर्त जोड़ दी गई। दोनों कानूनों को 1 अप्रैल 1961 से पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस विधायी कवायद पर बेहद सख्त टिप्पणी की। स्वामी विवेकानंद के कथन को उद्धृत करते हुए अदालत ने कहा कि यहां केवल बोतल बदली गई है लेकिन उसके भीतर की पुरानी समस्या जस की तस है। पृथ्वी कॉटन मिल्स इंडियन एल्युमिनियम और मदन मोहन पाठक जैसे प्रमुख निर्णयों के आलोक में कोर्ट ने स्पष्ट किया कि विधायिका किसी फैसले के कानूनी आधार या दोष को दूर करने के लिए कानून बदल सकती है लेकिन वह केवल शब्दों का हेरफेर कर एक अंतिम न्यायिक आदेश को निष्प्रभावी नहीं कर सकती। अदालत ने संविधान सभा में डॉ भीमराव आंबेडकर की उस



चेतावनी को भी याद दिलाया कि संविधान का स्वरूप बदले बिना भी प्रशासनिक तरीकों में बदलाव करके उसकी आत्मा को विकृत किया जा सकता है। सेवा विधि के क्षेत्र में इस फैसले का सबसे बड़ा सैद्धांतिक योगदान जन्मचिह्न के सिद्धांत का विस्तार है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने शैलेंद्र सिंह बनाम भारत संघ 2024 और इन री हाईकोर्ट जजेस पेंशन रिफिक्सेशन 2025 में यह सिद्धांत प्रतिपादित किया था कि एक बार जिला न्यायपालिका या बार से उच्च न्यायालय ;हाई कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त हो जाने के बाद नियुक्ति का स्रोत जन्मचिह्न मिट जाता है और सेवानिवृत्ति लाभों में कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। अब सुप्रीम कोर्ट ने इसी संवैधानिक दर्शन को आम सरकारी कर्मचारियों पर भी लागू कर दिया है। अदालत ने दो टूक कहा कि जब किसी एड.हॉक दैनिक वेतनभोगी मस्टर.रोल या वर्क.चार्ज्ड कर्मचारी को किसी विधिवत योजना के तहत नियमित कर दिया जाता है तो वह नियमित सेवा की मुख्यधारा का हिस्सा बन जाता है। नियमितीकरण के साथ ही उसकी शुरुआती अस्थायी नियुक्ति का जन्मचिन्ह हमेशा के लिए मिट जाता है। सरकार पूर्वव्यापी कानून बनाकर उस मिटे हुए अंतर को दोबारा जिंदा नहीं कर सकती क्योंकि यह संविधान के अनुच्छेद 14 ;समानता 16 ;अवसर की समानता और 21 ;गरिमापूर्ण जीवन का सीधा उल्लंघन है। यह रुझान हाल के अन्य फैसलों में भी दिखता है। जग्गो बनाम भारत संघ ;2024 में अदालत ने उमादेवी ;2006 फैसले के चुनिंदा दुरुपयोग के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि लंबे समय से जरूरी सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के हक सिर्फ पदनाम के आधार पर नहीं मारे जा सकते। इसी तरह जून 2026 के भिखानी देवी बनाम भारत संघ मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि पेंशन कोई खैरात नहीं बल्कि संविधान के तहत अर्जित अधिकार है और दशकों तक अस्थायी दर्जे पर काम करने वाले कर्मियों को औपचारिक नियमितीकरण के अभाव में इससे वंचित नहीं किया जा सकता। अकसर सरकारें कर्मचारियों के देयकों के मामले में सरकारी खजाने पर भारी बोझ की दलील देती हैं। इस मामले में भी राज्य की ओर से हजारों करोड़ रुपये के वित्तीय भार की आशंका जताई गई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया। अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए न्यायिक संज्ञान लिया कि हाल के समय में राज्य ने पार्कों के निर्माण और सौंदर्यीकरण पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट संदेश दिया कि सौंदर्यकरण जैसे विवेकाधीन खर्चों को नागरिकों के कानूनी और संवैधानिक अधिकारों से ऊपर नहीं रखा जा सकता। वित्तीय सीमाएं भुगतान के तरीके को तय कर सकती हैं लेकिन वे कानूनी दायित्व से बचने का बहाना नहीं बन सकतीं।

पेंशन न्यायशास्त्र में एक अन्य महत्वपूर्ण विकास बकाया राशि ;एरियर की समयसीमा को लेकर हुआ है। सामान्य नियम के तहत जैसा कि शिव दास तरसेम सिंह और प्रेम सिंह में तय किया गया था देरी से अदालत आने पर पेंशन का मौद्रिक बकाया याचिका दायर करने से पूर्व के तीन वर्षों तक सीमित रहता है। 18 नवंबर 2026 के फैसले में अदालत ने इस नियम को बरकरार रखा लेकिन साथ ही एक मानवीय संतुलन भी साधा। अदालत ने स्पष्ट किया कि तीन वर्ष की यह सीमा उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कानूनी उत्तराधिकारियों पर लागू नहीं होगी जिनका निधन प्रेम सिंह का फैसला आने से पहले ही हो चुका था। इसके अलावा इसी वर्ष आए माया बनर्जी बनाम भारत संघ ;2026 और पुराने एसके मस्तान बी फैसले को भी कोर्ट ने अनुच्छेद 15;3 के आलोक में स्पष्ट करते हुए बताया कि असहाय विधवाओं के पारिवारिक पेंशन के मामलों में तीन साल की सीमा की कठोरता लागू नहीं होती।

उच्चतम न्यायालय ने अपने ताजा फैसले को ष्इन रेमष् सर्वव्यापी घोषित किया है। इसका अर्थ है कि इसका लाभ केवल मुकदमा लड़ने वाले कर्मचारियों या संघों के सदस्यों तक सीमित नहीं है बल्कि उत्तर प्रदेश के हर उस पात्र कर्मचारी को मिलेगा जो इस दायरे में आता है। पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारी अब अपने सेवा विवरण के साथ सक्षम प्राधिकारी के समक्ष दावा पेश कर सकते हैं जिसका निस्तारण छह महीने के भीतर करना अनिवार्य होगा। यदि कोई दावा अस्वीकार करना होए तो कर्मचारी को सुनवाई का अवसर दिए बिना और तर्कसंगत आदेश पारित किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकेगा। भुगतान में छह महीने से अधिक की देरी होने पर राज्य को 9 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज देना होगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एव

खबरें एक नजर में

युवक ने ई-रिक्शा चालक पर लगाया टप्पेबाजी का आरोप

सुमेरपुर। गांव से नोएडा जाने के लिए निकले युवक से कस्बे में अज्ञात ईरिक्शा चालक नशीला पदार्थ सुंघाकर नगदी और मोबाइल छीनकर फरार हो गया। पीड़ित युवक ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुंडेरा निवासी सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि वह गांव से नोएडा जा रहा था। कस्बे के बस स्टॉप में उसे एक ई रिक्शा चालक ने अपने रिक्शे में बैठा लिया और बस आदि का टिकट बनवाने का आश्वासन देकर बातचीत करता रहा। उसके बाद वह ई-रिक्शा में बैठाकर उसे सौंखर मोड की ओर ले गया। यहां पर उसके साथ मारपीट करते हुए 49000 रुपये, दो मोबाइल, आधार कार्ड, बैग आदि छीन लिया और अकेला छोड़कर भाग निकला। पीड़ित ने बताया कि घटना 21 नवंबर की देर शाम की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना अध्यक्ष राममोहन राय ने बताया कि युवक की तहरीर पर सीसीटीवी कैमरे आदि खंगालकर ई रिक्शा चालक की तलाश की जा रही है।

बेटे की हत्या के दोषी पिता को उम्रकैद, 50 हजार जुर्माना

हमीरपुर। अपने 14 वर्षीय बेटे की धारदार हथियार से हत्या करने के मामले में अदालत ने पिता को दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। चिकासी थाना क्षेत्र के मुकदमा संख्या 55/2018 में बृषभान पुत्र कामता केवट निवासी गढ़हर, थाना मझगवां के खिलाफ चार जुलाई 2018 को हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस और अभियोजन विभाग ने प्रभावी पैरवी की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने 23 नवंबर 2026 को अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। मामले के विवेचक निरीक्षक अनूप कुमार दुबे, अभियोजक एडीजीसी सुभाष कुमार श्रीवास्तव और पैरोकार कांस्टेबल रामप्रकाश रहे।

सेंधमारी कर चोरी करने पहुंचे बदमाशों का दंपती पर हमला, पत्नी गंभीर

मौदहा (हमीरपुर)। कमहरिया-मौदहा मार्ग स्थित मदरसे के पीछे बस्ती में शनिवार रात चोरी करने पहुंचे बदमाशों ने विरोध करने पर गृहस्वामी और उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। हमले में शरीफन गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, शरीफन पत्नी इसराक घर में सो रही थीं। रात करीब 11 बजे चोरों ने सेंधमारी कर बकरियां और अन्य सामान चोरी कर लिया। आहट सुनकर दंपति जाग गए और चोरों को ललकारा। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने सब्बर आदि से हमला कर दिया और फरार हो गए। हमले में दोनों घायल हो गए। इसराक पुत्र इमामबख्श ने मौदहा कोतवाली में नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

मेवाती चौराहे पर जाम से राहगीर परेशान



समथर (झांसी)। पिपरी बस स्टैंड स्थित मेवाती चौराहे पर सड़क के अगल-बगल खड़े वाहनों के कारण जाम की समस्या बनी रहती है। इससे आने-जाने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।नगर के लोगों ने बताया कि मेवाती चौराहे पर सड़क के दोनों ओर वाहन खड़े रहने से रास्ता संकरा हो जाता है। ऐसे में वाहनों की आवाजाही बाधित होती है और जाम लग जाता है। जाम के कारण राहगीरों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है तथा चौराहे से निकलने में परेशानी होती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर खड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाया जाए और चौराहे पर यातायात व्यवस्था सुचारु कराई जाए, ताकि आने-जाने वाले लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

गोविंददास हत्याकांड में सात दोषियों को उम्रकैद, छह पर 72-72 हजार तो एक पर 1.32 लाख का जुर्माना

झांसी। लहचूरा थाना क्षेत्र के ग्राम खरकामाफ में पुरानी मुकदमेबाजी की रंजिश के चलते लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दलित व्यक्ति की हत्या करने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट नेत्रपाल सिंह की अदालत ने सात अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने छह दोषियों पर 72-72 हजार रुपये तथा एक दोषी पर 1 लाख 32 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।अभियोजन के अनुसार, ग्राम खरकामाफ निवासी गोविंददास उर्फ राजू का गांव के कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में 5 जनवरी 2025 की शाम जब वह खेत से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में आरोपियों ने उन्हें रोककर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के दौरान झाँसी में उनकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी शीला अहिरवार की तहरीर पर थाना लहचूरा में मुकदमा दर्ज किया गया था।मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए। एक चश्मदीद गवाह के पक्षद्रोही होने के बावजूद ठोस साक्ष्यों और विधिक दलीलों के आधार पर न्यायालय ने सातों अभियुक्तों को दोषी करार दिया।विशेष लोक अभियोजक केशवेंद्र प्रताप सिंह एवं कपिल करोलिया ने बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा कुछ अभियुक्तों की जमानत के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में अपील किए जाने के बाद मामले की निगरानी भी सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई। न्यायालय के फैसले से बहुचर्चित गोविंददास उर्फ राजू हत्याकांड में महत्वपूर्ण निर्णय आया है।

बाइकसवार तीन अज्ञात बदमाशों ने युवक से तमंचे की दम पर छीना मोबाइल, रिपोर्ट दर्ज

पनवाड़ी (महोबा)। पनवाड़ी थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा युवक को तमंचे की दम पर रोककर मोबाइल फोन लूटने का मामला सामने आया है पीड़ित की तहरीर पर पनवाड़ी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(2) के तहत स्नढ्ढक्रदर्ज कर जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जखा निवासी उदयमान पुत्र जय हिंद अनुरागी अपने साथी मनोज पुत्र भानु प्रताप राजपूत के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। शनिवार शाम करीब 7 बजे पंचमुखी मंदिर ग्राम सलैया खालसा के पास तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उदयमान के सीने पर तमंचा अड़ाकर उनका Realme मोबाइल और साथी मनोज का Infini मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने 22 नवंबर को थाना पनवाड़ी में शिकायत दर्ज करते हुए पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने छापा मारकर 10 जुआरियों को रंगे हाथ दबोचा

बांदा। जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने को पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। मर्का पुलिस को रविवार की रात सूचना मिली कि मऊ-अरमार रोड व मऊ- इंगुवा रोड के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर मर्का थानाध्यक्ष सूबेदार बिंद ने अपने हमराहियों के साथ फ्ड़ की घेराबंदी करते हुए 10 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से मालफ्ड़ व जामा तलाशी के दौरान 10,125 रुपए और 104 ताश के पत्ते बरामद किए। पकड़े गए जुआरियों में इसी थाना क्षेत्र के मऊ गांव निवासी रेवती रमन पुत्र राम प्रकाश, राजू पुत्र छंगू, रामू पुत्र रम्मन, राजकिशोर पुत्र विजयकरन, संतोष पुत्र विपतिया, भज्जी पुत्र बोधन, विकास पुत्र रामचंद्र, बाला प्रसाद पुत्र राम शरण, वेद पुत्र भगौता और इसी थाना क्षेत्र के सांडा गांव निवासी योगेंद्र पुत्र भोला शामिल हैं। गिरफ्तार सभी जुआरियों पर पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की।

निर्वाचन की निष्पक्षता के लिए संवेदनशील क्षेत्रों पर रहेगी नजर

- नकदी, शराब और प्रलोभन सामग्री की बरामदगी का होगा विश्लेषण, जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



आगामी निर्वाचन को निष्पक्ष एवं प्रलोभन-मुक्त कराने के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय आसूचना समिति की बैठक हुई। इसमें पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने पिछले दो विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ और अन्य प्रलोभन सामग्री की बरामदगी का विधानसभा क्षेत्रवार विश्लेषण कर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतरजनपदीय सीमाओं और परिवहन मार्गों पर निगरानी रखने तथा बैंकों में असामान्य लेन-देन की जानकारी जुटाने को कहा। उन्होंने पुलिस, आबकारी, आयकर, राज्य कर और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों को आपसी समन्वय से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जरूरत के अनुसार फ्लाइंग स्क्वाड और निगरानी टीमों की तैनाती की जाएगी। अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार को समेकित रिपोर्ट तैयार कर मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजने के निर्देश दिए।

नेग को लेकर किन्नरों के दो गुटों में विवाद, थाने पहुंचकर किया हंगामा



सुमेरपुर। कस्बे में नेग वसूली को लेकर किन्नरों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक गुट के किन्नरों ने थाने पहुंचकर हंगामा किया और दूसरे गुट पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। साथ ही दूसरे गुट को कस्बे से बाहर करने की मांग की। कस्बे के ईदगाह मुहाल निवासी किन्नर गुरु अफसाना की शिष्या काजल किन्नर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 22 नवंबर को वह कस्बे में पुराने स्टेट बैंक के समीप नेग लेने गई थी। इसी दौरान देवगांव मार्ग पर रहने वाली अंजना किन्नर आठ-दस अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंच गई और उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट पर आमादा हो गई। आरोप है कि किसी तरह वह मौके से जान बचाकर भाग निकली। सोमवार को काजल किन्नर अपने साथियों के साथ थाने पहुंची और दूसरे पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। उसने पुलिस को तहरीर सौंपकर अंजना किन्नर को कस्बे से बाहर करने की मांग उठाई। थानाध्यक्ष राममोहन राय ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया और मामले में जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

गरौठा के ग्राम रमपुरा में लाठी-डंडों से हमला, दो लोग गंभीर घायल



झांसी। जनपद के गरौठा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमपुरा में मारपीट की घटना सामने आई है। यहां अरविंद पुत्र सेवाराम पर दो अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों के साथ लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप है।बताया जा रहा है कि आरोपी ने एक व्यक्ति पर गांव में, जबकि दूसरे व्यक्ति पर खेत में हमला किया। हमले में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में झाँसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।फिलहाल घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन गंभीर घायल

मौदहा (हमीरपुर)। मदारपुर-नरायच मार्ग पर रविवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी मौदहा पहुंचाया, जहां से दो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, हादसा दोपहर करीब एक बजे हुआ। इसमें सुनील पुत्र शिवनारायण निवासी गहबरा तथा महावीर पुत्र लच्छू और आशीष पुत्र महावीर निवासी कहरिया घायल हो गए। चिकित्सकों ने महावीर और सुनील की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया, जबकि आशीष का उपचार सीएचसी में जारी है।



विद्यार्थियों ने एक स्वर में किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन

- राजकीय इंटर कॉलेज में 'एक स्वर, एक संविधान' कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।

राजकीय इंटर कॉलेज में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 'एक स्वर, एक संविधान' जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राधिकरण की सचिव वंदना अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के मूल्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ दूसरों के अधिकारों का भी सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में सचिव, प्रधानाचार्य अरविंद गौतम, शिक्षक और विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस मौके पर शिक्षक सौरभ पांडेय, राजू वर्मा, राजाराम, बाबूराम कनौजिया, डॉ. विवेक, विष्णु कुमार शुक्ला सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। पीएलवी सुनील पाण्डेय और पवन तिवारी ने भी सहभागिता की।

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कुरारा (हमीरपुर)। कस्बे के वार्ड नंबर दो में रविवार रात पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, वार्ड दो निवासी अनुज (पुत्र कामता प्रसाद) ने रविवार रात करीब 9:30 बजे शराब के नशे में पत्नी शांति से विवाद किया। इसके बाद वह बच्चों को कमरे से बाहर निकालकर अंदर चला गया और पंखे के कुंडे में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। परिजनों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा तोड़कर देखा तो अनुज फंदे पर लटका मिला। आनन-फानन में परिजन उसे सीएचसी कुरारा ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी शांति, पांच वर्षीय पुत्र आइलेश और दो वर्षीय पुत्री मिष्ठी को छोड़ गया है। घटना के बाद पत्नी और बच्चों सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रदूषित होती जा रही बेतवा नदी, न्याय अधिकार चौपाल ने सीएम को भेजा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



न्याय अधिकार चौपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एल भास्कर एड सामाजिक कार्यकर्ता के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर बेतवा नदी में प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे पर ध्यान आकर्षित कराया गया।ज्ञापन में बताया कि पारीछा तापीय विद्युतघर की राख फ्लाईएस पिछले 28 वर्षों से बेतवा नदी और पारीछा बांध में गिराई जा रही है ,जिससे नदी उथली हो गई है ।बांध में पानी की क्षमता घट रही है और जनता जहरीला पानी पीने को मजबूर है। एक पत्र मुख्य अभियंता बेतवा सिंचाई विभाग ने दिनांक 17 नवंबर 1998 को लिखा था कि राख वाले पानी से बांध की क्षमता घट रही है ।तत्कालीन प्रभारी मंत्री ने फिल्टर लगाने को कहा था जो आज तक नहीं लगाया गया। धरातल की गहराई से नदी में 180 फीट से 230 फीट के तीन दीप बन गए हैं, जिस पर लोग क्रिकेट खेल रहे हैं ,50 से अधिक पशुओं की मृत्यु हो चुकी है। राख में आर्सेनिक, कैडमियम, क्रोमियम एवं मरकरी जैसी जहरीली,धातुओं के तत्व शामिल हैं। जिलाधिकारी की संयुक्त जांच समिति ने 17 और 23 जून 2026 को निरीक्षण कर शिकायत की पुष्टि की तथा एनजीटी नई दिल्ली ने 10 सितंबर 2026 को नोटिस भी जारी किया है, इसके बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी।न्याय अधिकार चौपाल ने राखवाला पानी नदी में गिरने से तत्काल बंद हो, 90 दिन में फिल्टर एटीपी लगाये जाने और बांध की डिसिल्टिंग ,प्रभावित गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य की जांच एवं मुआवजा दिये जाने की मांग की,जिससे बुंदेलखंड के लोगों को न्याय मिल सके राष्ट्रीय अध्यक्ष बी0एल0भास्कर एडवोकेट ने कहा ÷बेतवा बचेगी तो बुंदेलखंड बचेगा÷ और बुंदेलखंड बचेगा तो देश बचेगा। ज्ञापन देने वालों में डॉ तुलसीराम, रचना अहिरवार एड, मानसिंह परिहार, संध्या एड, रोहित वर्मा,किशोर वर्मा, दीपू सिंह आदि शामिल रहे।

बुंदेलखंड राज्य निर्माण सहित विभिन्न मांगों को लेकर आमरण अनशन शुरू



झाँसी। बुंदेलखंड राज्य निर्माण सहित विभिन्न मांगों को लेकर बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा ने गांधी उद्यान में खुले आसमान के नीचे आमरण अनशन एवं सत्याग्रह शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा अनशन की अनुमति निरस्त किए जाने के बावजूद मोर्चा पदाधिकारियों ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आंदोलन शुरू किया।मोर्चा अध्यक्ष भानू सहाय ने बताया कि गत रात्रि पुलिस ने करीब 11 बजे अनशन की अनुमति निरस्त किए जाने का पत्र उन्हें रिसीव कराया था। इसके बाद भी बाबू सिंह यादव, भानू सहाय एवं अधिवक्ता प्रदीप झा अनशन पर बैठ गए।आंदोलन को पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य, राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा सहित विभिन्न दलों के नेताओं, अधिवक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं ने समर्थन दिया।मोर्चा की प्रमुख मांगों में पृथक बुंदेलखंड राज्य का निर्माण, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को 100 प्रतिशत सरकारी अनुदान, मेडिकल कॉलेजों एवं जिला अस्पतालों में रिक्त पदों को भरने, एमएलबी मेडिकल कॉलेज में एम्स की स्वीकृति तथा अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई शामिल हैं। इस दौरान भानू सहाय ने कहा कि मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

राहिया से ठड़ेश्वरी मंदिर तक निकाली गई चुनरी यात्रा

उरई(जालौन)। राहिया से ठड़ेश्वरी मंदिर तक चुनरी यात्रा निकाली गई। राहिया सरकार मंदिर से सोमवार की सुबह शुरू हुई चुनरी यात्रा बैंडबाजा के साथ भजन कीर्तन करती हुई विभिन्न मार्गों से होकर दोपहर को ठड़ेश्वरी मंदिर पहुंची। जहां ठड़ेश्वरी मंदिर के महंत सिद्धराम दास ने यात्रा का स्वागत किया और हवन पूजन कर चुनरी हनुमानजी को समर्पित की गई। इस दौरान महिलाएं और श्रद्धालु भक्ति गीतों पर थिरक रहे थे तो कुछ श्रद्धालु कीर्तन भी गा रहे थे। यात्रा में ठाकुर ओमकार सिंह, अमन कुशवाहा, रोहित, रामजी शास्त्री, राहुल ठाकुर, राहुल वर्मा, अनिल कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, मोनू यादव आदि रहे। मोनू महाराज ने कहा कि यह यात्रा सेवाभाव से निकाली गई है।

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

- किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री, सेवायोजन एवं श्रम विभाग, उत्तर प्रदेश शासन मनोहर लाल (मुन्नू कोरी) की अध्यक्षता में आज विरमा भवन में जनपद के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर विधायक राकेश गोस्वामी, चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) इंद्रनंदन सिंह, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) सूर्यकांत त्रिपाठी तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री ने जनपद में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा जनसमस्याओं के निस्तारण की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कृषि एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को समय से खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए तथा जनपद में यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। किसी भी स्थिति में किसानों को खाद की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को निर्देशित किया कि खाद वितरण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध रहे तथा खाद खरीदने के लिए किसानों की अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने पाए। उन्होंने सहकारी समितियों के सचिवों को खाद वितरण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा लेखपालों, पंचायत सचिवों एवं अन्य राजस्व कर्मियों को लगाकर सुचारु एवं पारदर्शी वितरण व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्धारित 3195 के लक्ष्य के सापेक्ष सर्वेक्षण की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटन प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराए जाएं।विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों एवं आम जनमानस से प्राप्त विद्युत संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित निस्तारण किया जाए। विद्युत कनेक्शन समय से जारी किए जाएं तथा ट्रांसफार्मर खराब होने पर तत्काल बदलने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने विद्युत तार चोरी एवं बिजली चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने, विद्युत बिलों में त्रुटियों का तत्काल सुधार करने तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत विद्युत संबंधी लंबित कार्यों एवं पोल लगाने की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सदर विधायक ने भूमिपूजन कर प्राथमिक शिक्षक भवन की रखी आधारशिला

- बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर शिक्षक समुदाय में खुशी का माहौल
- शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष ने विधायक व चेयरमैन का जताया आभार

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



मंडलस्तरीय शिक्षक भवन को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ की बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार साकार होने की ओर अग्रसर है। रविवार को शहर के स्वराज कालोनी इलाके में सदर विधायक ने शिक्षक संघ के भवन की आधारशिला रखी और भूमिपूजन के साथ प्राथमिक शिक्षकों को सौगात देने का काम किया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने इसे शिक्षा के सशक्त आधार और उज्जवल भविष्य की दिशा में एक नई पहल बताया। रविवार को शहर के स्वराज कालोनी मोहल्ले में प्रस्तावित प्राथमिक शिक्षक भवन का भूमिपूजन सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और नगर पालिका चेयरमैन मालती बासू ने संयुक्त रूप से किया। विधायक ने फावड़ा चलाकर निर्माण कार्य का आगाज कराया और कार्यदायी संस्था नगर पालिका परिषद बांदा को मानक व गुणवत्तापरक काम करते हुए समयबद्ध निर्माण पूरा करने की हिदायत दी। सदर विधायक श्री द्विवेदी ने शिक्षक भवन को प्राथमिक शिक्षकों के संगठनात्मक सशक्तीकरण, आपसी समन्वय और विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण बताया। कहा कि शिक्षा का सम्मान, शिक्षकों का स्वाभिमान और बेहतर भविष्य का निर्माण ही उनकी प्राथमिकता है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने चित्रकूटधाम मंडल के शिक्षकों की ओर सदर विधायक और नगर पालिका चेयरमैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक भवन की आवश्यकता और शिक्षकों की मनरूस्थिति को देखते हुए सदर विधायक व चेयरमैन ने शिक्षक गौरव को बनाए रखने का काम किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि विधायक और नगर पालिका चेयरमैन के प्रयासों से शीघ्र ही भव्य शिक्षक भवन बनकर तैयार हो जाएगा और शिक्षकों को अपनी बैठक या कार्यक्रम करने के लिए किसी दूसरे का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, भाजपा नेता पुष्कर द्विवेदी, सभासद आशीष गुप्ता, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राममिलन वर्मा, शिक्षक संघ के जिला मंत्री प्रजीत सिंह, संयुक्त मंत्री जयकिशोर दीक्षित समेत तमाम शिक्षक व मोहल्लेवासी शामिल रहे।

सायरन बजाकर हवाई हमले की दी गई चेतावनी

- पुलिस लाइन में आयोजित हुई ब्लैकआउट व हवाई हमले की मॉकड्रिल

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



हवाई हमले व ब्लैकआउट जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व विभिन्न विभागों की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन में हवाई हमले व ब्लैकआउट से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास के दौरान सायरन बजाकर हवाई हमले की चेतावनी दी गई, जिसके बाद संबंधित विभागों की टीमें तत्काल सक्रिय हुईं और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार राहत व बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। इस मॉक ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी के लिए सायरन बजाया गया साथ ही ब्लैकआउट की स्थिति का अभ्यास करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत विद्युत आपूर्ति अस्थायी रुप से बंद की गई। चेतावनी मिलते ही नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों व संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने आपातकालीन परिस्थितियों में की जाने वाली कार्रवाई का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के दौरान प्रभावित क्षेत्र में राहत व बचाव कार्य, आग बुझाने, घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर नियंत्रण पाने की कार्रवाई प्रदर्शित की, जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास के माध्यम से यह परखा गया कि हवाई हमले जैसी आपातकालीन स्थिति में चेतावनी मिलने पर विभिन्न विभाग कितनी तत्परता से सक्रिय होकर आपसी समन्वय के साथ राहत व बचाव कार्यों को संचालित कर सकते हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी, एसपी सुरेश चंद्र रावत, सीएमओ एचएन प्रसाद, एएसपी ईशान सोनी, एडीएम न्यायिक शत्रुहन पाठक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरविंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त एवं डीआईजी ने की समीक्षा बैठक

कुशीनगर । आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयुक्त गोरखपुर मंडल इंद्र विक्रम सिंह और पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र एस. चन्नप्पा ने समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की मौजूदगी में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ जन प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। बैठक में निर्वाचन के मद्देनजर चल रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मंडलायुक्त और डीआईजी ने मतदाता सूची को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने पर जोर देते हुए दावे, आपत्तियों और संशोधन से संबंधित प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों पर विचार करते हुए पुनरीक्षण कार्य में उनका सहयोग सुनिश्चित करने को कहा गया।

महराजगंज में 26 नवंबर को लगेगा रोजगार मेला

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय महराजगंज एवं परमेश्वर सिंह पीजी कॉलेज, फरेंदा के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवंबर को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला परमेश्वर सिंह पीजी कॉलेज, फरेंदा परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।मेले में 20 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से 2000 से अधिक रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को उनकी योग्यता एवं पद के अनुसार 10 हजार से 35 हजार रुपये तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।आठवीं, दसवीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक एवं बीटेक सहित तकनीकी और गैर तकनीकी योग्यता रखने वाले युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है।

भाजपा एसटी मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। 2027 को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच बनाने की रणनीति में लगी भाजपा की अनुसूचित जनजाति मोर्चा (एसटी मोर्चा) की जिला कार्यकारिणी की घोषणा सोमवार को की गई। भाजपा मीडिया विभाग के विवेक मिश्रा ने बताया कि महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता व मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राजेश गोंड ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राम नरेश, बजरंग बहादुर, सोनू सलिल, नीलांशु कुमार, सुधा गोंड, संजय गोंड, डॉ ओम प्रकाश गोंड, सिद्धार्थ कुमार को जिला उपाध्यक्ष, डॉ धर्मेंद्र कुमार गोंड, विक्रांत कुमार गोंड, विजय कुमार गोंड को जिला महामंत्री का दायित्व दिया गया है। इसके अलावा 8 जिला मंत्री, कार्यालय मंत्री, आईटी संयोजक, सोशल मीडिया संयोजक व जिला कोषाध्यक्ष भी बनाए गए हैं। दस लोगों को मोर्चा का जिला कार्यकारिणी सदस्य में स्थान दिया गया है। डॉ शैलेश पांडेय, रमेश पासी, विक्रमजीत भदौरिया, अनिल केसरवानी, आनंद सोनकर, आनंद श्रीवास्तव, अनुज कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव, अजय सिंह, पार्षद प्रवीण भारती, मोहित गुप्ता, सुजीत कुशवाहा आदि ने बधाई दी।

शांतिपुरम चौराहे पर डंपर से टकराई कार, मौत

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। रविवार की रात शांतिपुरम चौराहे पर हुए सड़क हादसे में 70 वर्षीय ईंट भट्ठा संचालक साबिर अली की मौत हो गई। वह रूदापुर गांव के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, साबिर अली कार से जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर डंपर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल साबिर अली को तत्काल प्राची अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्हें भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। हालांकि, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

दरोगा पर दुकानदार से अभद्र व्यवहार का आरोप

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। फाफामऊ क्षेत्र में एक दरोगा का दुकानदार के साथ कथित अभद्र व्यवहार करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वायरल वीडियो करीब 1 मिनट 5 सेकेंड का बताया जा रहा है, जिसमें एक पुलिसकर्मी दुकान के सामने रखी चौकी को पलटता और सामान के पास रखा झोला पैर से दूर फेंकता दिखाई दे रहा है। वीडियो में आरोप लगाया गया है कि दरोगा ने दुकानदार के साथ गाली-गलौज भी की। घटना के दौरान आसपास कुछ महिलाएं भी मौजूद नजर आ रही हैं। वीडियो में दुकानदार सामान समेटता दिखाई देता है, जबकि पुलिसकर्मी उसके साथ कथित तौर पर बहस करता नजर आता है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, वीडियो में दिखाई दे रहा दरोगा काले रंग की पैशन बाइक से मौके पर पहुंचा था। हालांकि, वायरल वीडियो में पुलिसकर्मी की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है और उसके इस व्यवहार की वजह भी सामने नहीं आई है। इस मामले में एसीपी थरवई अंजनेय यादव से संपर्क किए जाने पर उन्होंने घटना की जानकारी होने से इनकार किया। उन्होंने बताया कि फाफामऊ थाना प्रभारी से जानकारी लेने के बाद ही मामले में कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा। फिलहाल पुलिसकर्मी की पहचान और घटना के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

साइबर ठगी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से संचालित साइबर ठगी के नेटवर्क से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के पीपल गांव निवासी 40 वर्षीय महेश पाल और गंजा गांव निवासी 19 वर्षीय सौरभ सिंह पटेल के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया और चीन से संचालित साइबर फ्रॉड नेटवर्क के लिए ग्रामीण इलाकों के लोगों के बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। इसके लिए लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और नौकरी लगवाने का झांसा दिया जाता था। आरोप है कि कमीशन का लालच देकर लोगों के बैंक खाते खुलवाए जाते थे। इसके बाद आरोपियों द्वारा पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग से जुड़ी जानकारी हासिल कर ली जाती थी। इन बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से प्राप्त रकम के लेनदेन में किया जाता था। साइबर क्राइम टीम अब नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका और बैंक खातों के जरिए हुए लेनदेन की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों तक पहुंचने के लिए जांच जारी है।

42 साल बाद मिला न्याय

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने करीब 42 साल पुराने एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए, दुष्कर्म और हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे ब्रजपाल उर्फ वेदपाल को बाइज्जत बरी कर दिया है। वर्ष 1982 में गाजियाबाद में हुई इस घटना के समय आरोपी की उम्र महज 15 वर्ष थी। कोर्ट ने माना कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ ठोस और पर्याप्त सबूत पेश करने में पूरी तरह विफल रहा है। यह घटना वर्ष 1982 की है, जब गाजियाबाद में एक 8 वर्षीय बच्ची अपने पिता को खाना देने के लिए गन्ने के खेत पर गई थी। काफी देर तक घर न लौटने पर जब उसकी तलाश की गई, तो खेत से उसका शव बरामद हुआ। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 15 वर्षीय ब्रजपाल उर्फ वेदपाल को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया था, क्योंकि घटना के समय उसे उसी गन्ने के खेत से बाहर निकलते हुए देखा गया था।

डलमऊ का ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेला आज, आस्था के महासंगम,श्रद्धालुओं का सैलाब

गंगा घाटों पर उमड़ेगी, प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर कसी कमर

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी डलमऊ में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले प्रांतीय मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। गंगा तट पर लगने वाला यह पारंपरिक मेला आस्था, संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का प्रतीक माना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए रायबरेली सहित आसपास के जनपदों और दूरदराज के क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेले को लेकर गंगा घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, आवागमन और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से विशेष तैयारियां की जा रही हैं। प्रमुख घाटों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना और दान-पुण्य करेंगे। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ ग्रामीण संस्कृति और पारंपरिक मेलों की झलक भी देखने को मिलती है। पुरानी विरासत की पहचान देखने को मिलती है कार्तिक पूर्णिमा के मेले में डलमऊ का कार्तिक पूर्णिमा मेला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि जिले की ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर वर्ष इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी इसे विशेष बनाती है। सबसे खास बात यह है कि आज भी ग्रामीण परिवेश के लोग कार्तिक पूर्णिमा के मेले सपरिवार जाते है और इसके अतिरिक्त आपको बैलगाड़ी की एक लंबी लाइन देखने को मिलेगी जो पहले यातायात का मुख्य साधन था कार्तिक पूर्णिमा के मेले में आज भी वह परंपरा जीवित है। न के सामने श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम स्नान कराने के साथ मेले की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित बनाए रखने की चुनौती रहेगी।

आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के नाम पर ठगी से सावधान

पोर्टल पर मेरिट दर्ज, अब उसमें बदलाव संभव नहीं; पैसे मांगने वालों की सूचना विभाग को दें

समृद्धि न्यूज़

महराजगंज । बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका पदों पर भर्ती प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थियों से धनराशि ऐंठने की कोशिश किए जाने की जानकारी सामने आई है। कुछ अराजक तत्वों द्वारा पैसे के बदले नियुक्ति दिलाने अथवा किसी अभ्यर्थी की नियुक्ति निरस्त कराने का दावा किया जा रहा है। इसको लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अभ्यर्थियों को सतर्क करते हुए ऐसे लोगों के झांसे में न आने की अपील की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है तथा विभागीय पोर्टल पर अभ्यर्थियों की मेरिट पहले ही दर्ज की जा चुकी है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत पोर्टल पर दर्ज मेरिट में किसी भी प्रकार का परिवर्तन या संशोधन किसी भी स्तर पर संभव नहीं है। ऐसे में किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति दिलाने अथवा किसी की नियुक्ति निरस्त कराने का दावा पूरी तरह भ्रामक और मिथ्या है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया निर्धारित नियमों और पारदर्शी व्यवस्था के तहत संपन्न कराई जा रही है। नियुक्ति के नाम पर किसी व्यक्ति द्वारा धनराशि मांगना या अनुचित लाभ दिलाने का प्रलोभन देना अभ्यर्थियों को गुमराह करने का प्रयास है। डी पी ओ ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे किसी भी व्यक्ति के बहकावे में न आएं और नियुक्ति के नाम पर नकद अथवा किसी अन्य माध्यम से पैसे न दें। यदि कोई व्यक्ति भर्ती में चयन कराने, मेरिट बदलवाने या नियुक्ति निरस्त कराने के नाम पर धन की मांग करता है, तो उसकी सूचना तत्काल जिला कार्यक्रम अधिकारी को दें। विभाग ने अभ्यर्थियों से सतर्क रहने और भर्ती प्रक्रिया की वास्तविक जानकारी केवल विभागीय माध्यमों से प्राप्त करने की अपील की है, ताकि वे ठगी का शिकार होने से बच सकें।

स्वगणना जनजागरूकता रैली

रायबरेली समृद्धि न्यूज़। नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी,राही श्रीमती सीमा गौतम जी के नेतृत्व एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा राही के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ब्लॉक संसाधन केंद्र,मुंशीगंज में जनगणना 2027 के परिप्रेक्ष्य में स्वगणना के प्रचार प्रसार हेतु एक रैली का आयोजन हुआ।जिसमे खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदया द्वारा स्वयं जनसंपर्क करते हुए लोगों को स्वगणना करने हेतु प्रेरित किया गया और अपने रिश्तेदारों तथा आस पड़ोस के लोगों को अधिक से अधिक स्वगणना कराते हुए जनपद रायबरेली को प्रथम पायदान पर लाने हेतु लोगों से अपील की गई।खंड शिक्षा अधिकारी महोदया द्वारा लोगों से विशेष अपील की गई कि उनके EB में नामित प्रगणकों को सहयोग करते हुए अधिक से अधिक स्वगणना कराने का प्रयास करें रैली में BRC स्टॉफ के साथ साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंशीगंज के समस्त शिक्षकों ने अपने छात्रों के साथ प्रतिभाग किया।खंड शिक्षा अधिकारी महोदया द्वारा समस्त छात्रों को सूक्ष्म जलपान कराते हुए रैली का समापन किया गया।

नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पर अखिलेश ने किया दीपदान



समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर रायबरेली में अनेक कार्यक्रम हुए। इन कार्यक्रमों की कड़ी में समाजवादी पार्टी के नेता व एयरफोर्स से रिटायर्ड अखिलेश यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ ऊंचाहार के गोकना घाट पर नेता जी की जयंती पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में नेता जी की तस्वीर के सामने पुष्प अर्पित किये। इस दौरान आरती भी की गई। कार्यक्रम आयोजक अखिलेश यादव ने कहा कि आज हमारी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री व हमारे आदर्श मुलायम सिंह यादव की जयंती पर गोकना घाट पर 2100 और गंगा जी मे नाव के माध्यम 2100 दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने कहा कि हम ऊंचाहार वासियों के साथ देशवासियों की सुख समृधि की कामना करते हैं। अराजकता व भ्रष्टाचार खत्म हो इसके लिये हम कार्यकर्ता पूरी तरह आश्वस्त हैं कि इस बार हमारे छोटे नेता अखिलेश यादव सरकार बनाएंगे और प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे।

युद्ध, आपात कालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखा गया

पुलिस लाइन में ब्लैक आउट एवं एयर रेड मॉकड्रिल का हुआ सफल आयोजन

सायरन बजाकर हवाई हमले की चेतावनी, विद्युत आपूर्ति बंद कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने का कराया गया अभ्यास

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । भारत सरकार के गृह मंत्रालय, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक, नई दिल्ली के निर्देशों के क्रम में जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में सायं आपात कालीन, युद्ध के समय, परिस्थितियों में हवाई हमलों से बचाव के मद्देनजर ब्लैक आउट एवं एयर रेड मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य युद्ध जैसी आपात परिस्थितियों में संभावित बहु-आपदाओं यथा आगजनी, बाढ़, बमबारी, सीबीआरएन, रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं परमाणु प्रभाव तथा भगदड़ जैसी परिस्थितियों से बचाव के प्रति आमजन को जागरूक करना, त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी सुनिश्चित करना तथा जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन इकाई एवं नागरिक सुरक्षा बलों की तत्परता एवं कार्यक्षमता का परीक्षण करना था। मॉकड्रिल के दौरान सायं 06:00 बजे संभावित हवाई हमले की चेतावनी देने के लिए दो मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में सायरन बजाया गया। चेतावनी मिलते ही निर्धारित प्रक्रिया के तहत विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई, ताकि अंधेरे में कोई स्थान संभावित लक्ष्य के रूप में दिखाई न दे। इस दौरान कार्यालयों एवं घरों में खिड़की -दरवाजों पर पर्दे लगाने, किसी भी प्रकार की रोशनी बाहर न जाने देने तथा बिना रोशनी के सुरक्षित रहने का अभ्यास कराया गया। साथ ही नागरिकों को सुरक्षित स्थानों एवं निर्धारित शेल्टर होम में शरण लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। निर्धारित अभ्यास के उपरांत स्थिति सामान्य होने का संकेत देने के लिए दो मिनट तक ऑल क्लियर सायरन बजाया गया। इसके बाद विद्युत व्यवस्था पुनः बहाल की गई। मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग द्वारा आग लगने की स्थिति में बचाव एवं अग्निशमन कार्यों का प्रदर्शन किया गया, जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने तथा एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया।

झंडा दिवस पर एसपी ने फहराया पुलिस ध्वज, जवानों को दिलाया कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द पर पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी। इस दौरान उन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस बल के योगदान को याद करते हुए पुलिस कर्मियों के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। ध्वजारोहण के बाद एसपी ने पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का संदेश पुलिस कर्मियों को पढ़कर सुनाया। संदेश में मिशन शक्ति, ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों और पुलिस भर्ती प्रक्रिया सहित उत्तर प्रदेश पुलिस की विभिन्न उपलब्धियों एवं अभियानों का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर एसपी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को जनहित में पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस बल से जनता के प्रति जवाबदेह रहते हुए कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा, सभी क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस ने ध्वजारोहण कर ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज। पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन महराजगंज स्थित क्वार्टर गार्द में समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी। इसके बाद उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और सेवाभाव के साथ दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की ओर से प्रेषित संदेश पढ़कर सुनाया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल की गौरवशाली परंपराओं, कर्तव्यपरायणता और जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना को बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस झंडा दिवस उत्तर प्रदेश पुलिस के गौरवशाली इतिहास, अदम्य साहस, त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। यह दिवस प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने तथा आमजन की सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि पुलिस झंडा दिवस के मद्देनजर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर अधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें निर्वाचन संबंधी दायित्वों, बूथों की व्यवस्थाओं और सुरक्षा तैयारियों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर अधिकारियों को रूट चार्ट समय से तैयार करने, मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा चेकलिस्ट के अनुसार एएमएफ का सत्यापन करने का निर्देश दिया। एसडीएम और सीओ को संयुक्त भ्रमण कर मतदान केंद्रों के पहुंच मार्ग, संवेदनशील क्षेत्रों एवं कमजोर मतदाताओं की स्थिति का सत्यापन और वल्नरेबिलिटी मैपिंग प्रभावी ढंग से कराने को कहा।

चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर सेक्टर अधिकारियों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर अधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें निर्वाचन संबंधी दायित्वों, बूथों की व्यवस्थाओं और सुरक्षा तैयारियों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर अधिकारियों को रूट चार्ट समय से तैयार करने, मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा चेकलिस्ट के अनुसार एएमएफ का सत्यापन करने का निर्देश दिया। एसडीएम और सीओ को संयुक्त भ्रमण कर मतदान केंद्रों के पहुंच मार्ग, संवेदनशील क्षेत्रों एवं कमजोर मतदाताओं की स्थिति का सत्यापन और वल्नरेबिलिटी मैपिंग प्रभावी ढंग से कराने को कहा।

हनुमानगढ़ी-भिटौली मार्ग के चौड़ीकरण को 350.24 लाख रुपये स्वीकृत

10 किलोमीटर सड़क का होगा चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया के प्रयासों को मिली सफलता

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज। सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया के प्रयासों से जनपद में सड़क विकास की एक महत्वपूर्ण परियोजना को शासन की मंजूरी मिली है। हनुमानगढ़ी-भिटौली मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। करीब 10 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण एवं सुधार कार्य पर 350.24 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।लोक निर्माण विभाग की स्वीकृति के अनुसार, हनुमानगढ़ी से भिटौली मार्ग के चैनज 0.00 से 10.00 किलोमीटर तक सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 350.24 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। सड़क बेहतर होने से आवागमन सुगम होगा और आसपास के गांवों का संपर्क भी मजबूत होगा। लंबे समय से क्षेत्र के लोग इस मार्ग के बेहतर निर्माण की मांग कर रहे थे।सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पुल, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। प्रदेश की योगी सरकार जनहित के कार्यों को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक ने इस

शाखा औघड़ आश्रम रायबरेली का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव आज से प्रारम्भ

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम मुंशीगंज रायबरेली का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव,कार्तिक पूर्णिमा के कार्यक्रम का औघड़ साधु बाबा मगहिया राम जी ने मां सर्वेश्वरी के पूजन अर्चन के साथ किया शुभारंभ। मां सर्वेश्वरी मंदिर में मां गुरु एवं मां काली व श्री यंत्र की विधिवत पूजन-अर्चन व आरती की गई, इसके साथ ही ₹सर्वेश्वरी त्वं पाहिमांम शरणागतम ₹ मंत्र का अनवरत संकीर्तन सुबह 9 बजे से आरंभ हुवा,इसके पूर्व सुबह 1 घंटे का सफाई एवं श्रमदान का कार्य श्री सर्वेशरी सैनिकों ने किया. वार्षिकोत्सव का समापन कार्तिक पूर्णिमा दिन मंगलवार को सुबह 9 बजे होगा। इसके साथ ही पूजन आरती एवं सफल योनि,अघोरेस्वर स्मृति वचनामृत का पाठ होगा उसके बाद विचार गोष्ठी एवं आशीर्वचन के पश्चात प्रसाद वितरण होगा। सांयकाल 5 बजे आश्रम परिसर में भव्य देव दीपावली पर्व मनाया जाएगा। सम्पूर्ण आश्रम परिसर को दीप मालाओं से सुसज्जित किया जाएगा। इस अवसर पर औघड़ साधु मगहिया राम, छोटे साधु, विश्वनाथ मिश्रा, बृजेश सिंह,रमेश सिंह,रवीन्द्र सिंह,अभिषेक विक्रम सिंह, शिवलखन सिंह,डॉ साहू, विशाल सिंह,गोविंद सिंह,विनोद जैसवाल,लक्ष्मी काका,मनीष सिंह,महेंद्र भदौरिया मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

अनुसूचित जाति छात्रावास के चार विद्यार्थियों का सरकारी सेवाओं में चयन

कन्नौज। नसरापुर स्थित अनुसूचित जाति छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे चार विद्यार्थियों का सरकारी सेवाओं में चयन हुआ है। इनमें दो विद्यार्थियों का चयन पीएसी, एक का होमगार्ड और एक का कृषि विभाग में हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता को छात्रावास में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और शैक्षिक माहौल से जोड़कर देखा जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेदप्रकाश मिश्रा ने बताया कि छात्रावास में वर्तमान में अनुसूचित जाति के 35 विद्यार्थी रहकर अध्ययन कर रहे हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से छात्रावास को लगातार आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर छात्रावासों में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है।

सघन खेत बचाओ अभियान में 495 किसानों को किया जागरूक

कन्नौज। सघन खेत बचाओ अभियान के तहत सोमवार को सकरावा और भवानी सराय में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें करीब 495 किसानों ने प्रतिभाग किया। अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक प्रयोग और प्राकृतिक खेती के फायदे बताए। विकासखंड सौरिख के सकरावा और तालग्राम के भवानी सराय में आयोजित कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग मिट्टी, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। किसान हरी खाद, जैविक खाद और गौ आधारित प्राकृतिक खेती को अपनाएं। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी बनवाने की अपील की। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार और वैज्ञानिक डॉ. अभिमन्यु ने मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और खेती की लागत कम होती है। कृषि के साथ पशुपालन अपनाकर किसान अपनी आय भी बढ़ा सकते हैं।

दो साहित्यिक सम्मानों से नवाजे गए डॉ. संतोष कुमार सिंह 'सजल'

गुरसहायगंज, कन्नौज। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक एवं साहित्यकार डॉ. संतोष कुमार सिंह 'सजल' को दो प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया। 21 नवंबर को बीसलपुर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व जनचेतना ट्रस्ट भारत के आठवें वार्षिकोत्सव में उन्हें 'दोहा सम्राट' और 'साहित्य श्री सम्मान' प्रदान किया गया। साझा काव्य संग्रह 'दोहा सागर' में उत्कृष्ट दोहा रचनाओं के लिए ट्रस्ट ने उन्हें 'दोहा सम्राट' सम्मान से विभूषित किया। वहीं, विद्या प्रकाशन दिल्ली की ओर से उत्कृष्ट काव्य अभिव्यक्ति एवं साहित्यिक योगदान के लिए 'साहित्य श्री सम्मान' दिया गया। दोनों सम्मानों के तहत प्रतीक चिह्न, शॉल और प्रशस्ति-पत्र भेंट किए गए। डॉ. सिंह शिक्षण के साथ हिंदी साहित्य की नवीन काव्य विधा सजल के सृजन और प्रचार- प्रसार में भी सक्रिय हैं। उनकी रचनाओं में सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदनाओं और जीवन के विविध पक्षों की झलक मिलती है। उनकी इस उपलब्धि पर साहित्यकारों, सहकर्मियों और शुभचिंतकों ने हर्ष जताते हुए बधाई दी।

श्रद्धापूर्वक मनाई गुरु नानक जयंती एवं गुरु तेग बहादुर का बलिदान दिवस



छिबरामऊ (कन्नौज)। श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी की जयंती एवं नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस को श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार शुक्ल एवं अनुराग कुमार त्रिपाठी ने दोनों महान गुरुओं के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने गुरु नानक देव जी के जीवन दर्शन, आपसी भाईचारे, और मानवता की सेवा के संदेशों से अवगत कराया। साथ ही, धर्म और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ इस आयोजन में भाग लिया।

स्कूटी फिसलने से बीएससी की दो छात्राएं घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र में स्कूटी फिसलने से बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा देने जा रहीं दो छात्राएं घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया। महोई नौली गांव निवासी श्रीनिवास मिश्रा की बेटी तान्या मिश्रा और बिबिया जलालपुर गांव निवासी हेतराम की बेटी प्रतिभा स्कूटी से सरायसुंदर स्थित एसएमडी कॉलेज में परीक्षा देने जा रही थीं। रास्ते में अचानक स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों छात्राएं सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर छात्राओं के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

तुलसी शालिगराम विवाह उत्सव आज

छिबरामऊ, कन्नौज। कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्री तुलसी शालिगराम विवाह उत्सव 24 नवंबर मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने बताया दोपहर 1 बजे शालिग्राम जी की दिव्य बारात श्री मन्शेश्वर नाथ मंदिर से बैंड बाजों के साथ प्रारंभ होगी। श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर पहुंचकर विधि विधान पूर्वक तुलसी जी से विवाह संपन्न होगा।

ग्राम रोजगार सेवकों ने किया कार्य बहिष्कार का ऐलान

- खंड विकास अधिकारी को दिया ज्ञापन

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। लंबित मांगों पर शासन स्तर से कार्रवाई न होने से नाराज ग्राम रोजगार सेवकों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर विकासखंड छिबरामऊ के ग्राम रोजगार सेवक भी आंदोलन में शामिल होंगे। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की पूर्व सूचना दी गई है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम रोजगार सेवक लंबे समय से मानदेय वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, ईपीएफ भुगतान सहित अन्य विभागीय समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं। संगठन के अनुसार मानदेय बढ़ाकर 24 हजार रुपये प्रतिमाह करने सहित विभिन्न मांगों पर शासन स्तर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। प्रांतीय नेतृत्व के निर्णय के अनुसार 21 से 23 नवंबर तक प्रदेश के समस्त ग्राम रोजगार सेवक विशेष रोजगार सृजन सप्ताह के दौरान कार्य बहिष्कार करेंगे। इसके बाद 27 नवंबर को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं तीन दिसंबर को प्रदेशभर के ग्राम रोजगार सेवक लखनऊ पहुंचकर विधानसभा का घेराव करेंगे। कहना है कि लंबे समय से समस्याओं का समाधान न होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत तिवारी चंदन, अर्जुन सिंह, रामपाल सिंह, राजपाल सिंह, संदीप, शैलेंद्र सिंह, कौशल कुमार, अशोक, मनोज कुमार, सर्वेश कुमार, धीरज, बलवान कुमार व सचिन आदि मौजूद रहे।

एक्सप्रेस वे पर हादसे में डीसीएम चालक की मौत, कार सवार चार घायल

- मामला कन्नौज जिले के अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर तालग्राम थाना क्षेत्र के 170 माइल स्टोन के निकट सोमवार की सुबह का
- तिर्वा मेडिकल कॉलेज में डीसीएम चालक की डाक्टरों ने की मौत की पुष्टि

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर सोमवार की सुबह हादसा हो गया। सुबह चार बजे के करीब घटित दुर्घटना में एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 170 के निकट एक डीसीएम आगे चल रहे किसी वाहन से टकरा गई। पीछे से आ रहा एक ट्रक भी असंतुलन के कारण दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से टकरा गया। इस दौरान निकट से गुजर रही एक कार भी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की चपेट में आ गई। चंद मिनटों में एक एक कर वाहनों की भिड़ंत के दौरान डीसीएम चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर डीसीएम चालक की डाक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। हादसे की चपेट में आए कार सवार चार घायल लोगों को उपचार के बाद गंतव्य को रवाना कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक एक्सप्रेस वे पर तालग्राम थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए हादसे की सूचना पर यूपीडा टीम, थाना पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। हाइड्रा और रिकवरी क्रेन की मदद से राहत कार्य करते हुए डीसीएम की केबिन में फंसे चालक 45 वर्षीय अवधेश पुत्र महावीर निवासी सौथरा वरनेहाल जिला मैनपुरी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यहां डाक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। जानकारी के मुताबिक डीसीएम चालक डीसीएम पर सरसों का तेल लाद कर गुरसहायगंज जा रहा था। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की चपेट में आई कार इनोवा क्रिस्टा पर सवार घायल चालक राजेंद्र अग्रवाल पुत्र चंद्रप्रकाश निवासी लाजपतनगर, साहिबाबाद गाजियाबाद, बिकास चौरसिया, राधा चौरसिया, ललित चौरसिया निवासी गंगापुरम, थाना क्षेत्र मसूरी, गाजियाबाद, सहित राहुल पुत्र जितेंद्र कुमार को स्थानीय स्तर पर उपचार के बाद गंतव्य को रवाना कर दिया गया।

अवकाश के दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम को मिला सब दुरुस्त

छिबरामऊ, कन्नौज। रविवार को अवकाश के दिन सौ शैया अस्पताल में एसआरएम (स्टेट रेफरल मॉनिटरिंग) टीम के निरीक्षण ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों और अस्पताल से जुड़े कर्मचारियों के बीच दिनभर यह चर्चा रही कि जब अस्पताल में सबसे अधिक मरीज कार्यदिवस पर पहुंचते हैं, तब निरीक्षण करने के बजाय अवकाश के दिन अस्पताल का जायजा लेने का क्या औचित्य है। रविवार होने के कारण अस्पताल में नियमित ओपीडी बंद रही और सामान्य दिनों जैसी भीड़ भी नहीं थी। ऐसे में एसआरएम टीम में शामिल सीतापुर की शहरी स्वास्थ्य समन्वयक डॉ. सीता मिश्रा, डिप्टी सीएमओ डॉ. राजशेखर ने प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अभिषेक कटियार से अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली।

तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से महिला की मौत, चार घायल

- मामला कन्नौज जिले के थाना ठठिया के मौजा औसेर के गांव करसहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट का
- तिर्वा आने के इंतजार में खड़ी थी महिला, हादसे के बाद लगी रही लोगों की भीड़

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। गांव से तिर्वा आने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट खड़ी एक महिला सहित दो अन्य लोगों को अनियंत्रित तेज रफ्तार कंटेनर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि मौके पर खड़े ग्रामीणों सहित कंटेनर चालक भी घायल हुआ है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की दोपहर ठठिया थाना क्षेत्र के करसहा गांव निवासी पूनम वर्मा तिर्वा आने के लिए सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचने के बाद वाहन के इंतजार में खड़ी थी। मौके पर गांव ताहरपुर ठठिया निवासी 50 वर्षीय सर्वेश पुत्र दयाराम,29 वर्षीय विवेक पुत्र रामप्रकाश पाल,60 वर्षीय इंद्रपाल पुत्र रामनाथ, निवासी ग्राम सरसई ठठिया,भी गंतव्य को जाने के लिए वाहन के इंतजार में खड़े थे। इसी दौरान उसरीबिल्ले (रसूलाबाद) की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर चालक ने अनियंत्रण के कारण उपरोक्त महिला सहित मौके पर खड़े अन्य लोगों को भी चपेट में ले लिया। हादसे के दौरान जहां कंटेनर पलट गया वहीं दुर्घटना में पूनम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कंटेनर चालक सहित उपरोक्त तीन अन्य ग्रामीण घायल हो गए।

स्कूटी फिसलने से स्नातक की दो छात्राएं घायल

- मामला कन्नौज जिला के सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र का
- सरायसुंदर स्थित एसएमडी कॉलेज में परीक्षा देने जाते समय हुआ सड़क हादसा

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा देने जा रही स्नातक की दो छात्राएं स्कूटी फिसलने से घायल हो गईं। घायल छात्राओं को उपचार के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक छिबरामऊ क्षेत्र के गांव महोई नौली निवासी श्रीनिवास मिश्रा की पुत्री तान्या और बिबिया जलालपुर गांव निवासी हेतराम की पुत्री प्रतिभा दोनों सरायसुंदर स्थित एसएमडी कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राएं हैं।



सोमवार की सुबह दोनों छात्राएं स्कूटी से बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा देने के लिए घर से कॉलेज रवाना हुई थीं। जैसे ही स्कूटी सवार छात्राएं कॉलेज से कुछ ही दूरी पर थीं कि, इसी दौरान रास्ते में सड़क पर अचानक स्कूटी फिसल गई। सड़क दुर्घटना में दोनों छात्राएं घायल हो गईं। मामले की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्राओं को स्थानीय सौ शैय्या अस्पताल भिजवाया। यहां से दोनों छात्राओं को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यहां दोनों छात्राओं का उपचार जारी था और स्थित में सुधार था। मामले की जानकारी जब छात्राओं के परिजनों को हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पर घायल छात्राओं के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे।

पात्र महिलाओं और युवाओं को वोटर बनने पर जोर

छिबरामऊ, कन्नौज। विधानसभा क्षेत्र के समस्त बूथों पर विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत पात्र महिलाओं एवं युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। 21 और 22 नवंबर को सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान चलाया गया ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से न रहे वंचित न रहे।मतदाता पंजीकरण की समीक्षा के दौरान विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ के 14 बूथों पर पंजीकरण की प्रगति शून्य पाए जाने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे बूथों एवं क्षेत्रों में विशेष सक्रियता के साथ अभियान चलाकर पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने से वंचित न रहने पाए तथा प्रत्येक बूथ पर अभियान की प्रभावी निगरानी की जाए। नगर के कंपोजिट विद्यालय में बूथ संख्या 180 बीएलओ मंजू, 181 बीएलओ विनोद कुमार, 182 बीएलओ रश्मि, पदाभिहीत अधिकारी राजेश पाठक एवं सुपरवाइजर अंकित कुमार और हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में बूथ 162 प्रशांत वीर, 163 आर तिवारी, 164 अंजू सक्सेना, 165 रमेश चंद्र, 166 अरुण प्रताप सिंह, 67 मंजू लता, 168 मीना, 169 सुबोध कुमार, 170 सुंदरी, 171 अतुल कुमार, पदाभिहीत अधिकारी अनुराग अवस्थी ने पात्र महिलाओं और युवाओं से फार्म 6 भरवाए।

पुलिस लाइन कन्नौज में पुलिस झंडा दिवस का आयोजन

- कर्तव्यों का निर्वाहन करने को किया प्रेरित

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। पुलिस झंडा दिवस"के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स कन्नौज स्थित क्वार्टर गार्द पर पुलिस ध्वज फहराकर समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित किया। इस दौरान पुलिस महानिदेशक के संदेश को भी पढ़कर सुनाया गया। सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। संबोधन में बताया गया कि,उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के वीर जवानों के शौर्य, कर्तव्य परायणता एवं उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा के फलस्वरुप ही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री,श्री जवाहर लाल नेहरु जी द्वारा दिनांक 23.11.1952 में सर्वप्रथम उ0प्र0 पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। उ0प्र0 पुलिस पूरे भारत का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरुप पुलिस कलर अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के दौरान जनपद के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा थाना/चौकियों में ससम्मान पुलिस ध्वज फहराकर "पुलिस झंडा दिवस" मनाया गया ।

छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता बनना जरूरी है। इसी उद्देश्य से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) अभियान के तहत शिक्षा विभाग की ओर से जनपद में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा डायट के प्रशिक्षुओं ने भाग लेकर लोगों को जागरूक किया। रैली का नेतृत्व जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने किया। विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों से 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पात्र युवा अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म-6 भर सकते हैं। बीएलओ आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कराएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि जागरूक नागरिक ही लोकतंत्र की असली ताकत हैं। बीएसए ने भी सभी पात्र युवाओं से मतदाता बनने की अपील की। कार्यक्रम में डायट प्राचार्य डॉ. अमित कुमार, अजय कुमार सहित शिक्षक और प्रशिक्षु मौजूद रहे।

मंडल स्तर पर आकाश एजुकेशन सेंटर का शानदार प्रदर्शन

- शौर्य कटियार ने हासिल किया प्रथम स्थान, अब राज्य स्तर पर करेंगे प्रतिभाग

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। 54वीं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2026 में आकाश एजुकेशन सेंटर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामगंज, गुरसहायगंज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद मंडल स्तर पर आयोजित प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र शौर्य कटियार कक्षा 11 ने हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण विषय में प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की, अब शौर्य कटियार राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वहीं, आदर्श पटेल कक्षा 9 ने स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सफाई विषय में द्वितीय स्थान तथा पीयूष कक्षा 10 ने ग्रामीण परिवर्तन के लिए विज्ञान विषय में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर आरके कटियार ने कहा कि यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है, शौर्य कटियार ने मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे जनपद और विद्यालय परिवार का मान बढ़ाया है, हमें अपने सभी विद्यार्थियों पर गर्व है, आदर्श पटेल और पीयूष ने भी अपनी प्रतिभा से यह सिद्ध कर दिया है कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थी किसी भी मंच पर अपनी पहचान बना सकते हैं, अब हमारा पूरा ध्यान राज्य स्तर की तैयारी पर है, विद्यालय परिवार शौर्य के साथ पूरी तरह खड़ा है और हमें पूरा विश्वास है कि वह राज्य स्तर पर भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, जनपद और मंडल का नाम रोशन करेगा, हम सभी विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन पर प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकगण ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशेष बधाई शौर्य कटियार को, जो अब राज्य स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। आकाश शिक्षण केंद्र परिवार की ओर से सभी विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

हीलिंग, योग और ध्यान का ज्ञान विश्वभर में पहुंचा रही रीकीमां

- भारत सहित कई देशों के लोगों को प्रशिक्षण देने में जुटी संस्था, शहरों और गांवों तक शिविर पहुंचाने का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। विभिन्न हीलिंग पद्धतियों, योग, ध्यान और आध्यात्मिक जागरूकता का ज्ञान विश्वभर में पहुंचाने के उद्देश्य से खेड़ब्रह्मा स्थित रीकीमां योग प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र निरंतर प्रशिक्षण शिविरों और कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है। संस्था की संस्थापक शीतल गोहिल तथा मार्गदर्शक एवं प्रशिक्षक विशाल गोहिल के नेतृत्व में भारत सहित विभिन्न देशों के लोगों को इन पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थापक शीतल गोहिल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल एक उपचार पद्धति तक सीमित न रहकर विश्वभर में प्रचलित विभिन्न प्राकृतिक उपचार एवं कल्याणकारी प्रणालियों का ज्ञान लोगों तक पहुंचाना है। इसके लिए प्रतिवर्ष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें देश-विदेश के प्रतिभागी शामिल होते हैं। ऑनलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से भी लोगों को जोड़ा जा रहा है। संस्था की योजना शहरों के साथ गांव-गांव तक शिविरों का विस्तार करने की है। प्रशिक्षक विशाल गोहिल ने बताया कि योग, ध्यान, रेकी, स्पर्श चिकित्सा और प्राकृतिक जीवनशैली के अभ्यास से व्यक्ति में आत्म-जागरूकता, मानसिक शांति और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न पूरक उपचार पद्धतियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सही जानकारी के साथ समझना जरूरी है। इन्हें आधुनिक चिकित्सा का विकल्प नहीं मानना चाहिए तथा आवश्यकतानुसार चिकित्सक की सलाह और उपचार जारी रखना चाहिए। हाल ही में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भी प्रतिभागियों को विभिन्न हीलिंग पद्धतियों, रेकी और ध्यान का प्रशिक्षण दिया गया। संस्था का लक्ष्य इस ज्ञान और जागरूकता को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है।





जिलाधिकारी ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा

- 18 वर्ष पूरे करने वाले युवाओं को मतदाता बनाने पर जोर
- बीएलओ द्वारा प्राप्त फार्म-6 का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन अनिवार्य
- कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: डीएम

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ लेबिल अधिकारियों बीएलओ द्वारा फार्म-6 के वितरण, प्राप्ति एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय, तहसील स्तरीय एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं वर्चुअल माध्यम से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची को अधिकाधिक समावेशी एवं अद्यतन बनाने के लिए पात्र नए मतदाताओं को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 का व्यापक स्तर पर वितरण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि 01 जनवरी 2027 को अर्हता तिथि मानते हुए पात्रता पूरी करने वाले युवाओं एवं अन्य छूटे हुए पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए जागरूक किया जाए तथा उन्हें फार्म-6 भरने के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाए।



बैठक लेती जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा जितने फार्म-6 का वितरण किया जा रहा है, उसके सापेक्ष भरे हुए फार्म-6 की प्राप्ति भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। केवल फार्म का वितरण कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित पात्र मतदाताओं द्वारा फार्म भरकर जमा किए जाएं।

इसके लिए बीएलओ अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में सक्रिय रहकर मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखें तथा वितरित फार्मों की प्राप्ति की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने सभी बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त होने वाले भरे हुए फार्म-6 का डिजिटाइजेशन अनिवार्य रूप से एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए। फार्म प्राप्त होने के बाद उनके डिजिटाइजेशन में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न की जाए। उन्होंने कहा कि फार्म-6 के वितरण, प्राप्ति एवं डिजिटाइजेशन की पूरी प्रक्रिया में निर्धारित समयसीमा एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि बीएलओ द्वारा फार्म-6 के डिजिटाइजेशन अथवा अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी वीरेंद्र सिंह, प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी संतोष प्रजापति सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त तहसील एवं विकास खण्ड स्तर के संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े रहे।

छत से गिरकर रिश्तेदार की मौत, घर में पसरा सन्नाटा

शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदलीं



रोते बिलखते परिजन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गांव रहमानपुर में जहां कल तक शहनाई और ढोल-नगाड़ों की गूंज थी, वहां एक दर्दनाक हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। शादी समारोह में शामिल होने आए एक वृद्ध रिश्तेदार की रात में छत से नीचे गिरने से मौत हो गई, जिससे शादी वाले घर की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। अलीगढ़ जनपद के बरला थाना क्षेत्र स्थित नगला खारी गांव निवासी वृद्ध अशोक 20 नवंबर को रहमानपुर गांव में अपने रिश्तेदार कप्तान सिंह के बेटे की शादी में शामिल होने आए थे। विवाह समारोह धूमधाम से संपन्न होने के बाद वह गांव में ही रुक गए थे। रात के समय अशोक छत पर सो रहे थे। इसी दौरान अचानक नींद से जागने पर वह असंतुलित हो गए और छत से नीचे आ गिरे। तेज धमाके की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे तो अशोक खून से लथपथ हालत में पड़े थे। परिजन आनन-फानन में उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर अमरेश कुमार ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना चौकीदार के माध्यम से कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद परिजन शव को घर ले गए। मौत की खबर सुनते ही उनकी पत्नी मीना देवी दहाड़े मारकर रोने लगीं। मृतक के तीन बेटे और तीन बेटियां हैं, जिनका भी रो-रोकर बुरा हाल है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया प्रकाश पर्व

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में गुरु नानक प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु नानक देव जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने गुरु नानक देव जी के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज को प्रेम, एकता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। मुख्य वक्ता प्रदीप सिंह ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता, सत्य, सेवा और सद्भाव का मार्ग दिखाया।

उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। विद्यालय के भैया-बहिनों ने भी अपने-अपने विचार एवं भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी के जीवन, उनके उपदेशों तथा मानवता के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उनके विचारों और भाषणों के माध्यम से सभी को प्रेम, सेवा, समानता और भाईचारे का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों को गुरु नानक देव जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गई। सभी को गुरु नानक जयंती की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर रामानंद पाण्डेय, प्रदीप शर्मा, कृष्ण कुमार कटियार, शिवमोहन, प्रदीप अवस्थी, शिवकुमार यादव, गोविंद प्रसाद, आलोक सिंह, बृजपाल सिंह, सरला, संजीव कुमार, आर्तिका शुक्ला, सरला शाक्य, सीमा शुक्ला, रामजी यादव, वंशिका, मोहनी, नव्या आदि लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी

जमीनी विवाद में चले लाठी-डंडें

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबुद्दीनपुर निवासी निहाल सिंह पुत्र जनडैल सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर जमीनी विवाद को लेकर गाली-गलौज और लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित निहाल सिंह के अनुसार 22 नवंबर को शाम करीब 8 बजे वह अपने भतीजे अभय प्रताप सिंह पुत्र शैलेश सिंह के साथ गांव के ही निवासी रिंकू की डेयरी पर मोबाइल चार्ज करने गए थे। इसी दौरान सोनू पुत्र अमीर सिंह और अनिल कुमार पुत्र अरविंद सिंह वहां आए और आपसी जमीनी बंटवारे को लेकर गाली-गलौज करने लगे। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि जब पीड़ित व उनके भतीजे अभय प्रताप सिंह ने गाली देने से मना किया, तो आरोपितों ने दोनों के साथ लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ित निहाल सिंह ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर मामले की रिपोर्ट दर्ज करने और आगे की कार्रवाई करने की मांग की है।

धूमधाम से मनाया गया पुलिस झंडा दिवस

- एसपी ने ध्वजारोहण के साथ पढ़ा डीजीपी का संदेश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पुलिस झंडा दिवस पर जनपद में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा, अनुशासन और गरिमा के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस ध्वज फहराया और मौजूद अधिकारी व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। रिजर्व पुलिस लाइन फतेहगढ़ में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में विधिवत रूप से पुलिस ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के उपरांत उन्होंने वहां उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया तथा उन्हें अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय परिसर में पुलिस ध्वज फहराया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अनुशासन और सेवा भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। क्षेत्राधिकारी कायमगंज ने अपने कार्यालय में पुलिस ध्वज फहराया और उपस्थित पुलिसकर्मियों को संबोधित कर पुलिस ध्वज के महत्व व सम्मान पर प्रकाश डाला। पुलिस झंडा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सभी कार्यक्रमों के दौरान उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक डीजीपी द्वारा जारी संदेश को पढ़कर सुनाया गया। संदेश के माध्यम से पुलिस बल को उनके गौरवशाली इतिहास, अनुशासन और जनसेवा के संकल्प की याद दिलाई गई।

साथ ही, कार्यक्रमों में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी और तत्परता से निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा को सदैव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।



पुलिस कर्मियों को संबोधित करती एसपी



सलामी लेती पुलिस अधीक्षक आदि

खबरें एक नजर में

लोकबंधु राज नारायण की जयंती पर सपाइयों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन



लोकबंधु के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी नेता एवं महान स्वतंत्रता सेनानी लोकबंधु राज नारायण की जयंती आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने पदाधिकारियों के साथ लोकबंधु राज नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि लोकबंधु राज नारायण भारतीय राजनीति के ऐसे निर्भीक, संघर्षशील और सिद्धांतवादी नेता थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों और शोषित-वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित कर दिया। उन्होंने सत्ता के सामने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश शर्मा, राजीव शाक्य, शिवम पटेल, मसरूर अहमद खान, रामपाल सिंह यादव, अजीत यादव, अनुराग यादव, मुजाहिद अंसारी, नीरज वरुण, लाल सिंह राजपूत, कुसुम देवी, सर्वेश वर्मा, विवेक भारद्वाज, रामकुमार, प्रमोद कुमार, मनोज यादव मौजूद रहे।

टैंकर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। इटावा-बरेली हाईवे पर तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके पर टैंकर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव ज्यौना ताजपुर निवासी 62 वर्षीय राजकुमार यादव बाइक से फर्रुखाबाद जा रहे थे। वह इटावा-बरेली हाईवे स्थित ग्राम पपियापुर के नजदीक पहुंचे ही थे कि पीछे से तेजी से आए एक टैंकर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक टैंकर मौके पर ही छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलते ही आईटीआई चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उधर, बुजुर्ग की मौत से परिवार में शोक का माहौल है।

मिशन शक्ति के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

- महिलाओं व बालिकाओं को दी गई सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में पुलिस, बेसिक शिक्षा विभाग और महिला कल्याण विभाग के समन्वय से स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में बिना संकोच के सहायता प्राप्त कर सकें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को आपातकालीन और सहायता सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें 1090 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन आदि नम्बरों की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने उपस्थित बालिकाओं और महिलाओं को इन नंबरों का आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।



छात्राओं व महिला को जागरूक करती महिला पुलिस



मोहल्लों में सम्पर्क कर महिलाओं को जागरूक करती पुलिस

ईवीएम व वीवीपैट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

- मतदाताओं को दी गई वोट सत्यापन की जानकारी

समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।

उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 की तैयारियों के तहत तहसील अमृतपुर में ईवीएम प्रशिक्षण एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संग्रह अमीन दीनबंधु शुक्ला और संग्रह सेवक सुनील अवस्थी ने क्षेत्रीय लोगों एवं तहसील कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट मशीन की कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

कार्यक्रम में लोगों को बैलट यूनिट पर नीला बटन दबाकर मतदान करने का अभ्यास कराया गया। इसके बाद वीवीपैट मशीन में निकलने वाली पर्ची के माध्यम से वोट का सत्यापन कराया गया। लोगों को बताया गया कि मतदान के बाद वीवीपैट की पारदर्शी खिड़की में लगभग सात सेकेंड तक पर्ची दिखाई देती है, जिसमें मतदाता अपने चुने हुए प्रत्याशी का नाम, क्रम संख्या और चुनाव चिह्न देखकर यह सुनिश्चित कर सकता है कि उसका वोट सही प्रत्याशी को गया है। इस दौरान राजस्व निरीक्षक महावीर श्रीवास्तव मौजूद रहे। अधिवक्ता संघ अमृतपुर के अध्यक्ष विनोद प्रकाश द्विवेदी ने भी ईवीएम पर मतदान कर वीवीपैट पर्ची के माध्यम से वोट का सत्यापन किया। तहसील कर्मचारियों के साथ ही क्षेत्र के अन्य लोगों ने भी मशीन पर मतदान का अभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में ईवीएम एवं वीवीपैट को लेकर मतदाताओं की शंकाओं को दूर करना और उन्हें मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना रहा।



वीवीपैट की जानकारी देते कर्मी

यूथ क्लब ने शमशाबाद और जय हिंद क्लब ने फतेहगढ़ इलेवन को हराया



क्रिकेट मैच खेलते खिलाड़ी

- ब्रह्मदत्त स्टेडियम में खेले गये अंडर-18 क्रिकेट मुकाबले

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्व0 ब्रह्मदत्त स्टेडियम में चल रही एफसीएल सीजन-16 के अंतर्गत सोमवार को अंडर-18 आयु वर्ग के मुकाबले खेले गए। पहले मैच में यूथ क्लब ने शमशाबाद इलेवन को 9 रन से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में जय हिंद क्लब ने फतेहगढ़ इलेवन को 2 विकेट से पराजित किया। पहला मैच यूथ क्लब ने शमशाबाद इलेवन को 9 रन से हराया। यूथ क्लब और शमशाबाद इलेवन के बीच खेले गए पहले मुकाबले में यूथ क्लब के कप्तान एनान हुसैन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 101 रन बनाए, जिसमें एनान हुसैन ने 44 रन, आयुष ने 19 रन और कुशल राठौर ने 12 रनों का योगदान दिया। शमशाबाद इलेवन की ओर से गेंदबाज रिषभ ने 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट तथा चंद्रशेखर ने 26 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शमशाबाद इलेवन ने संघर्ष किया, लेकिन पूरी टीम 92 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए उदय राज ने 22 रन, अरवाज खान ने 18 रन, शिवम पंडित ने 15 रन और शिवम ने 13 रन बनाए। यूथ क्लब के गेंदबाज एनान हुसैन ने 5 विकेट और दिलशान अली ने 4 विकेट चटकाए। यूथ क्लब ने यह मुकाबला 9 रन से जीत लिया और 5 विकेट लेने वाले एनान हुसैन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मुकाबला फतेहगढ़ इलेवन और जय हिंद क्लब के बीच खेला गया। जय हिंद के कप्तान संकल्प यादव ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। फतेहगढ़ इलेवन की पूरी टीम 37 रन पर सिमट गई और कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा 10 रन नहीं छू सका। जय हिंद के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जय हिंद क्लब की टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और 2 विकेट से मैच जीत लिया। 3 विकेट लेने वाले अमोग अरोड़ा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच के दौरान कुनाल राजपूत, वीरेंद्र कुशवाहा, स्कोरर सुहानी राठौर, विक्रम अग्रवाल और डॉ0 अनिल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बाइक की टक्कर से मजदूर घायल, रेफर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। रेलवे रोड पर बाइक सवार ने मजदूरी कर घर लौट रहे 32 वर्षीय युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए रेफर कर दिया। मोहल्ला चिलौली पठान निवासी सालिम खां (32) पुत्र दराब खां मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। रविवार को वह काम खत्म कर पैदल ही अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह रेलवे रोड स्थित सुजुकी एजेंसी के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गये। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। डॉ. जितेन्द्र बहादुर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया रेफर कर दिया।

भागवत कथा के पंचम दिवस पर गोवर्धन पूजा की धूम

- श्रद्धालुओं ने लगाए गिरिराज जी के जयकारे

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कादरीगेट कृष्णा नगर कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस पर रविवार को कथा स्थल पर भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कथा व्यास अविचल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का मार्मिक वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि जब ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोड़कर गोवर्धन पर्वत की पूजा की तो इंद्र ने क्रोध में आकर ब्रज पर मूसलाधार बारिश कर दी। तब नन्हें से कन्हैया ने अपनी छोटी उंगली पर विशाल गोवर्धन पर्वत को उठाकर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। जो व्यक्ति अहंकार छोड़कर भगवान की शरण में आ जाता है, भगवान स्वयं उसकी रक्षा करते हैं।



कथा का श्रवण करते भक्तगण

गोवर्धन पूजा के दौरान कथा स्थल पर गोवर्धन पर्वत की भव्य झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग अर्पित किया और बोल गोवर्धन महाराज की जय के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। महिलाओं ने गोवर्धन की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्य रूप से स्वामी ईश्वर दास महाराज का समिति के सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। महाराज ने व्यास पीठ को नमन कर सभी भक्तों को गोवर्धन पूजा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति और गौ माता की सेवा का संदेश देती है। पंचम दिवस की कथा में परीक्षित के रूप में अमर नाथ त्रिवेदी एवं ऊषा त्रिवेदी रहे। उन्होंने व्यास पीठ की पूजा-अर्चना कर कथा श्रवण किया। इस दौरान यजमान दंपत्ति ने सभी श्रद्धालुओं के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर जितेंद्र कुमार मिश्रा, नरेंद्र शुक्ला, सुआलाल मिश्रा, आनंद मिश्रा, वरुण पाण्डेय, सर्वेश दीक्षित, सुमित मिश्रा, जितेंद्र सिंह, प्रदीप मिश्रा, रोहित दीक्षित, प्रेम प्रकाश मिश्रा, आशीष शुक्ला, सत्यम दीक्षित उपस्थित रहे। कथा के उपरांत भव्य आरती हुई और छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया।

तीसरा अंतरराज्यीय ज्ञान कप में फिरोजाबाद लगातार दूसरी बार बना चैंपियन

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

एसएनएम इंटर कॉलेज ग्राउंड पर रविवार को खेले गए तीसरे अंतरराज्यीय ज्ञान कप के खिताबी मुकाबले में किड्स कॉर्नर क्रिकेट क्लब फिरोजाबाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सहारा इलेवन अलीगढ़ को 183 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही फिरोजाबाद ने लगातार दूसरी बार इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया है। मैच की शुरुआत प्रमुख उद्योगपति लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने टॉस कराकर की। टॉस जीतकर फिरोजाबाद के कप्तान सुल्तान अंसारी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। फिरोजाबाद की ओर से रितिक शर्मा ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट में अपना दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने 9 चौकों और 10 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 106 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसकी बदौलत फिरोजाबाद ने निर्धारित ओवरों में 277 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 277 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी सहारा इलेवन अलीगढ़ की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी।

अलीगढ़ को 183 रनों से हराया

बल्लेबाजी में कमाल दिखाने के बाद रितिक शर्मा ने गेंदबाजी में भी कहर बरपाया और 5 विकेट झटककर अलीगढ़ की कमर तोड़ दी। फिरोजाबाद की सटीक गेंदबाजी के सामने अलीगढ़ का कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका और पूरी टीम महज 94 रनों पर ढेर हो गई। शानदार खेल के लिए रितिक शर्मा को मैन ऑफद मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। फाइनल मुकाबले के दौरान दर्शकों ने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ चौकों-छक्कों का भरपूर आनंद उठाया। हालांकि, मैच समाप्त होते ही उत्साहित दर्शक बाउंड्री पर लगी होर्डिंग्स पर टूट पड़े और देखते ही देखते उन्हें उठा ले गए। समापन समारोह में सांसद मुकेश राजपूत, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अमर सिंह खटिक, श्रेयांश अग्रवाल, राजेश अग्निहोत्री, अमरदीप दीक्षित मुख्य रूप से मौजूद रहे। विजेता टीम-किड्स कॉर्नर क्रिकेट क्लब फिरोजाबाद के कप्तान व कोच डॉ0 मयंक भटनागर को ट्रॉफी और 1 लाख रुपये नकद राशि दी गई। उपविजेता टीम सहारा इलेवन अलीगढ़ के कप्तान अमित कुमार को ट्राफी और 51 हजार रुपये नकद राशि दी गई। मैन ऑफद मैच एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रितिक शर्मा फिरोजाबाद को ट्राफी व 21 हजार और 5 हजार रुपये नकद राशि दीग ई। वरिष्ठ खिलाड़ियों ज्योति अग्निहोत्री, शिव शंकर राठौड़, शोएब, मधु खान, महमूद खान को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



खिलाड़ी रितिक शर्मा को ट्राफी देते अतिथि

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर पीडब्ल्यूडी वर्कचार्ज कर्मचारियों ने जताई खुशी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


कर्मचारियों का माल्यार्पण करते प्रमोद कुमार दीक्षित

पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ शाखा-फतेहगढ़ के कर्मचारियों ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में एकत्र होकर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर हर्ष जताया। कर्मचारियों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सोमवार को कर्मचारीगण लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन फतेहगढ़ में एकत्र हुए। कर्मचारियों ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका सिविल संख्या 1458-2020 उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल विभाग अराजपत्रित कर्मचारी संघ एवं अन्य बनाम के संबंध में कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पारित आदेश पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सर्वोच्च न्यायालय, संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों का आभार जताया। कर्मचारियों ने एक-दूसरे को माला पहनाई और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। इस मौके पर रहीस अहमद, राजकर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार, कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, जिला मंत्री अशोक कुमार गंगवार, श्याम मोहन, शिव कुमार, राकेश मिश्रा, अजवेश, रघुराज, विजेन्द्र पाल सिंह, संजीव दुबे, विजय, सुनील और वीर सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

पाण्डवेश्वर नाथ मंदिर में सात दिवसीय कथा ने पाया विराम

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पाण्डवेश्वर नाथ मंदिर सत्संग भवन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का समापन हवन, पूजन, आरती, प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे के साथ श्रद्धा एवं भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ।

अध्यात्म विद्यापीठ नैमिषारण्य तीर्थ सीतापुर से पधारे कथावाचक सम्पूर्णानन्द शास्त्री महाराज ने अपनी मधुर एवं सारगर्भित वाणी से सात दिनों तक भक्तों को भागवत कथा अमृत का रसपान कराया। श्री पाण्डवेश्वर नाथ मंदिर नगर की प्राचीनतम एवं सिद्ध पीठों में से एक है। मान्यता है कि महाभारत काल में पांडवों ने यहाँ भगवान शिव की आराधना की थी, तभी से यह स्थल पाण्डवेश्वर नाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ। सदियों से यहाँ शिव पूजन, सत्संग एवं भागवत कथा की परम्परा चली आ रही है। मंदिर की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी सात दिवसीय कथा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिदिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।


भण्डारे में भाग लेते भक्तगण

समापन दिवस पर विधि-विधान से हवन एवं कथा पूजन किया गया। आयोजन के यजमान किरन मिश्रा एवं राजीव मिश्रा ने परिवार व इष्टमित्रों सहित कथा श्रवण कर आहुति दी। महाआरती, प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुन्नालाल चौरसिया, कमलेश पांडे, हीरालाल वर्मा, जेपी शर्मा, पंडित राजेश शर्मा, पंडित गोपाल शर्मा, पंडित उमेश शर्मा, धर्म नारायण शुक्ला, लाला चौरसिया सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा।

लापरवाही व नियमों की अनदेखी से होते हैं हादसे: प्राचार्य

- जागरूकता रैली निकालकर दिलाई गई सड़क सुरक्षा की शपथ

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा और यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज के रोड सेफ्टी क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली को प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर ट्रांसपोर्ट चौराहा होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान रोड स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां और बैनर लेकर हेलमेट पहनें, सुरक्षित रहें, नशे में वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें जैसे नारों से आमजन को जागरूक किया। प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार सिंह ने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जिन्हें युवाओं की जागरूकता और पहल से रोका जा सकता है। रैली के दौरान बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चला रहे लोगों को रोककर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं और नागरिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



रैली निकालते विद्यार्थी मौजूद विद्यालय स्टाफ

गन्ने के खेतों में लगी भीषण आग, 100 बीघा से अधिक फसल जलकर राख


गन्ने की फसल में लगी आग का दृश्य

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। अमृतपुर थाना क्षेत्र के करनपुर घाट गांव में अज्ञात कारणों से गन्ने के खेतों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और 100 बीघा से अधिक खड़ी गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई। खेतों से आग की ऊंची लपटें और धुआं उठता देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान मौके पर जुट गए। किसानों ने अपने-अपने पंपिंग सेट चलाकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजीव पांडेय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद दमकल विभाग की एक गाड़ी भी मौके पर पहुंची, जिसके कर्मियों ने खेतों में सुलग रही आग पर पानी डालकर उसे पूरी तरह बुझाया। इस अग्निकांड से बालिस्टर, रवींद्र पाठक, अवधेश, सुधा बाजपेई और छंगेलाल समेत कुल 12 किसानों की खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। मामले को लेकर तहसीलदार अभिषेक कुमार ने बताया कि घटना की जांच कराई जाएगी और प्रभावित किसानों को नियमानुसार सहायता प्रदान की जाएगी।

कार्तिक पूर्णिमा पर यातायात को लेकर पुलिस अलर्ट

- फर्रुखाबाद में 24 घंटे भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित
- पड़ोसी जिलों की सीमाओं पर लागू हुआ रूट डायवर्जन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर गंगा घाटों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस ने सख्त इंतजाम किए हैं। सुरक्षा और सुगम यातायात के मद्देनजर जिले में भारी वाहनों के प्रवेश पर 24 घंटे की पूर्ण रोक लगा दी गई है।

यह प्रतिबंध 23 नवंबर की शाम छह बजे से लागू हो गया है, जो 24 नवंबर की शाम छह बजे तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि के दौरान ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डंपर और लोडर जैसे सभी मालवाहक वाहनों को जनपद की सीमाओं और विभिन्न प्रमुख मार्गों पर रोका तथा डायवर्ट किया जाएगा, ताकि स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को जाम या किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कार्तिक पूर्णिमा पर 24 नवंबर को ब्रह्म मुहूर्त यानी सुबह तीन बजे से ही गंगा स्नान, दान और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं के घाटों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। प्रशासन और पुलिस के आकलन के अनुसार, जनपद के प्रमुख घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है। पांचाल घाट पर सबसे अधिक एक लाख से सवा लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई गई है।



ढाईघाट पर यहां 45 से 50 हजार श्रद्धालुओं के गंगा स्नान के लिए आने का अनुमान है। शृंगीरामपुर घाट पर भी 40 से 45 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। यातायात डायवर्जन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कन्नौज, मैनपुरी, एटा, शाहजहांपुर और हरदोई के पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया है। उन्होंने संबंधित जिलों के अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक निर्देश जारी करने और भारी वाहनों को सीमा पर ही रोकने का अनुरोध किया है, जिससे हाईवे और मुख्य मार्गों पर दबाव न बढ़े। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी रूट डायवर्जन प्लान के तहत विभिन्न जनपदों से आने वाले मालवाहक वाहनों के लिए व्यवस्था की गई है।

जिसमें कन्नौज की ओर से आने वाले सभी मालवाहक वाहनों को गुरसहायगंज से ही छिबरामऊ की ओर डायवर्ट किया जाएगा। मैनपुरी के बेवर और एटा के बिराहिमपुर बॉर्डर पर ही फर्रुखाबाद की ओर आने वाले भारी वाहनों को रोक दिया जाएगा। जनपद शाहजहांपुर की तरफ से आने वाले मालवाहक वाहनों को अल्लहगंज और हुल्लापुर में रोका जाएगा। हरदोई की ओर से आने वाले भारी व मालवाहक वाहनों को रूपापुर में रोकने की व्यवस्था की गई है।

एथलीट प्रतियोगिता में बच्चों ने किया जिले का नाम रोशन

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

फिरोजाबाद के शिकोहाबाद स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नवाबगंज क्षेत्र के होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर जिले और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दौड़ की विभिन्न स्पर्धाओं में पहला और तीसरा स्थान हासिल किया। नवाबगंज क्षेत्र के लल्लू सिंह जूनियर हाई स्कूल, मोती नगर बघौना में कक्षा 7 के छात्र अभिषेक कुमार पुत्र अजब सिंह निवासी ग्राम कलौली महबुल्लापुर ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए 400 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अन्य मुकाबलों में भी क्षेत्र के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सुमित कुमार पुत्र राघवेंद्र सिंह निवासी मझना ने 50 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। सूर्यांश पुत्र राजेश कुमार निवासी मझना ने 50 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। खुशबू पुत्री ओमपाल निवासी वेग ने 200 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान पाया। जानवी पुत्री ओमपाल निवासी वेग ने 30 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नितेश कुमार पुत्र प्रमोद कुमार ने 50 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान अपने नाम किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कोच अजय सिंह ठाकुर निवासी कलौली महबुल्लापुर सहित विद्यालय परिवार व क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजेताओं को शुभकामनाएं दी हैं।


प्रमाण पत्र दिखाते विजेता बच्चे

स्टेट टीम ने आयुष्मान आरोग्य सेंटर व स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

सोमवार को लखनऊ से आई स्टेट टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े आयुष्मान आरोग्य सेंटर व स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान टीम ने केंद्रों पर बाल पेंटिंग, स्वास्थ्य उपकरण, अभिलेखों व दी जा रही सेवाओं, जांचों व टीकाकरण की जानकारी ली। विकास खण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जुड़े गांव बबना स्थित आयुष्मान आरोग्य सेंटर पर सोमवार सुबह लखनऊ से आई स्टेट टीम में डॉ0 शिव पूजन अवस्थी व डॉ0 पूनम सिंह स्वास्थ्य कर्मियों के साथ पहुंची। टीम ने सेंटर पर पहुंचकर बाल पेंटिंग, स्वास्थ्य उपकरण व अभिलेखों का अवलोकन किया। इस दौरान सेंटर पर मौजूद सीएचओ जया यादव से प्रसव, टीकाकरण, जांचों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद टीम गांव ज्योना स्थित सेंटर पर पहुंची। यहां टीम ने बाल पेंटिंग, अभिलेखों का अवलोकन किया। मौके पर मौजूद एनएम अवन्तिका से सेंटर पर प्रसव, टीकाकरण व अन्य सुविधाओं की जानकारी लीं।

इसके बाद टीम गांव मई रशीदपुर स्थित सेंटर पर पहुंची। यहां भी टीम ने बाल पेंटिंग, टीकाकरण, जांचों, अभिलेखों का जायजा लिया। इसके बाद स्टेट टीम नगर के मोहल्ला सिरमौरा बांगर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र पर पहुंचीं। यहां टीम ने मौजूद एनएम अल्पना से लोगों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। और सेंटर पर मौजूद उपकरण, अभिलेखों का जायजा लिया। इस दौरान उपकेन्द्र का भवन जर्जर मिला। इसकी रंगाई पुताई व बाल पेंटिंग भी नहीं मिली। इसके बाद टीम गांव बेग पहुंची। यहां टीम ने बाल पेंटिंग, उपकरणों, जांचों आदि का जायजा लिया। इस दौरान अधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा, वीपीएम पीयूष पवन दीक्षित समेत स्वास्थ्य कर्मी रहे।


स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करती टीम

फतेहगढ़ चौराहे के स्ट्रीट वेंडरों के समर्थन में उतरा व्यापार मंडल

- पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने दिया सुरक्षा व सहयोग का भरोसा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

फतेहगढ़ चौराहे पर फुटपाथ के किनारे ठेले और स्टॉल लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले छोटे दुकानदारों एवं स्ट्रीट वेंडरों की समस्याओं के समाधान के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने एक अहम पहल की है। सोमवार को व्यापार मंडल के जिला महामंत्री रविकांत गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडरों और स्थानीय व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल से मुलाकात की और उन्हें अपनी व्यथा सुनाई। स्ट्रीट वेंडरों ने अपनी आजीविका, व्यवसाय के सुरक्षित संचालन और रोजमर्रा के कामकाज में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को विस्तार से पूर्व एमएलसी के समक्ष रखा। जिला महामंत्री रविकांत गुप्ता ने बताया कि फतेहगढ़ चौराहा क्षेत्र में बड़ी संख्या में छोटे दुकानदार और फास्ट फूड वेंडर फुटपाथ के किनारे ठेले व स्टॉल लगाकर मेहनत-मजदूरी से अपना रोजगार चलाते हैं। इन परिवारों की रोजी-रोटी पूरी तरह से इसी व्यवसाय पर निर्भर है, ऐसे में इनके हितों का संरक्षण बेहद आवश्यक है।

व्यापारियों और वेंडरों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनने के बाद पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी छोटे या बड़े व्यापारी का किसी भी स्तर पर अहित नहीं होने दिया जाएगा। प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सभी के हितों की रक्षा की जाएगी। वे सदैव व्यापारी समाज के साथ मजबूती से खड़े हैं और वेंडरों की जायज मांगों व समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में फतेहगढ़ चौराहे के अन्ना पांडे, चंदन ब्रदर्स, दीपक, गोविंद, फैजान, रिंकू, अमित और छोटे सहित दर्जनों स्ट्रीट वेंडरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडरों ने पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन पर संतोष व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया।


जानकारी देते व्यापारी

कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः-881/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2026-27/शमसाबाद — दिनांक 23 नवम्बर, 2026

अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में **"15वां वित्त आयोग"** एवं **"मृख्यमंत्री नगर सृजन योजना"**के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 25/11/2026 से 17/12/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि बेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 17/12/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

क्र0सं0	नगर पंचायत	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	
1	Tender Release	25.11.2026 12:00 बजे	
2	Tender Close Date	17.12.2026 2:00 बजे	

वरिष्ठ लिपिक नगर पंचायत शमसाबाद जनपद फर्रुखाबाद | अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद जनपद फर्रुखाबाद | जोया शाह अध्यक्ष नगर पंचायत शमसाबाद जनपद फर्रुखाबाद

कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः-882/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2026-27/शमसाबाद — दिनांक 23 नवम्बर, 2026

अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में **"पंचम राज्य वित्त आयोग"** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 25/11/2026 से 07/12/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि बेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 07/12/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

क्र0सं0	नगर पंचायत	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	
1	Tender Release	25.11.2026 12:00 बजे	
2	Tender Close Date	07.12.2026 2:00 बजे	

वरिष्ठ लिपिक नगर पंचायत शमसाबाद जनपद फर्रुखाबाद | अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद जनपद फर्रुखाबाद | जोया शाह अध्यक्ष नगर पंचायत शमसाबाद जनपद फर्रुखाबाद

खबरें एक नजर में

कमरे में फंदे से लटका मिला 24 वर्षीय युवक का शव



सुलतानपुर। धनपतगंज थाना क्षेत्र के बिनगी ग्रामसभा के चबौली गांव में रविवार शाम 24 वर्षीय युवक का शव घर के कमरे में छत के पंखे से गमछे के सहारे लटका मिला। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान शुभम पांडेय (24) पुत्र अजय कुमार पांडेय के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, रविवार शाम करीब पांच बजे शुभम कमरे में फंदे से लटका मिला। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।सूचना पर तत्कालीन थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और जांच-पड़ताल की। मृतक के बड़े पिता की तहरीर पर पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शुभम अपने पिता का इकलौता बेटा था। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस के मुताबिक, मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद स्पष्ट होगा।

शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ बाबा सत्यनाथ महोत्सव



कादीपुर सुलतानपुर। देव दीपावली के अवसर पर अघोर पीठ बाबा सत्यनाथ मठ, अल्देमऊ नूरपुर में तीन दिवसीय बाबा सत्यनाथ महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। शाहगंज रोड स्थित रानीपुर कायस्थ के महाकाल अवसान माता शनिदेव मंदिर से विधायक राजेश गौतम, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और पीठाधीश्वर अवधूत उग्र चण्डेश्वर कपाली बाबा ने पूजन-अर्चन कर शोभायात्रा रवाना की। शोभायात्रा में देवी-देवताओं के साथ बाबा सत्यनाथ, बाबा कीनाराम, गुरु नानक, कबीरदास, रविदास, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी की झांकियां निकाली गईं। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा गोमती तट स्थित मठ पहुंची, जहां आरती के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ।पीठाधीश्वर कपाली बाबा ने बताया कि देव दीपावली पर तीन दिवसीय महोत्सव के तहत इस बार गोमती तट पर सवा लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। आयोजन में काजल किन्नर, घनश्याम चौहान, दरगाही निषाद, अजय बहादुर सिंह, संतोष पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

दूबेपुर की नवागत बीईओ ममता सरकार का शिक्षकों ने किया स्वागत

सुलतानपुर। दूबेपुर विकासखंड की नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ममता सरकार का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने स्वागत किया। जिला उपाध्यक्ष एवं प्रांतीय मंत्री रमेश तिवारी के नेतृत्व में शिक्षकों ने बुके और स्मृति चिह्न भेंटकर उनका अभिनंदन किया। हाल ही में जिले में सात खंड शिक्षा अधिकारियों की तैनाती के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने विकासखंडों का प्रभार आवंटित किया था। इसी क्रम में ममता सरकार ने दूबेपुर का कार्यभार ग्रहण किया।इस मौके पर रमेश तिवारी ने शिक्षकों की समस्याओं और लंबित विभागीय कार्यों का समय से निस्तारण कराने का अनुरोध किया। उन्होंने संगठन की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। बीईओ ने शिक्षकों से शिक्षण कार्य के साथ बीएलओ और स्वगणना सहित सभी विभागीय कार्यों को शासन की मंशा के अनुरूप समय से पूरा करने की अपील की। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन भी दिया।इस दौरान फिरोज अहमद, सोहन कुमार, उमेश गुप्ता, मनीष सिंह, राजेश पांडेय सहित शिक्षक और बीआरसी कर्मचारी मौजूद रहे।

पीएम सूर्यघर योजना के लंबित आवेदन सात दिन में निस्तारित करें बैंक: जिलाधिकारी

सुलतानपुर। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने बैंक और विद्युत विभाग के स्तर पर लंबित आवेदनों का सात दिन में निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यूपीनेडा ने बताया कि बैंक स्तर पर 722 आवेदन लंबित हैं। सीडीओ विनय कुमार सिंह ने एलडीएम को निर्देश दिया कि सात दिनों में लंबित आवेदनों की संख्या कम कर जनपद की रैंकिंग में सुधार लाएं। ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में सर्वाधिक आवेदन लंबित पाए गए।वहीं, वेंडर स्तर पर 245 आवेदनों का इंस्टॉलेशन लंबित मिला। सीडीओ ने संबंधित वेंडरों को जल्द सोलर संयंत्र स्थापित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने ग्रामीण क्षेत्रों में मॉडल सोलर विलेज परियोजना को गति देने और अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने पर जोर दिया।

प्री-पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

सुलतानपुर। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान (केएनआईपीएसएस) में शैक्षिक सत्र 2025-26 की प्री-पीएचडी कोर्स वर्क मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रवीण कुमार सिंह की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, संबंधित शोधार्थी 21 से 30 नवंबर तक संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट knipsse&ams.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी और शुल्क रसीद की छायाप्रति 21 नवंबर से एक दिसंबर तक संबंधित विभाग में जमा करना अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा के बाद आवेदन का कोई अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जाएगा। आवेदन में त्रुटि या विलंब की जिम्मेदारी संबंधित शोधार्थी की होगी।संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. आरपी मिश्र ने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों और संकाय प्रभारियों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शोधार्थियों तक सूचना पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वे समय से परीक्षा संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर सकें।

घर से निकले किशोर का जंगल में मिला शव

हलिया (मिर्जापुर)। पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर से निकले 17 वर्षीय किशोर का 11 दिन बाद सोमवार को जंगल में आंवले के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के जयकर खुर्द स्थित डांगरकेरी जंगल में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी। जयकर खुर्द निवासी लखन यादव (17) पुत्र रामनाथ यादव उर्फनत्थू यादव 11 नवंबर को घर से लापता हो गया था। पिता रामनाथ यादव की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, किशोर शाम करीब तीन बजे पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर से चला गया था। परिजनों और रिश्तेदारों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। इसके बाद 13 नवंबर को लालगंज थाने में गुमशुदगी की सूचना दी गई थी। सोमवार को जंगल में भेड़ चराने गए एक चरवाहे की नजर पेड़ से लटकते शव पर पड़ी। उसने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। इसके बाद थानाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।

सड़क हादसे में ट्रक खलासी की मौत



कुंडा-प्रतापगढ़। कालाकांकर ब्लॉक की ग्राम सभा रामपुर गडौली निवासी एक ट्रक खलासी की जनपद फतेहपुर में हुए सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। सोमवार को जब मृतक का शव गांव पहुंचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम पसर गया। इस हृदयविदारक घटना से चार मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है। जानकारी के अनुसार, रामपुर गडौली निवासी स्व. केश लाल के पुत्र राम बहादुर सोनकर (खलासी) बीते 21 नवंबर 2026 की रात करीब 9 से 10 बजे के बीच जनपद फतेहपुर में अपने ट्रक का टायर चेक कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राम बहादुर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक राम बहादुर अपने पीछे पत्नी सरला देवी और चार बच्चोंकूबड़ी बेटी अंतिमा (20), बेटा रोशन (17), बेटी सविता (13) और सबसे छोटे बेटे इंद्रजीत (9) को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य के चले जाने से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

सड़क निर्माण के विरोध पर फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कोठियार गांव में सड़क निर्माण का विरोध करने पर हुई फायरिंग और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जावेद अख्तर (45) और हुशाम खान (36) के रूप में हुई है। दोनों सदर बाजार, कोतवाली नगर, प्रतापगढ़ के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 22 नवंबर को गांव के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि मानकविहीन सड़क निर्माण का विरोध करने पर जावेद अख्तर ने उसे फोन कर मौके पर बुलाया। वहां निर्माण कार्य में दखल न देने की धमकी देकर गाली-गलौज की गई और रिवॉल्वर या पिस्टल से फायरिंग की गई। फायरिंग से मौके पर भगदड़ मच गई और पीड़ित ने जान बचाकर भागने का प्रयास किया। आरोप है कि आरोपी काले रंग की थार गाड़ी से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

दरियापुर लेबर अड्डा बनेगा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान का स्थायी केंद्र

- दो माह में सुविधाएं विकसित करने का लक्ष्य, 45 दिनों में शुरू होगी कैंटीन

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।



जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को दरियापुर स्थित लेबर अड्डे का निरीक्षण कर श्रमिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि लेबर अड्डे को श्रमिकों की समस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का स्थायी केंद्र बनाया जाएगा। यहां सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक विभिन्न विभागों की टीमें मौजूद रहेंगी। श्रमिकों को स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, सरकारी योजनाओं, मतदाता सूची पुनरीक्षण और जनगणना-2027 से जुड़ी सहायता एक ही स्थान पर मिलेगी, ताकि उन्हें काम छोड़कर सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।डीएम ने बताया कि शौचालय निर्माण की स्वीकृति दे दी गई है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से 45 दिनों में कैंटीन शुरू कराने की तैयारी है। श्रमिकों के लिए स्थायी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव भी भेजा गया है। उन्होंने पेयजल, छाया, बैठने, विश्राम, स्वच्छता और प्रकाश की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अगले दो माह में केंद्र को व्यवस्थित और स्थायी स्वरूप देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पुलिस झंडा दिवस पर एसपी ने फहराया ध्वज, जवानों को लगाया पुलिस कलर



सुलतानपुर। पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस ध्वज फहराकर सम्मान प्रकट किया। इस दौरान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश का संदेश पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पढ़कर सुनाया गया। एसपी ने सभी को पुलिस कलर (ध्वज का प्रतीकात्मक बैज) लगाया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को निष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया।उल्लेखनीय है कि 23 नवंबर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उत्कृष्ट कार्यकुशलता, साहस और समर्पित सेवाओं के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर प्रदान किया था। यह सम्मान पाने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य पुलिस बल बना था। पुलिस ध्वज के लाल और नीले रंग शक्ति, निष्ठा और गौरवशाली परंपरा के प्रतीक हैं।

निजी खर्च से लंभुआ बार परिसर में बनेगा वातानुकूलित सभागार

- डॉ. आशीष तिवारी ने कराया भूमि पूजन अधिवक्ताओं ने की पहल की सराहना

समृद्धि न्यूज, लंभुआ (सुलतानपुर)।



तहसील बार एसोसिएशन परिसर में डॉ. आशीष तिवारी के निजी खर्च से भव्य वातानुकूलित सभागार और सीढ़ी का निर्माण कराया जाएगा। सोमवार को विधि-विधान से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। अधिवक्ताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अधिवक्ता समुदाय की सुविधाओं और सम्मान से जुड़ा कदम बताया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान सांसद एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक इंजीनियर प्रवीण निषाद ने कहा कि डॉ. आशीष तिवारी जो वादा करते हैं, उसे पूरा करके दिखाते हैं। उन्होंने धोपाप धाम में राम और निषादराज की प्रतिमाओं के निर्माण से जुड़े उनके प्रयासों का भी उल्लेख किया।समारोह में अधिवक्ता साधु सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव में डॉ. आशीष तिवारी को जिले की पांचों विधानसभा सीटों में से किसी से भी टिकट देने की मांग उठाई। उन्होंने अधिवक्ता समुदाय की ओर से सहयोग का भरोसा भी दिया।इस मौके पर विधायक सीताराम वर्मा, डॉ. अमित निषाद, ब्लॉक प्रमुख श्रवण मिश्रा, गुड्डू उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अनियंत्रित ट्रक और हाइवा ने आगे चल रहे वाहनों में मारी टक्कर, एक चालक घायल

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी में दो अलग-अलग जगहों पर अनियंत्रित ट्रक और हाइवा ने आगे चल रहे वाहनों में टक्कर मार दी। घटना में प्याज लदे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं अन्य वाहनों के चालक बाल बाल बच गए। रविवार की देर रात मध्यप्रदेश के पिपराही से भस्सी लादकर वाराणसी जा रहा हाइवा जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान से दो सौ मीटर पहले पहुंचा तो अनियंत्रित होकर आगे चल रहे मक्का लदे ट्रक में जा टकराया। संयोग था कि हादसे में दोनों वाहनों के चालक बाल बाल बच गए। वहीं घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं सोमवार सुबह नौ बजे के करीब मध्यप्रदेश से प्याज लादकर वाराणसी जा रहा ट्रक जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के जालिम मोड़ पर पहुंचा तो अचानक ब्रेक फेल हो गया।ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे बोलेरो वाहन को बगल से टक्कर मार दी। संयोग था कि बोलेरो में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक आगे चल रहे केला लदे डीसीएम में पीछे से टक्कर मारते हुए डिवाइडर से जा भिड़ा। हादसे में मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के गंजबसौदा निवासी 24 वर्षीय ट्रक चालक आकाश श्रीवास्तव घायल हो गए।ट्रक चालक के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार ने घायल चालक को उपचार हेतु एंबुलेंस से अस्पताल भेजवाया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि हादसे में प्याज लदे ट्रक चालक को चोटें आई हैं उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाएं अधिकारी: डीएम

सुलतानपुर। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में पात्र नागरिकों को चिह्नित कर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराना सुनिश्चित करें। कोई भी पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित नहीं रहना चाहिए। डीएम ने मतदाता सूची में महिला मतदाताओं के अनुपात में सुधार और जनसंख्या के सापेक्ष मतदाता अनुपात (ईपी रेशियो) 64 प्रतिशत से अधिक करने के निर्देश दिए। साथ ही 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का पंजीकरण कराने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा।उन्होंने अधिकारियों को मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रैंप, पेयजल, शौचालय, बिजली, शेड, फर्नीचर, पहुंच मार्ग और बाउंड्रीवाल की स्थिति जांचने के निर्देश दिए। कमियां मिलने पर संबंधित विभागों से शीघ्र दूर कराने और निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करने को कहा।

69वीं जनपदीय स्काउट एवं गाइड रैली, विधायक रहीं मुख्य अतिथि



हलिया (मिर्जापुर)। उत्तर माध्यमिक विद्यालय, दिघुली में 69वीं जनपदीय स्काउट एवं गाइड रैली का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छानबे विधायक रिंकी कोल की गरिमामयी उपस्थिति रही।विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य एवं अपना दल एस छात्र मंच, उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव दिलीप सिंह पटेल सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर दिलीप सिंह पटेल ने कहा कि स्काउट एवं गाइड का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, सेवा, सहयोग, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना है। ऐसे आयोजन युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के स्काउट-गाइड छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।आयोजन के लिए विद्यालय परिवार एवं आयोजक मंडल को बधाई दी गई।

महोत्सव के दूसरे दिन पहुंचे जल शक्ति मंत्री, दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, चुनार, मिर्जापुर।



नयनागढ़ महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री के आगमन पर महोत्सव पंडाल में उत्साह का माहौल बन गया। समिति द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान दण्डी स्वामी द्वारा जल शक्ति मंत्री का जीवन परिचय सुनाया गया। अपने संबोधन के दौरान मंत्री ने नयनागढ़ महोत्सव समिति द्वारा आयोजित महोत्सव की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक मंच विरासत को संजोकर रखने का काम करते हैं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और इतिहास से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने समिति के प्रयासों को सराहनीय बताया। महोत्सव में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। नगर की वैशाली चतुर्वेदी ने कथक नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति पर श्रोता झूमने व तालियां बजाने पर मजबूर हो गए।वहीं जेएस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अखिलेश सिंह के नेतृत्व में बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसी के साथ ही अन्य संस्थानों व स्कूलों से आए बच्चों ने भी प्रस्तुति देकर महोत्सव में चार चांद लगा दिया। लोक नृत्य, देशभक्ति गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई।

इस दौरान समिति के संरक्षक मेजर कृपाशंकर सिंह, संस्थापक इं. सभाजीत सिंह, अध्यक्ष दिनेश सिंह पटेल, अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड सौरभ पुजारी,चंद्रहास गुप्ता,सुजीत यादव, विकास कश्यप,रविन्द्र सिंह,अभिलाष राय,मनीष राय,सचिव अफ्सर अली, सुभाष ओझा, पवन सेठ , धर्मेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे। संचालन सुरेंद्र सिंह ने किया।।

जल शक्ति मंत्री ने किया नयनागढ़ महोत्सव पुस्तक का विमोचन, नमामि गंगे कार्यक्रम का किया अवलोकन

समृद्धि न्यूज, चुनार (मिर्जापुर)।



नयनागढ़ महोत्सव के मंच पर सोमवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नयनागढ़ महोत्सव पुस्तक का विमोचन किया। मंत्री ने पुस्तक का विमोचन कर महोत्सव समिति के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान मंच पर दण्डी स्वामी, समिति के संरक्षक मेजर कृपाशंकर सिंह, संस्थापक इंजीनियर सभाजीत सिंह, अध्यक्ष दिनेश सिंह पटेल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक साथ पुस्तक को हाथों में उठाकर विमोचन किया। मंच पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर इस क्षण का स्वागत किया। पुस्तक में नयनागढ़ के इतिहास, बाबा भर्तृहरि नाथ नगरी की महिमा, मां गंगा की पावनता तथा महोत्सव की परंपरा का विस्तार से उल्लेख किया गया है। मंत्री ने कहा कि यह पुस्तक आने वाली पीढ़ी के लिए नयनागढ़ की विरासत को संजोकर रखने का काम करेगी।इसके बाद जल शक्ति मंत्री ने महोत्सव परिसर में लगे नमामि गंगे कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने स्टॉलों पर पहुंचकर गंगा स्वच्छता, जल संरक्षण व गंगा घाटों के विकास से जुड़ी जानकारियों को देखा। अधिकारियों से उन्होंने नमामि गंगे के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली।मंत्री ने कहा कि मां गंगा हमारी आस्था और जीवन का आधार हैं। गंगा को निर्मल व अविरल बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से गंगा में प्लास्टिक व कचरा न डालने की अपील की।कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोग, श्रद्धालु व स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर रेंजर आनंद शेखर उपाध्याय,किस्मत क्षत्रिया, सुभाष ओझा सहित गंगा वॉरियर्स व स्कूलों के छात्र छात्राएं मौजूद रही।

लोकबंधु राज नारायण की सपा कार्यालय पर मनी जयंती

- लोकबंधु ने हमेशा ही लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि माना: अशोक यादव

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।



लोकबंधु राज नारायन की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे कार्यकर्ताओं ने नमन किया। गोष्ठी में लोकबंधु के जीवन पर प्रकाश डाला गया और उनकी विचारधारा पर चलने का संकल्प लिया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि लोकबंधु समाजवादी विचारधारा के पुरोधा थे। कुलीन परिवार में जन्म लेने के बाद भी गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित रहे। लोकबंधु राजनारायन ने काशी नरेश का उत्तराधिकारी बनने से इंकार कर दिया था। उनके लिए जनता का हित हमेशा सर्वोपरि रहा। लोकबंधु हमेशा गरीबों के हितों के लिए संघर्षरत रहे।समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि लोकबंधु राजनारायण भारत के एक ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनाव हराया था। वे 1977 से 1979 तक भारत के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में रहे। लोकबंधु ने हमेशा ही लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि माना। वह हमेशा ही समाजवाद विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करते रहे। जयंती व गोष्ठी कार्यक्रम में गुलाब चन्द यादव , सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, दामोदर प्रसाद मौर्या, झल्लू यादव, अभय यादव, बन्दना गुप्ता, प्रिंस राव, रामराज यादव, मेवालाल प्रजापति, दीनानाथ प्रजापति, अनीस खान, अयूब अली आदि ने भी अपने विचार रखे।

न्यायिक आदेशों से नाराज प्रतापगढ़ के अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार, कोर्ट स्थानांतरण पर जताया विरोध

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।



जिला जज के कथित प्रशासनिक आदेशों और न्यायालयों के स्थानांतरण के विरोध में सोमवार को जनपद के अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। जूनियर बार एसोसिएशन के पुरातन कार्यालय में आयोजित एक आपात बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया, जिससे दिनभर अदालतों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि बार को विश्वास में लिए बिना और अधिवक्ताओं की राय जाने बगैर लगातार एकतरफा निर्णय लिए जा रहे हैं। अधिवक्ताओं ने मुख्य रूप से लालगंज में आउटलाइन कोर्ट खोलने और पांच थानों की पत्रावलियां वहां हस्तांतरित किए जाने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया। इसके अतिरिक्त, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय को दीवानी न्यायालय परिसर से बाहर ले जाने तथा एमएसीटी कोर्ट को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया का भी तीव्र विरोध किया गया। अधिवक्ता नेताओं का कहना है कि अदालतों को अलग-अलग स्थानों पर बिखेरने से न केवल वकीलों को कामकाज में कठिनाई होगी, बल्कि दूर-दराज से न्याय की उम्मीद लेकर आने वाले वादकारियों को भी अनावश्यक आर्थिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिवक्ता और वादकारी हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अतः संबंधित आदेशों पर तत्काल पुनर्विचार किया जाए। इस विरोध बैठक में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह, महामंत्री योगेश सिंह, वकील परिषद के अध्यक्ष इंदुभान मिश्र, मंत्री आशीष पांडेय और जूनियर बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शांति भूषण त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। साथ ही आशीष श्रीवास्तव, वीर विक्रम सिंह, सतीश तिवारी, संपूर्णानंद पांडेय, हरिशंकर पुरी, अनिल कुमार पांडेय, प्रवीण तिवारी, पुष्पराज सिंह, रिजवान हुसैन और राजदेव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

छोटी काशी डलमऊ के महाकुंभ प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं स्नान पर्व की हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं



पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि जी महाराज

बड़ा मठ डलमऊ



स्वामी दिव्यानंद जी महाराज बड़ा मठ डलमऊ

(सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ रायबरेली)